

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 312 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 30 अगस्त 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपए कटौती,

## पीएम मोदी बोले- 'मेरी बहनों का जीवन और भी होगा आसान'

नई दिल्ली. केंद्र सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान करते हुए घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम कर दी है. इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व ट्विटर) पर अपनी बात रखते हुए कहा कि सिलेंडर की कीमत कम होने से मेरी बहनों

### सरकार के इस फैसले करोड़ों उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी

अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह रक्षा बंधन के अवसर पर देश की महिलाओं के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से एक उपहार है. इस फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो का एलपीजी सिलेंडर की लागत बुधवार से 903 रुपए होगी, जो अभी 1,103 रुपए है. उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एलपीजी सिलेंडर अब 703 रुपए में मिलेगा. उन्होंने बताया कि सरकार के इस फैसले से 33 करोड़ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी.

का जीवन और भी आसान होगा, बहनों को सहूलियत होगी. रक्षाबंधन के पर्व से पहले केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कटौती करने की घोषणा कर दी है.

पीएम मोदी ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है. गैस की कीमतों में



कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा. मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है.

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख नए गैस कनेक्शन

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में सभी लोगों के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने का निर्णय किया गया. 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत 75 लाख नए गैस कनेक्शन दिए जाएंगे. इससे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी. इसके लाभार्थियों को पहले से ही 200 रुपये की सब्सिडी मिल रही है, लेकिन रेट कम होने से उन्हें भी फायदा होगा. यानी 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के लाभार्थियों को अब कुल 400 रुपये प्रति सिलेंडर की बचत होगी.

# अमेरिकी राष्ट्रपति का होगा भारत में चालान !

## G20 में क्या अपनी कार लाकर फसेंगे बाइडेन ?

नई दिल्ली. भारत में होने वाली जी-20 समिट के आयोजन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. इसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और उनके साथ अन्य कई हस्तियां शामिल होने आ रही हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति जो

### क्या जो बाइडन की कार पर फसेगा कानूनी पेंच?

इसी कार को लेकर अब सवाल उठ रहा है कि क्या जो बाइडन की कार को भारत में चलाना गैर-कानूनी नहीं होगा? हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लेफ्ट हैंडेड कार चलाना गैर कानूनी है. भारत के मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, देश में कोई भी व्यक्ति लेफ्ट हैंड ड्राइव कार खरीद ही नहीं सकता है. इस तरह की कार का रजिस्ट्रेशन ही नहीं करवाया जा सकता है. इसके साथ ही भारत में इस तरह की कारों को पब्लिक प्लेस में चलाया भी नहीं जा सकता है.

बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इसमें शामिल होंगे, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की सुरक्षा सबसे अलग और बेहद कड़ी होती है. अमेरिका के राष्ट्रपति की सु-रक्षा का जिम्मा उनकी पर्सनल सिक्योरिटी



ही संभालती है. उनके सुरक्षा घेरे में सबसे खास उनकी कार होती है जो भारत में पहले ही आ जाएगी, यह लेफ्ट हैंड कार है जो भारतीय ट्रैफिक कानून से मैच नहीं करती हैं.

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जब भी भारत आते हैं तो अपने साथ अपनी कार, प्लेन, सिक्योरिटी गाड्र्स लेकर आते हैं. यही उनके खास सुरक्षा घेरे में शामिल होते हैं. जी-20 समिट में शामिल होने के लिए जब बाइडेन आएंगे तो अपने साथ अपनी कार भी भारत लेकर आएंगे, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की जो कार है, वह लेफ्ट हैंडेड है, जबकि भारत में सभी कारें राइड हैंडेड हैं.

### लेफ्ट साइड स्टीयरिंग वाली कार को कैसे मिलती है अनुमति?

रिपोर्ट के अनुसार, मोटर वाहन अधिनियम 1939 की धारा 180 में कहा गया है, ह्यकोई भी व्यक्ति लेफ्ट हैंड स्टीयरिंग से कंट्रोल होने वाली किसी भी मोटर वाहन को किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नहीं चलाएगा या चलाने की अनुमति नहीं देगा. हालांकि, इसमें कुछ शर्तें भी दी गई हैं, जिनमें कार चलाने की अनुमति है. ऐसा ही जो बाइडन की कार बीस्ट के लिए है. जब भी अमेरिका का कोई राष्ट्रपति भारत आता है तो उन्हें लेफ्ट हैंड कार चलाने की इजाजत दी जाती है. अभी भारत में भी कुछ लोगों के पास लेफ्ट साइड स्टीयरिंग वाली कार हैं, जिन्हें खास अवसरों पर प्रदर्शन के लिए रखा जाता है.

## इजराइल–लीबिया सीक्रेट मीटिंग, राज खुला तो मचा बवाल, विदेश मंत्री देश छोड़ भागीं

नई दिल्ली. इजराइल के लीबिया सरकार के साथ पर्दे के पीछे चल रही बातचीत सार्वजनिक होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है. बातचीत को सार्वजनिक करने के बाद लीबिया की सरकार संकट में आ गई है. दुश्मन समझे जाने वाले इजरायल और लीबिया के विदेश मंत्रियों की गुप्त बैठक के बाद र-विवार को इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने एक बयान में कह दिया कि उन्होंने बीते हफ्ते अपने लीबियाई समकक्ष नजला अल-मंगौश से गुप्त रूप से मुलाकात की है. इसके बाद लीबिया में इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए. विरोध इतना बढ़ा कि लीबिया की सरकार ने अपनी विदेश मंत्री को बर्खास्त कर दिया. वह देश छोड़ भाग गईं. इसराइल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर लीबिया के साथ 'ऐतिहासिक' मुलाकात की जानकारी देते हुए इसे इसराइल और लीबिया के बीच 'संबंधों को स्थापित करने की दिशा में पहला कदम' बताया था. विदेश मंत्री एली कोहेन ने एक प्रेस नोट में बताया था कि इसराइल और लीबिया के विदेश मंत्रियों के बीच रोम में मुलाकात हुई है. इसी के बाद बवाल मचना शुरू हो गया.

## वाह रे बिहार ! गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !! कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

# लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य ब्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!

**दैनिक समाज जागरण,**
**अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरो चीफ**
**बिहार –झारखंड प्रदेश।**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक ! बिहार -सरकार एवं इनके इर्द-गिर्द घूम रहे बिहार के तमाम प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अलाधिकारियों को हैरान करने वाला है! अगर यह कहां जाए कि "पुलिस-अपराधी -बिचौलिया- माफिया गठजोड़ के तहत " पंचायत स-रकार एवं पंचायती राज व्यवस्था की संबंधित पदाधिकारियों द्वारा पंचायत मद का करोड़ो रुपए स-रेआम लूटा गया है और आज भी निर्वाधगति से पंचायत मद की राशि का लूट जारी है तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सरकारी संपदा एवं वन संपदा की लूट निर्वाधगति से जारी है। फलस्वरूप बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना क्षेत्र में आपराधिक ढांचे दिन-प्रतिदिन मजबूत होते जा रहे हैं ,तो इसमें किसी तरह की कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

बताते चले की एससी एसटी एक्ट एवं महिला के साथ छेड़खानी जैसे मिथ्या आरोप में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पंचायत मद की करोड़ों -करोड़ों रुपए की लूट की गई है और निर्वाधगति से लूट आज भी जारी हैं! और पंचायती राज व्यवस्था की स-रकार तथा संबंधित पदाधिकारी करोड़ों की लूट मचा रखे है , जिसका ज्वलंत उदाहरण अम्बा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परता




व अन्य पंचायत में योजना स्थल हैं तथा आरोपितों के बचाव में अम्बा थाना के पदेन थाना अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों , बु-द्धिजीवियों , पंचायत की जनता पर एससी एसटी एक्ट तथा महिला के साथ झेड़खानी जैसे मिथ्या आरोप में अम्बा थाना में दर्ज अनेको मुकदमा है।

अम्बा थाना के पदेन थाना अध्यक्ष के काली करतूतों पर एक नजर डाला जाए तो यह स्पष्ट है की अम्बा थाना क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार एवं एससी एसटी एक्ट परिवार के साथ होने वाले जुल्म की प्राथमिक अम्बा थाना में दर्ज नहीं किया जाता है और अम्बा थाना के पदेन थाना अध्यक्ष द्वारा स-रेआम पीड़ितों को कहा जाता है कि एससी एसटी परिवार के लिए एससी एसटी थाना बना हुआ है और महिला के लिए महिला थाना बना हुआ है

सबसे आश्चर्य एवं दिलचस्प की बात तो यह है कि जब किसी माफिया गिरोह द्वारा महिलाओं एवं एससी एसटी परिवार से बुद्धजीवियों, समाज सेवियों, पत्र-।कार तथा जनता पर जब आरोप लगवाया जाता है तो अम्बा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया जाता है और प्राथमिक की आड़ में पदेन थानाध्यक्ष तथा केस के आ-ईओ द्वारा बुद्धजीवियों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों को अनेकों तरह से प्रताड़ित किया जाता है और लुटेरों की पक्ष में पर्वेक्षण करता खडे रहते है।

असामाजिक तत्वों, क्षेत्रीय अपराध कर्मियों तथा माफिया गिरोह के बचाव पक्ष में अम्बा थाना के पदेन थानाध्यक्ष एवं केस के आईओ की बात नहीं मानने पर ,जिस मुकदमे में एक भी गवाह नहीं है ! वहां अनेको गवाह के नाम को केस डायरी में लिखकर , झूठे मुकदमे को भी सत्य करार दे दिया जाता है । अंतत पत्रकार, समाजसवी ,बु-द्धिजीवी को जेल जाना पड़ता है ! बाद में उन्हें न्यायालय से राहत मिलती है जो बिहार प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

उपरोक्त उल्लेखित तथ्यों को जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सभी औरंगाबाद बिहार के व्हाट्सएप पर प्रेषित कर मनतब्य अथवा प्रतिक्रिया की माँग किया गया है किन्तू समाचार लिखे जाने तक जबाब अप्राप्त है।


**शेष अगले अंक ....**


## पक्षी और प्रकृति संरक्षण की दिशा में प्राथमिक बच्चों की सराहनीय पहल

**-बच्चों ने पक्षियों के लिए बनाया उनका घर (घोसला) ताकि समाज हो जागरूक**

**-राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापिका प्रतिमा उपाध्याय की प्रेरणा कर रही कमाल**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,**
**समाज जागरण**

बलिया : शिक्षा को मिशन की जगह प्रोफेशन के रुप में प्रयोग कर रहे निजी स्कूल प्रबंधन बच्चों को बेहतर बनाने के प्रयास को कर तो कम रहे हैं पर उसका प्रदर्शन अधिक कर रहे हैं। मगर शिक्षा को मिशन मानकर आज भी चल रहे सरकारी स्कूलों में ऐसा प्रयास कुछ बेहतरीन संदेश




देता है। नगर में स्थित शिक्षा क्षेत्र दुबहड़ के प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली में बच्चों ने सोमवार को समाज के लिए एक बहुत ही बेहतरीन संदेश दिया। बच्चों ने पक्षियों और प्रकृति की रक्षा के लिए उनका घोसला (घर) का निर्माण किया। बच्चों के घोसला निर्माण को देख सभी मंत्र मुग्ध हो गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राज्यपाल पु-रस्कार प्राप्त शिक्षिका प्रतिमा उपाध्याय पीहू ने बच्चों को प्रेरणा तथा संरक्षण और सहयोग किया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की सोच और श्रम को देख सभी ने उनको धन्यवाद दिया। बच्चों के निर्मित घोसला से जहां समाज को प्रकृति संरक्षण का एक बेहतर संदेश मिले।

# बिहार में रक्षाबंधन का अवकाश 31 को, पटना में फ्री में बस की यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

पटना. रक्षाबंधन के दिन बिहार की राजधानी पटना में महिलाएं बस में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी. महिलाए और छात्राओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा कराना का ऐलान बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने किया है. बिहार में 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन की छुट्टी है ऐसे में पटना में महिलाओं को इस दिन ये सुविधा मिलेगी.

पटना से खुलने वाली लगभग सभी मार्गों के बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी. बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के जो घोषणा की है उसके मुताबिक पटना में मार्ग संख्या 111, 111अ, 222, 444, 555, 888, 888अ, 999, 100, 200 पर महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकेंगी, साथ ही बस में मुफ्त में यात्रा कर सकेंगी. पटना में पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से खुलने वाली बसों में भी ये सुविधा मिलेगी. सुबह 7 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक महिलाएं इस निःशुल्क यात्रा का लाभ ले सकेंगी। पटना के गांधी मैदान स्थित बांकीपुर बस स्टैंड, पाटलिपुत्र बस स्टैंड या फिर रास्ते में कही से भी कोई महिला या छात्रा सफर




करती है तो सभी को यह सुविधा मिलेगी.

### भाइयों को राखी बांधने में ना हो मुश्किल इसलिए लिया फैसला

रक्षा बंधन के दिन बसों में महिलाओं और छात्राओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा के पीछे मुख्य उद्देश्य यह है कि बहन भाइयों को राखी बांधने के लिए पटना से कहीं भी जाना चाहें, वहां जाने में मुश्किल ना हो इसलिए फैसला लिया गया. परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने पहली बार रक्षा बंधन के दिन महिलाओं के लिए बसों में निःशुल्क यात्रा करने का फैसला लिया था.

# नोएडा स्मार्ट सिटी: वेंडर सड़क पर और वेंडिंग जोन खाली, कहाँ गए 5 हजार वेंडर

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा प्राधिकरण और नोएडा मे ठेली पटरी पर काम करने वालों की आये दिन तू-तू मै-मै कोई नयी बात नही है। जहाँ नोएडा प्राधिकरण वेंडर के लिए हर सुविधा मुहैया कराने की दावा करती है वही वेंडर प्राधिकरण पर शोषण का आरोप लगाते हुए प्रदेश के मुखिया तक शिकायत लेकर पहुँच रहे है। बड़ी संख्या मे वेंडर अपनी मांग को लेकर माननीय उच्च न्यायालय की शरण मे भी गए है। इसको लेकर माननीय न्यायालय ने एक ग्रिवेंस कमेटी का गठन कर मामले मे त्वरित एक्शन लेते हुए जबाब देने के लिए भी आदेश पारित किया हुआ है। नोएडा प्राधिकरण दावा करती है कि अभी तक 129 वेंडिंग जोन का निर्माण करवाया गया है और उसमे वेंडर को शिफ्ट भी



करवाया गया है। लेकिन वेंडर का शिकायत है कि उसे अभी तक वेंडिंग जोन बनाकर नही दिया गया है ।प्राधिकरण ने लगभग 5 हजार वेंडर को अभी तक ला-इसेंस दिया हुआ है। इसके बावजूद भी बहुत सारे वेंडिंग जोन खाली है।

अब सवाल उठता है कि अगर वेंडिंग जोन बनाये गए है तो वेंडर सड़क पर क्यों है ? अगर वेंडर को जगह नही मिला है तो आखिर वेंडिंग जोन खाली क्यो है ? नोएडा सेक्टर 104 वेंडिंग जोन संख्या 3 जहाँ पर 20 वेंडर का लिस्ट लगाया गया है लेकिन वहाँ पर मात्र एक दुकान है बांकि के 20 वेंडर कहाँ। अगर यहाँ पर वेंडर नही था तो लिस्ट किसका लगाया गया है ? क्या यह लोग वेंडिंग जोन मे जगह मिलने के बाद भी सड़क पर या किसी गली के कोने पर दुकान लगा रहे है ? अगर ऐसा है तो इसके लिए जिम्मेदार सर्किल आफिसर और सुपरवाइजर पर कार्यवाही क्यो नही की जा रही है ?

ऐसे एक हिंदी फिल्म की गीत है न ह्लजाने कहाँ मेरा जिगर गया जी, अभी अभी यहीं था किधर गया जीह्व इसी गाने को चरितार्थ करने मे लगे है स्मार्ट सिटी के वेंडर और प्राधिकरण के जिम्मेदार आफिसर। हॉल ही मे ग्रेटर नोएडा के कई सड़क तथा सोसायटीय मे अतिक्रमण अभियान हटाने के बाद उम्मीद है की नोएडा प्राधिकरण के नये सीओ भी स्मार्ट सिटी नोएडा को स्मार्ट बनाने के लिए कुछ कदम उठायेंगे और पैसे लेकर अतिक्रमण कराने के माहिर जिम्मेदारों पर कार्यवाही करेंगे। प्राधिकरण के टवीटर हैण्डल का तो जबाब ही नही है। कोई भी अतिक्रमण के मामले की शिकायत कीजिए जबाब ही नही मिलेगा। मिलेगा भी कैसे साहब का हुक्म जो है।

# क्या भ्रष्टाचार की शिकायत वापिस होनी चाहिए?

उत्तर प्रदेश के पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के खिलाफ की गई भ्रष्टाचार की शिकायत को उनके पति आलोक मौर्य ने वापस ले लिया है। सोमवार को कमिश्नर और जांच अधिकारी को पत्र देकर उन्होंने अपनी शिकायत वापस लेने का प्रार्थना पत्र दिया है।प्रश्न यह है कि क्या भ्रष्टाचार की शिकायत वापस ली जा सकती है। शिकायतकर्ता ज्योति मौर्य के पति ने मंडलायुक्त को शिकायत वापस लेने के लिए भले ही प्रार्थना पत्र दे दिया हो , किंतु शिकायत बहुत गंभीर प्रवृति की है।इसकी जांच तो होनी ही चाहिए । बल्कि आयकर विभाग से भी इस शिकायत की जांच कराई जानी चाहिए।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में सफाई कर्मी के पद पर तैनात आलोक मौर्य ने अपनी एसडीएम पत्नी ज्योति मौर्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उसने अपनी पत्नी ज्योति मोर्या की उस कथित डायरी के 32 पन्नों के फोटोग्राफ भी शिकायत के समर्थन में पेश किया था ,जिसमें लाखों रुपये के लेनदेन का लेखाजोखा था। बताया जा रहा था कि डायरी में लाखों के लेनदेन का ब्यौरा दर्ज है।

शासन ने मामले की जांच के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जांच कमेटी ने आठ अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान आलोक से सबूत मांगे थे। आलोक ने 20 दिन का समय मांगा था। पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या उस दिन जांच कमेटी के सामने पेश नहीं हुईं ।

ज्योति मौर्या केस में आठ अगस्त को सुनवाई पर आए आलोक ने कहा था, "मैंने ज्योति पर जो भी आरोप लगाए हैं। मुझे उन्हें साबित करने के लिए समय दिया जाए।" कमेटी ने बात सुनने के बाद कहा था, "आपके पास 20 दिन का समय है। इतने समय में आपने जो भी आरोप लगाए हैं। उनका सबूत पेश करें। इसके बाद जांच कमेटी ने 28 अगस्त को फिर से पेश होने का आदेश दिया था।"

जांच समिति ने आलोक को सोमवार 28 अगस्त को आरोप के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाया था। सोमवार को जांच अधिकारी के समक्ष पहुंचे आलोक मौर्य ने कहा कि भ्रष्टाचार का आरोप उसने ही अपनी पत्नी पर लगाया था और इसकी जांच की मांग की थी, लेकिन अब वह अपनी शिकायत को वापस ले रहा है। इसके लिए उसने प्रार्थना पत्र भी दिया है। ज्ञात्वय है आलोक मौर्य की शिकायत पर शासन के आदेश पर कमिश्नर विजय विश्वास पंत की देखरेख में तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर रही थी।

आलोक मौर्य और ज्योति मौर्य की शादी 2010 में हुई थी। 2009 में आलोक का चयन पंचायती राज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हुआ था। इसके बाद उन्होंने ज्योति की पढ़ाई करवाई। साल 2015 में ज्योति का चयन एसडीएम पद पर हो गया। लोक सेवा आयोग से महिलाओं में ज्योति की तीसरी रैंक और ऑल ओवर 16वीं रैंक थी। सभी बहुत खुश थे। 2015 में जुड़वां बच्चियां हुईं।

पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के पति आलोक ने शासन को शिकायती पत्र भेजकर ज्योति पर हर माह पांच से छह लाख रुपये वसूली का आरोप लगाया था। आलोक ने अपनी शिकायत के समर्थन में डायरी के पन्नों की छाया प्रति भी लगाई थी, जिसमें लेन-देन का पूरा हिसाब लिखा जाता था। शिकायत मिलने के बाद शासन ने कमिश्नर विजय विश्वास पंत को जांच सौंपी थी। कमिश्नर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई । इसमें अपर आयुक्त प्रशासन अमृतलाल और दो अन्य सदस्य शामिल हैं।

लिखित शिकायत और डायरी के लाखों के लेन देन वाले डायरी के पन्ने की छाया प्रति लगाने के बाद आलोक का सबूत के लिए बुलाना उचित प्रतीत नही होता। जांचकताओं को चाहिए था कि आलोक की पत्नी को बुलाकर उससे पूछता डायरी उसकी है या नही। ज्योति के मना करने पर ज्योति का लेख लेकर डायरी के पन्नों की छाया प्रति के साथ लेख विशेषज्ञ को जांच के लिए भेजा जाना चाहिए था।अगर लेख एक ही मिलता तो कार्रवाई होनी चाहिए थी।दरअस्ल ये प्रकरण एक पीसीएस अधिकारी का है, इसलिए अधिकारी इस प्रकरण को खत्म करना चाहेंगे।आईएएस और पीसीएस अधिकारियों की एक बडी लॉबी है। वह अपने लोगों को बचाने में रूचि रखती है। ज्योति का पति एक सफाई कर्मी है। उसकी पीसीएस पत्नी ज्योति करोड़ो की स्वामिनी होगी।लगता है कि ज्योति और आलोक के बीच में कोई डील हो गई। उसी के परिणाम स्वरूप सुबूत के लिए बुलाए जाने पर आलोक ने शिकायत वापस लेने का प्रार्थना पत्र दे दिया। वरना इस तरह का पत्र तो वह पहली सुनवाई पर ही दे सकता था।


**हो सकता है कि ज्योति की जांच अधिकारियों से बात हो गई हो , कि वह शिकायत वापसी का प्रार्थना पत्र मिलने पर शिकायत निरस्त कर फाइल बंद कर देंगे।फाइल बंद होगी या नही ये तो जांच अधिकारी जाने , किंतु मामला गंभीर भ्रष्टाचार का है, इसलिए जांच होनी ही चाहिए।**

दरअस्ल इस तरह की शिकायत पर शासन की और से जांच शुरू होने के बाद शिकायत करता का शिकायत वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र देना शिकायतकर्ता की विश्वसनीयता संदिग्ध करता है। उसने भले ही जांचकर्ता अधिकारियों के सामने और मीडिया के सामने कहा हो कि इस पर शिकायत वापस लेने का कोई दबाव नही है,किंतु उसकी शिकायत वापस लेने का प्रार्थना पत्र यह बताने के लिए काफी है कि कहीं कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है। जांच समिति के सामने पहले शिकायत के सबूत के लिए बीस दिन का समय लेना और बीस दिन बाद शिकयत को वापिस लेने का प्रार्थना पत्र देना बहुत कुछ खुद कहताहै।जांचकर्ता टीम को चाहिए कि शिकायत वापस लेने का प्रार्थना पत्र निरस्त कर जांच जारी रखे।साथ ही शिकायत करने के बाद शासन स्तर से जांच शुरू होने पर प्रार्थना पत्र वापस लेने के अनुरोध करने वाले आलोक के खिलाफ ही सरकार का समय बरबाद करने, सरकार के साथ झूंठ बोलने के लिए उसके खिलाफ ही कार्रवाई होनी चाहिए। वह सरकारी सेवा में सफाई कर्मी है ।ऐसे में कदाचार और झूठी शिकायत में उसे सेवा से निकला जा सकता है। उसके विरूद्ध कदाचार का केस चलाना चाहिए।ऐसे तो कोई भी किसी के खिलाफ शिकायत करेगा,बाद में गुपचुप समझौता कर शिकायत वापिस ले लेना।

पहले प्रत्येक शिकायत पर जांच होती थी। आमतौर पर शिकायत कर्ता शिकायत करने वाले के नजदीकी होता है,वह उसके राज जानता है, इसलिए वह अपना परिचय गुप्त रखना चाहता है। ऐसी गुप्त शिकायतों पर ही काफी बड़े भ्रष्टाचार खुले हैं। लालू यादव का 950 करोड़ का चारा घोटाला भी ऐसी ही गुमनाम शिकायत पर खुला था।लेकिन शिकायतों की जांच से बचने के लिए अब प्रशासन ने तै कर लिया कि गुमनाम शिकायतों की जांच नही होगी। शिकायत करने वाले को शिकायत के साथ सुबूत लगाने पर भी उसे साक्ष्य देने के लिए बुलाया जाएगा। होना यह चाहिए कि भ्रष्टाचार के सुबूत लगे होने पर तुरंत जांच शुरू हो जाए।इस शिकायत में तो पीसीएसअधिकारी और शिकायतकर्ता की पत्नी की डायरी के पन्नों की छाया प्रति लगी है। इन पन्नों में लाखों का लेन-देन दर्ज है। जांचकताओं को चाहिए था कि इस शिकायत की एक प्रति आयकर विभाग को कार्रवाई के लिए और भेजते। केंद्रीय सतर्कता आयोग पहले ही कह चुका है कि प्रत्येक गुमनाम शिकायत निरस्त नही की जानी चाहिए। शिकायत की प्रकृति देखी जानी चाहिए।गंभीर प्रकार की शिकायत पर जांच होनी ही चाहिए।

**अशोक मधुप**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



# बैठकी "एजुकेशन हब-"कोटा" बना आत्महत्या हब" (भाग-1)

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकखाने में हम सभी अभी बैठे हीं थे कि मास्टर साहब मेरी ओर देखकर पुछ बैठे--"ए सरजी, आप समाजशास्त्री हैं, बताइये- आत्महत्या के लिये कौन दोषी है!!"

मास्टर साहब, समाजशास्त्र के तहत, स्नातक और उपर की कक्षाओं में "द प्रिंसिपल ऑफ सुसाइड" पढ़ाया जाता है जिसमें इमाइल दुर्खिम का सिद्धांत सर्व मान्य है! इनके अनुसार--" जब किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को समाज, स्वतंत्र नहीं रहने देता और अपने में आत्मसात कर लेता है तो उस व्यक्ति विषेश को मजबूर कर देता है कि वो आत्महत्या कर ले, आत्महत्या कर ले और वो व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है!"
तात्पर्य ये है कि आत्महत्या के लिये व्यक्ति नहीं बल्कि समाज दोषी या कारण बनता है!-- मैं चुप हुआ!

ए मास्टर साहब, रउवा इ बात काहे उठवनीहां!!-- मुखियाजी मास्टर साहब से!

सुने नहीं! लोवर मिडिल क्लास और अपर मिडिल क्लास के माता पिता, अपना पेट काटकर, लाखों रुपयों का इंतजाम करके, अपने बच्चों के उज्वल भविष्य की कल्पना लिये अर्थात डाक्टर और इंजीनियर बनाने के उद्देश्य से,कोटा के कोचिंग संस्थानों में कंपटीशन की तैयारी हेतु, भेजते हैं लेकिन कोटा कोचिंग संस्थान, प्रत्योगी परीक्षाओं की तैयारी का कम और बच्चों की आत्महत्या का केंद्र, अधिक बनता जा रहा है!-- मास्टर साहब के चेहरे पर निराशा का भाव था!

ओहो, भरसक दिनेशवा अपना लड़िका के आईआईटी कम्पटीशन खातिर कोटा भेजे वाला रहे बाकि इहे कुल सुन के कहत रहे कि मुखियाजी, अपना बेटा के तैयारी करे खातिर, पटना चाहे दिल्ली भेजब बाकि कोटा ना!-- मुखियाजी को प्रसंग याद आया!

सच में, वहाँ बच्चे तनाव भरा जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं और तनाव का हीं नतीजा है- आत्महत्या! कोटा में बच्चों के आत्महत्या का आंकड़ा देखने पर मन खिन्न हो उठता है!
2023 में अबतक 23 लड़के, 2022 में 15 बच्चे, 2021 में 9 बच्चे,2018 में 12 और 2017 में 10 बच्चे आत्महत्या कर चूके हैं! कोविड महामारी के बाद बच्चों के आत्महत्या करने में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है!--कुंवरजी ने आंकड़ा हीं रख दिया!
**क्या हो! वहाँ के कोचिंग संस्थानों में बच्चों की रुटिन सुनियेगा तो आश्चर्य किजियेगा!**
**हमारे चचेरे छोटे भाई का लड़का बता रहा था कि 24 घंटे में 12 से 16 घंटे पढ़ाई करनी पड़ती है! लड़कों को 6 बजे सुबह से तैयार हो जाना होता है! सवा छः से साढ़े आठ तक सुबह की पढ़ाई, उसके बाद 9 बजे तक नहाना, नास्ता फिर 9 से 12.30 तक दोपहर की पढ़ाई, उसके बाद आधे घंटे का लंच फिर 1 से 2 तक पढ़ाई, अब 2 से 5 तक कोचिंग, फिर आधे घंटे का ब्रेक! फिर 5.30 से 8 बजे तक पढ़ाई! अब आधे घंटे का डिनर और रिफ्रेशमेंट पुनः 9 से 12.30 तक फिर पढ़ाई! मतलब सिर्फ पढ़ाई और खाना!--डा. पिंटू रुके तभी मुखियाजी बोल पड़े ----**
"अरे बाप रे! 15 से 17 साल के किशोर लड़िकन के अतना कठिन रुटीन!! एमें लड़िका पगला ना जइहें स!!"

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर.......

यही नहीं मुखियाजी, ये रुटीन सोमवार से शुक्रवार तक फालो करना होता है! शनिवार और रविवार को ब्रेकिंग होती है लेकिन उसमें भी फुर्सत नहीं मिलती! इस दिन सभी सब्जेक्ट को मिलाकर कम्बाइंड टेस्ट होता है! फिर हर सबजेक्ट का अलग अलग टेस्ट, मिड लेबल का 2-3 घंटे का और एडवांस लेबल का 3,3 घंटे का अलग अलग टेस्ट होता है! इन सारे टेस्टों को रुटीन टेस्ट कहा जाता है! रुटीन टेस्ट का रिजल्ट आने के बाद डिस्कशन होता है! 3 घंटे की कोचिंग के बाद टेस्ट रिजल्ट पर डिस्कशन के लिए अलग से क्लास लिया जाता है!--डा. पिंटू ने ब्यौरा हीं रख दिया!

ए महाराज! ऐसी स्थिति में बच्चों का तनाव में आना स्वभाविक है !और ये तनाव उन्हें आत्महत्या करने की ओर ले जाता होगा, इसमें दो मत नहीं!-- पारस नेता पगड़ी ठीक करते हुए!

मैं एक टीवी प्रोग्राम देख रहा था जो कोटा के कोचिंग संस्थानों में बच्चों के तनाव की स्थिति पर हीं था! एक सर्वे का उल्लेख करते हुए बताया कि 34 प्रतिशत बच्चे, रिजल्ट खराब होने के डर से तनाव में आ जाते हैं क्योंकि उन्हें अभिभावक के नाराज होने की चिंता सताने लगती है! वहीं 10 प्रतिशत बच्चे, कठिन परीक्षा को लेकर तनाव महसूस करते हैं! 11 प्रतिशत बच्चे घंटों पढ़ाई से टेंशन में रहते हैं जबकि 12 प्रतिशत तकनीकी कॉलेजों में एडमिशन को लेकर तनाव में रहते हैं!
तनाव से मुक्ति हेतु,अपनी परेशानियों को दुसरों से शेयर करना मायने रखता है लेकिन मात्र 58 प्रतिशत बच्चे हीं अपने तनाव की स्थिति को दुसरों से शेयर करते हैं! 31 प्रतिशत अपनी बातें दोस्तों से शेयर करते हैं जबकि मात्र 10 प्रतिशत हीं अपने माँ बाप से अपनी परेशानियों को शेयर कर पातें हैं! टीचर से तो बस 1 प्रतिशत!-- मैं भी वार्ता में हिस्सेदार बना!

ए सरजी, कोटा में कोचिंग संस्थानों का पक्षपातपूर्ण रवैया भी बच्चों में तनाव का कारण बनता है! वहाँ तेज- तर्रार बच्चों को टॉप ग्रेड में रखा जाता है और कई तरह की सुविधाएं मुहैय्या करायी जाती हैं! उनकी पढ़ाई एसी क्लास रूम में होती हैं, आने जाने के लिए अलग से गाड़ी की सुविधा दी जाती है जबकि नीचे के ग्रेड के बच्चों को ऐसी सुविधाओं से महरुम रखा जाता है! उन पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता!-- मास्टर साहब मुंह बनाये!

मास्टर साहब! वहाँ पोस्टर कल्चर का भी प्रचलन है! मतलब, जो लड़के टॉप करते हैं उनका पोस्टर पुरे शहर में चिपकाया जाता है! ऐसे लड़कों को कोचिंग संस्थान की आवश्यकता नहीं होती बल्कि कोचिंग संस्थान हीं अपने यहाँ एडमिशन के लिए उन्हें पैसे ऑफर करते हैं!
स्वभाविक है ऐसे पोस्टर और सुविधायें अन्य बच्चे देखेंगे तो तनाव में आ हीं जायेंगे!-- उमाकाका दुखी लगे!

कुछ भी हो प्रेशर तो सभी को जीवन में रहता हीं है लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि आत्महत्या कर ले!-- पारस नेता ने सही कहा!

ठीक है आज इतना हीं रहने दिया जाय! एक रोगी के यहाँ से फोन आ रहा है, अब मैं चलता हूँ! कल इस समस्या का क्या हल हो सकता है इसपर चर्चा करेंगे!-- कहकर डा. पिंटू उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!!(क्रमशः)



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक**
**( समाजशास्त्री)**

## इजहार करना छोड़ दिया

मैंने तुम्हे परेशान करना छोड़ दिया
पर ये ना समझना तुम्हे
प्यार करना छोड़ दिया।
तुम्हारे लिए मेरा प्यार
मेरी इबादत है पर
तंग आ जमाने से मैंने
इजहार करना छोड़ दिया।

जब तक धड़कन है सीने मे
और तन में जान है।
तू ही मेरी पहली और
आखिरी अरमान है।
तकलीफ ना हो तुझे
मेरी बदौलत कोई,
इसलिए मैने अब
इकरार करना छोड़ दिया।

पर कैसे भूलूं मैं तेरी
मोहब्बत को तू बता?
तुम मेरे नही हो यह
कैसे भूलूं तू बता?
पर तुम मेरे नही
यह हकीकत है बिंदु
अब हार कर किस्मत से
मैंने इंतजार करना छोड़ दिया।



बिंदु अग्रवाल, शिक्षिका मध्य विद्यालय गलगलिया।

## बलियाग के दानवीर राजा बलि से जुड़ा हुआ है रक्षाबंधन पर्व

**येन बद्धो बलीराजा, दानवेन्द्रो महाबलः**
**तेन त्वां प्रति बध्नामि , रक्षे मा चल मा चल।**

जिसप्रकार से महाबली दानवराज बलि को श्रीहरि विष्णु जी ने बॉधा था, उसी प्रकार से मैं आपको बॉध रहा हूँ, आप मेरी रक्षा करना। रक्षाबंधन पर इसी मंत्र से पहले पंडित, पुरोहित, पुजारी राजा एवं अपने यजमानों को रक्षासूत्र बॉधते थे, कदाचित अभी भी यह परम्परा कुछ स्थान पर है ।
यह परम्परा भक्तराज प्रह्लाद के पौत्र राजा विरोचन के पुत्र दानवीर राजा बलि के उस यज्ञ से प्रारंभ हुई जिसमें भगवान विष्णु वामन रुप दान लेने विमुक्त भूमि भृगुक्षेत्र में आये थे।
ज्ञातव्य है कि इस यज्ञ को महर्षि भृगु के पुत्र, दानव कुलगुरु शुक्राचार्य ने सम्पन्न कराया था और उन्होंने बलि राजा को वामन ब्राह्मण बनकर आये विष्णु जी को दान देने से रोकने का प्रयास भी किया था।
पौराणिक काल में प्रारंभ इस परम्परा में महाभारत काल में द्रौपदी ने शिशुपाल वध के समय भगवान कृष्ण को अपनी साडी के टुकडे को बॉधकर भाई द्वारा बहन की रक्षा करने की परम्परा जोडी। इसके बाद मुगलकाल में चितौड़ की महारानी कर्णावती द्वारा मुगल बादशाह हुमायूं को रक्षासूत्र बॉधकर भाई बनाकर क्षत्राणियों की रक्षा करने का उल्लेख मिलता है। राजा बलि अपना सर्वस्व लुटाकर करके भी वामन विष्णु जी को दिया गया वचन पूरा करने की घटना भी श्रावण पूर्णिमा के दिन घटी थी। तब से आजतक यह परम्परा चल रही है।
(सौजन्य साभार–शिवकुमार सिंह कौशिकेय, बलिया)

शशिकांत ओझा,
ब्यूरो चीफ
समाज जागरण-बलिया



## सच्चाई कड़वी होती है

सच्चाई कड़वी होती है,
सोच समझ कर लिखना होगा।
बुरा न माने लोग कहीं,
कदम फूंक कर रखना होगा।

श्रीराम सरीखी मयार्दा में,
रहकर भी, निंदा तो सहना होगा।
राहें पथरीली हैं जग में,
देख देख कर चलना होगा।

सोसल फोरम में रहकर,
वाइरल रोग से बचना होगा।
सच्ची सीधी बात करोगे,
तो बुरी नजर से बचना होगा।

एक जमाना वह होता था,
विश्वास सभी पर करते थे।
दरवाजे बंद नहीं होते थे,
घर खुले खुले ही बनते थे।

अविश्वास जो फैला है जग में,
दरवाजे और, दरवाजों पे लगे
ताले।
अविश्वास जगत में और बढ़ा,
ऊपर से सीसीटीवी लगे निराले।

वैसे तो मुश्किल जीवन में,
आती रहतीं है कदम दर कदम।
सच्चे पथ पर चलना शायद,
मुश्किल होता है हर दिन हर
दम।

मुश्किल जिस दिन ना आये तो,
समझो उस दिन कुछ गलत
हुआ।

है यही रीति भाई जग की,
जो जान गया, वह समझ सका।

जीवन की पसंद और प्रेम में,
मर्म भरा भावुक अन्तर जो होता
है।
सुंदर फूलों की ह्यपसंदह्ल और,
फूलों
से 'प्रेम' विलग भाव का होता है।

फूलों की 'पसंद' जिसे होती,
फूलों को तोड़ महक से मोहित है।
पर जिसे 'प्रेम' हो फूलों से,
पौधे को पानी देना उसकी चाहत है।

पसंद और प्रेम हम सबके,
जीवन में फूलों सा अंतर रखते हैं।
उपभोग पसंद का द्योतक है,
प्रेम जगत में सभी हृदय से करते हैं।

ऐसे ही हम सब रहें प्रेम से,
अपनी पसन्द की चिंता छोड़ें।
दूरी बेशक बढ़े फासलों से,
पर सोच समझ सुन्दर रक्खें।

पात्र सुपात्र सब साथ रहें,
मिल जुल कर वाणी पर संयम हो।
आदित्य हृदय से शुभ सोचें,
कामना दुआ दया की हर मन में हो।



कर्नल आदि शंकर मिश्र,
आदित्य
लखनऊ

## देश की सीमा और बहनों की रक्षा के वचन का महापर्व रक्षाबंधन।

**(भाइयों के दीघार्यु होने की कामना का पर्व)**
**बहनें अपनी भाइयों की कलाई में "ओम येन बद्धो बलि राजा दानवेंद्रो महाबलः,**

तेन त्वामभी बंध्यनामी रक्षे मा चल मा चल" का पवित्र पाठ करते हुए रक्षा सूत्र भाइयों की कलाई पर भाई के दीर्घजीवी होने की शुभकामनाओं के साथ बांधती हैं।भारत न सिर्फ विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है बल्कि भारत विविध संस्कृतियो संस्कारों और संप्रदायों के विभिन्न त्योहारों का देश भी है इसीलिए यह कहा जाता है की अनेकता में एकता भारत की पूंजी है। भारत एक त्योहार का देश है जहां विभिन्न संस्कृतियां, धर्म संप्रदाय एक साथ फल फूल रहे हैं और रक्षाबंधन त्यौहार भी भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन ऐसा एक त्यौहार है जो धर्म संप्रदाय संस्कृतियों की सभी दीवारों को तोड़कर सभी त्योहारों के बीच एक अनूठा स्थान रखता है। रक्षाबंधन अपने प्रेमभाव तथा सांस्कृतिक मूल्यों के कारण देशभर में बड़े उत्साह से मनाया जाता है और हर वर्ष शुभ मुहूर्त में बहन अपने भाई की कलाई में रखी बांधकर अपनी तथा देश की सीमाओं की सुरक्षा का आश्वासन चाहती है और अपने भाई की दीघार्यु होने की कामना करते हुए बहने इस पवित्र त्योहार को मनाती हैं।
इस श्रावण पूर्णिमा 2023 की शुरूआत 30 अगस्त की सुबह 11:27 से होकर 31 अगस्त को सुबह 7:35 तक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जा सकता है। वैसे भी रक्षाबंधन त्यौहार भाई-बहन के बीच प्यार बंधन को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है यह एक ऐसा त्यौहार है जो पूर्णिमा के दिन ही मनाया जाता है हिंदू कैलेंडर के अनुसार श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है रक्षाबंधन का त्यौहार देश के भाइयों और बहनों के बीच प्यार को बढ़ता है नियंत्रित करता है। भाई और बहन के बीच संबंध वास्तविकता में और साधारण और विलक्षण होते हैं इन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता भाई बहन का रिश्ता अतिविश्वसनीय है रक्षाबंधन एक प्रशंसनीय, सुंदर बंधन है। जिसे पूरी दुनिया में भारतवासी बड़ी सादगी सदा धूमधाम से बनाते हैं।
**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,चिंतक**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जादूगर स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद की 118 वीं जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। हॉकी के जादूगर स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद की 118 वीं जयंती यानि राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय प्राचार्या मंजुला उपाध्याय द्वारा स्वर्गीय ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण हुआ । शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम की शुभारंभ हुआ, कोमल द्वारा योग गणेश वंदना, छात्राओं द्वारा खेल दिग्गजों पर आदर्श पूर्ण नृत्य प्रस्तुति की गई, साक्षी द्वारा मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला।

शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा पिरामिड द्वारा अपने बल, साहस व अनुशासन को दिखाया गया, डॉ सीमा पांडेय द्वारा महाविद्यालय की खेल वार्षिक रिपोर्ट बताई गई तत्पश्चात गत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 29 छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में अनुभवी सिंह, सोनम देवी, आरती लोधी, शालू देवी, दीप्ति पटेल ,गुलशन, रुचि, लक्ष्मी, सुप्रिया, आकांक्षा, पूजा, स्तुति,खुशी, साक्षी, दृष्टि,




वंशिका, प्रियंका साहू , तनीषा, अमृता पूजा, जीवया, राबिया ,अनामिका, तनु भारती, परी मिश्रा रही।जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर राज्य स्तरीय, सीनियर लेवल पर महा-विद्यालय का नाम रोशन किया। तत्पश्चात शिक्षिकाओं व छात्राओं के मनोरंजनात्मक खेल जैसे बल्लून व बेंगल गेम 3 लेग रेस, लेमन रेस , सेक रेस, डकवाक रेस इत्यादि करवाए गए । पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नशरा रेनी, द्वितीय पुरस्कार मुस्कान कश्यप, तृतीय पुरस्कार मनीषा कुमारी को दिया गया। शारीरिक शिक्षा विषय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य मंजुला उपाध्याय ने खेल को प्रोत्साहन देते हुए इसके महत्व को बताया और पुरस्कृत छात्राओं को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय की शिक्षिकाएं स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राओ ने खेल दिवस को हर्ष उल्लास से मनाया।

# छत और इलाज से कोई नहीं रहेगा वंचित: सीएम योगी

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 से अधिक लोगों की समस्याएं

### फरियादियों से बोले सीएम- अगर अधिकारी नहीं सुन रहे तो बेझिझक मुझे बताएं अपनी समस्या



लखनऊ, 29 अगस्तः हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। आप सबको चिंता करने की जरूरत नहीं है। अगर अधिकारी आपकी समस्या के निस्तारण में हीलाहवाली करते हैं तो मुझे बेझिझक बताएं। उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान कही। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 200 से अधिक लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने उनकी हर बात इत्मीनान से सुनने के बाद अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अधिकारियों को समस्या के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पी-ड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गौर करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए और संपत्ति पर जबरन कब्जा करने की शिकायत पर सख्त कानूनी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

### आम जनमानस के स्वास्थ्य की रक्षा हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को गंभीर, संवेदनशील होकर ध्यान से सुनें और त्वरित निस्तारण कराएं, जिससे किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में स-रकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके एस्टिमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। आम जनमानस के स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। निष्पक्ष रूप से हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

## जीआई की रेस में रमचौरा का केला भी

# पौने दो सौ साल पुराना है रमचौरा के केले का इतिहास

## नेपाल, बिहार और वाराणसी तक रहा है मशहूर, खेत से ही हो जाता था सौदा

लखनऊ। गोरखपुर से करीब 35 किलोमीटर उत्तर सोनौली रोड पर कैंपियरगंज से पहले एक जगह है,"रमचौरा"। कभी यहां के कच्चे केले की दूर-दूर तक धूम थी। एक फंगस के कारण यहां की इस स्थानीय प्रजाति का रकबा सिमटता गया था। पर, अब योगी सरकार जीआई के जरिए इसे पुनर्जीवन देने में लगी है। एक्सपर्ट्स भी इसे जीआई की रेस में बता रहे हैं।

करीब तीन दशक पहले पीसी चौधरी गोरखपुर में नाबार्ड के प्रबंधक हुआ करते थे। वह कहते थे कि मेरी दिली इच्छा है कि कोई उद्योगपति इस क्षेत्र में बहुपयोगी केले के प्रसंस्करण का एक प्लांट लगाए। इस क्षेत्र में इसकी बहुत संभावना है। तब गोरखपुर और महराजगंज में केले का पर्याय कैंपियरगंज से लगे रमचौरा का केला ही हुआ करता था। सब्जी के लिए इस कच्चे केले की खासी मांग थी। यह सटे हुए जिलों के अलावा नेपाल और बिहार तक जाता था। वाराणसी के आढ़ती यहां फसली सीजन के पहले ही डेरा डाल देते थे। फसल देखकर



खेत का ही सौदा हो जाता था। खेत से ही माल उठ जाता था।

### केले की पकौड़ी के लिए मीनागंज में लगती थी लाइन

रमचौरा से ही लगे एक जगह थी मीनागंज। वहां इसी केले की पकौड़ी मिलती थी। साथ में खास चटनी भी। इस चटनी की खासियत यह थी कि यह कुनरू (परवल जैसी दिखने वाली सब्जी), पंचफोरन, बिना छिले लहसुन, हरी मिर्च और सेंधा नमक को कूटकर बनाई जाती थी। इसे खाने के लिए सड़क के दोनों किनारों पर चार और दो पहिया वाहनों की कतार लगी रहती थी।

कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार के सब्जी वैज्ञानिक डॉक्टर एसपी सिंह के अनुसार दरअसल एकल खेती से यहां की मिट्टी में बिल्ट नामक फंगस आ गया। चूंकि पूर्वांचल की आबादी और जोत छोटे हैं। लिहाजा दूसरे खेत में खेती का विकल्प नहीं था। इसलिए धीरे-धीरे इसका रकबा घटता गया।

एक प्रमुख अखबार के प्रतिनिधि और स्थानीय निवासी 62 वर्षीय अनिरुद्ध लाल बताते हैं कि यहां केले की खेती का रकबा सिमटकर 25 फीसद पर आ गया। अगल-बगल के कुछ गावों में इसकी खेती होती है। अब जो करते हैं उनको मंडी तक माल खुद पहुंचना पड़ता है। वह बताते हैं को रमचौरा के केले का इतिहास पौने दो सौ साल पुराना है। मगहर से 1840 में यहां आए कुछ परिवार अपने साथ केले की पुत्ती भी लाए थे। जमीन और जलवायु फसल के अनुकूल निकली। उत्पादन और गुणवत्ता के कारण माल की मांग भी थी। लिहाजा इसकी खेती का विस्तार होता गया। पर, रोग इसके लिए ग्रहण बन कर आया और इसकी खेती सिमटती गई।

जाने माने जीआई विशेषज्ञ पद्मश्री डॉक्टर रजनीकांत कहते हैं कि अगर किसी उत्पाद का इतिहास पुराना है, लोग उस उत्पाद को उस जगह के नाम से जानते हैं तो उसे जीआई टैगिंग मिलने की संभावना बढ़ जाती है। रमचौरा का केला इन मानकों पर फिट बैठता है। अन्य उत्पादों की तरह यह आने वाले समय का संभावित जी आई उत्पाद है। इस पर काम भी शुरू हो चुका है।

# पहले उद्योग जगत में विश्वास का था अभाव, आज आत्मविश्वास से हैं लबरेज: सीएम योगी

**- सीएम योगी ताज होटल में फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुए शामिल**

**- सीएम बोले, पिछली सरकारों में राजनीतिक इच्छा शक्ति का था अभाव, 6 वर्षों में बदला है प्रदेश का माहौल**

लखनऊ, 29 अगस्तः वर्ष 2017 में सरकार बनते ही सबसे पहले फिक्की के एक कार्यक्रम में जाने का मौका मिला। उस समय समझ में नहीं आ रहा था कि कार्यक्रम में क्या बोलूं, क्योंकि उस समय सरकार और उद्योग जगत में विश्वास का अभाव था। पूर्व की सरकारों ने राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी के कारण प्रदेश को लगातार पीछे धकेलने का काम किया। नौकरशाही का बैरियर प्रदेश के विकास को बाधित कर रहा था। आज 6 वर्षों के कार्यकाल में जो माहौल बना है ये उसी का नतीजा है कि फिक्की 38 वर्षों के बाद प्रदेश की राजधानी में अपने नेशनल एग्जिक्यूटिव्स के साथ बैठक करने जा रहा है। यह दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश वाकई में सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोमतीनगर के ताज होटल में आयोजित फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कही।

### सरकार बैंक का सीडी रेशियो 60 फीसदी ले जाने की दिशा में कर रही काम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में अंधकार के युग और बीमारू राज्य से उबर कर एक विकसित राज्य की ओर अग्रसर हो चुका है। अब वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा। आप सभी का सका-रात्मक योगदान हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस में चौथे स्थान से दूसरा स्थान हासिल किया है, जो सरकार की पिछले 6 वर्षों में कार्य प्रगति की इच्छा दृष्टि को दशार्ता है।




किसी भी प्रदेश में निवेश की सबसे पहली आवश्यकता होती है सुरक्षा की, जिसे हमारी सरकार ने भली भांति समझा। उसके नतीजे आज सभी के सामने हैं। प्रदेश में आज अपराध नहीं होते हैं, कोई भी फिरौती के लिए अपहरण जैसे कृत्य नहीं कर सकता है। कोई गुंडा किसी इंडस्ट्री में जा करके गुंडा टैक्स की वसूली और धमकी नहीं दे सकता है। इन सभी से मुक्त हो करके प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में जो नई रैंकिंग हासिल की है, वह आप सबके सामने है। प्रदेश में एंटी भू माफिया टास्क फोर्स गठित करके 64000 हेक्टेयर लैंड को भू माफिया के कब्जों से मुक्त करवा करके इंडस्ट्री के लिए लैंड बैंक तैयार किया गया है। 6 वर्ष पहले बैंक का सीडी (क्रेडिट-डेबिट) रेशियो 42 फीसदी था जबकि आज यह 56 फीसदी तक पहुंच चुका है और बहुत जल्द हम इसे 60 फीसदी तक ले जाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में रिजर्व बैंक के आंकड़े आए हैं, वह समझने के लिए प्राप्त होंगे कि उत्तर प्रदेश आज किस दिशा में आगे बढ़ चुका है।

### वर्ष 2016 में बुंदेलखंड में भारत सरकार टैंकर से भेजती थी पानी, आज हर घर में नल से पहुंच रहा पानी

सीएम योगी ने कहा कि इंडस्ट्री के लिए प्रदेश में अनुकूल अवसर हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। प्रदेश अपने बड़े से बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यक्रम को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश में पश्चिमी क्षेत्र के पास अपना इंफ्रास्ट्रक्चर था, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड इन सभी से वंचित था। आज यहां का नजारा कुछ और है। वर्ष 2016 में बुंदेलखंड में भारत सरकार को टैंकर से पानी भेजना पड़ता था। वहीं आज हर घर में नल से पानी पहुंच रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने नोएडा को लूट का अड्डा बना दिया था। आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आपको दिल्ली और वहां का अंतर बहुत स्पष्ट दिखाई देगा। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-23 में 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए, जो उत्तर प्रदेश के प्रति एक विश्वास का प्रतीक है। वर्ष 2017 से पहले जो एमएसएमई सेक्टर दम तोड़ चुका था, वह आज मार्केट में नये रूप में उभरा है। प्रदेश में लागू वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज भारत सरकार की योजना बना गयी है। इस योजना ने प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग के हब के रूप में स्थापित किया है। वर्तमान में प्रदेश का एक्सपोर्ट करीब 2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने फिक्की से जुड़े उद्योग जगत के लोगों से प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने प्रदेश की टीम के साथ मिल करके काम करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, फिक्की के प्रेसि-डेंट सुभ्रकांत पांडा, महासचिव शैलेश पाठक, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनीस शाह, फिक्की यूपी चैप्टर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया के 10 स्पेशल इकॉनमिक रीजंस से जुटेंगे बायर्स

## ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर के बीच होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में 400 से ज्यादा इंटरनेशनल बायर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

लखनऊ, 29 अगस्त। आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए इंटरनेशनल बायर्स में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अगस्त तक 400 से अधिक बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है और आयोजन की शुरूआत होते-होते इसमें और अधिक इजाफा होने की संभावना है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 21 सितम्बर को इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

पूरी दुनिया से मिल रहा है रिस्पॉन्स यूरोप से कुल 15 देशों के 60 बायर्स ने रजिस्ट्रेशन के माध्यम से इंटरनेशनल ट्रेड शो में भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। इसके अलावा वेस्ट एशिया नॉर्थ अफ्रीका (वाना) रीजन से 11 देशों, कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (सीआईएस) के 6 देशों और साउथ ईस्ट एशिया (एस-ईए) के 4 देशों से 50-50 बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा अफ्रीका के 11 देशों से 41 बायर्स भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने आ रहे हैं, वहीं लैटिन अमेरिका एंड द कैरेबियन (एलएसी) के 8 देशों और साउथ एशिया (एसए) के 4 देशों से 38-38 बायर्स ने आने की पुष्टि कर दी है। अन्य रीजंस और देशों की बात करें तो नॉर्थ ईस्ट एशिया (एनईए) के 3 देशों से 28 बायर्स, नॉर्थ अमेरि-रका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (नाफ्टा) के 3 देशों के 18 बायर्स और साउथ पैसिफिक ओशन में स्थित आइसलैंड के समूहों ओशनिया के एक देश के 3 बायर्स इस भव्य शो के साक्षी बनने जा रहे हैं। ट्रेड शो की शुरूआत तक इस संख्या में और अधिक इजाफा होना तय है।

### ये देश बनेंगे इंटरनेशनल ट्रेड शो का हिस्सा

यूरोप के जिन देशों के बायर्स ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, माल्टा, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, यूके, रोमानिया, बुल्गारिया, स्वीडन और रिपब्लिक ऑफ मोलडोवा शामिल हैं। इसी तरह, सीआईएस से अजरबैजान, बेलारूस, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान, जबकि एलएसी से अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, डोमिनिकन रिपब्लिक, एल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, पेरू और उरूग्वे जैसे देशों के बायर भी होंगे। नाफ्टा से यूएसए, कनाडा, मेक्सिको के बायर्स ने आने की पुष्टि की है तो एनईए से साउथ कोरिया, जापान और चीन के बायर्स भी आने को तैयार हैं। ओशनिया से ऑस्ट्रेलिया तो एसए से बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका के बायर्स भी आ रहे हैं। इसी तरह एसईए से इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, वाना से अल्जीरिया, बहरीन, इजिप्ट, इथियोपिया, ईराक, जॉर्डन, कुवैत, मोरक्को, ओमान, सऊदी अरब और यूएई के बायर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अफ्रीका से साउथ अफ्रीका, बोत्सवाना, घाना, केन्या, नाइजीरिया, सेनेगल, बेनिन, तंजानिया, युगांडा और जांबिया जैसे देशों के बायर भी 21 से 25 सितंबर तक इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

**यूरोप के सर्वाधिक 15 देश और 60 से अधिक बायर्स लेंगे इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा, बायर्स की कुल संख्या में हो सकता है और इजाफा**

**21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी उत्तर प्रदेश के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन**

### उत्तर प्रदेश के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो, उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्ट अप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पूरी दुनिया से आ रहे ये बायर्स उत्तर प्रदेश के उत्पादों को देखेंगे और इन्हें ग्लोबल लेवल पर स्थापित करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएंगे। इनके माध्यम से उत्तर प्रदेश के उद्यमी, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ता और निर्यातक अपने उत्पादों की वैश्विक स्तर पर मार्केटिंग और ब्रांडिंग कर सकेंगे। ऐसे में इन बायर्स को प्रदेश के उत्पादों के साथ ही यहां की संस्कृति और संस्कारों के भी दर्शन कराए जाएंगे। ये बायर्स उत्तर प्रदेश के अद्भुत 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' से जुड़ेंगे। उन्हें सभी 5 दिन उत्तर प्रदेश की कला संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।

# आगामी 21 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूं.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

## डीएम मनीष कुमार वर्मा ने आज यूं.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर जनपद के विश्वविद्यालय, कॉलेज तथा स्कूलों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो का कॉलेज व स्कूलों में किया जाए व्यापक प्रचार प्रसार**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आगामी 21 से 25 सितंबर तक गौतम बुद्ध नगर के इंडिया एक्सपोर्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर अपनी तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर रहा है। इसी श्रृंखला में आज आगामी 21 से 25 सितंबर 2023 को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में यूपी ट्रेड इंटरनेशनल 2023 के आयोजन को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो के सभागार में जनपद के विश्वविद्यालय, कॉलेज तथा स्कूलों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एक्सपो मार्ट के अध्यक्ष राकेश जी, एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा, गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, बेनेट यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, शिवनादर यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी सहित जनपद के 50 से अधिक विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डायरेक्टर, प्रिंसिपल्स एवं प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सभी का आहवान किया गया कि आने वाले 21 से 25 सितंबर को एक्सपो सेंटर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजन में छात्रों का एक्सपोजर विजिट कराकर उनके स्किल अपग्रेडेशन को बढ़ावा दिया जाए। विश्वविद्यालय, कॉलेज तथा स्कूली छात्रों के माध्यम से आयोजन का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। इसके लिए संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले की व्यवस्था की जाए। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट के छात्रों तथा अन्य विश्वविद्यालय कॉलेज के छात्रों को वालंटियर के रूप में तैयार किया जाए। विश्वविद्यालय, कॉलेज तथा स्कूलों में छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाए।

विशेष रूप से डऊढढ के ऊपर कंपटीशन कराया जाए। आयोजन में छात्रों का सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया जाए। छात्रों को आयोजन स्थल पर लगने वाले टेक्नोलॉजी , इंजीनियरिंग, उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के खान पान उत्पादों से परिचय कराया जाए। विश्वविद्यालय कॉलेज स्कूल के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर आयोजन स्थल पर अलग से एक शोकेस ऑफ नोएडा स्कूल चिन्हित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिनिधियों का यह भी आह्वान किया कि उक्त आयोजन के साथ-साथ जनपद में इस अवधि में मोटो जीपी का भी आयोजन किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में शहर में जाम आदि की स्थिति के मध्य नजर स्कूल व कॉलेज वाहनों का आवागमन कम से कम किया जाए। बैठक में उपस्थित अनेक रजिस्ट्रार, डायरेक्टर व स्कूल प्रिंसिपल द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर आयोजक समिति को विचार करने का आग्रह किया गया। अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी का आह्वान किया कि उपरोक्त कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के विकास को प्रदर्शित करने का एक बेहतर प्लेटफार्म होगा।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के तहत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुये शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

गौतमबुद्धनगर 29 अगस्त, 2023 सरकारी विद्यालय के परिसरों का कायाकल्प एवं शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत मिशन के तहत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निपुण भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों का कायाकल्प का कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिन विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य चल रहा है निरंतर उनकी मॉनिटरिंग की जाए ताकि गुणवत्ता परक रूप से कार्य पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि निपुण भारत मिशन के तहत प्रगति रिर्पोट से भी अवगत कराया जाये। उन्होंने जिला टास्क फोर्स के द्वारा विद्यालयों में किये गये निरीक्षण की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि ससमय लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण शत प्रतिशत पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शत प्रतिशत छात्र छात्राओं का आधार वेरीफाई कराए जाने का कार्य पूर्ण कराए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता व मोजा खरीदने के लिए जो धन राशि हस्तांतरित की जाती है अध्यापक गण निरंतर मॉनिटरिंग करें कि उनके द्वारा यूनिफॉर्म, जूता, मोजा खरीदा गया है या नहीं। जिलाधिकारी इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके जनपद की शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता लाने एवं शिक्षा से सम्बन्धित योजनाओं का शत-प्रतिशत पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जनपद शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश की रैकिंग में अग्रणी स्थान बना सकें। जिलाधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए की प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को जो मिड डे मील उपलब्ध कराया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनी रहे एवं विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं भी पढ़ने वाले छात्र छात्रों को मानकों के अनुरूप प्राप्त हो। इस महत्वपूर्ण बैठक का सफल संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एश्वर्या लक्ष्मी के द्वारा किया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी गण तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्य स्मृति में एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## एस्टर पब्लिक स्कूल में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा ने किया विधिवत शुभारंभ

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्य स्मृति में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला हॉकी संघ के तत्वाधान में एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का जेवर क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर एडिशनल जज मेजर नलिन कांत त्यागी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति आर के सिन्हा, प्रोफेसर/अध्यक्ष खेल विभाग अलीगढ़ विश्वविद्यालय जावेद अली खान, प्रदेश क्रीडा निदेशक आरके सिंह, ओलंपियन अवॉर्डी सुजीत कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गण का स्वागत एवं अभिनंदन एस्टर संस्थान समूह के अध्यक्ष एवं निदेशक वी के शर्मा, निर्देशक सिद्धार्थ शर्मा तथा प्राचार्य प्रीति शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। हॉकी प्रतियोगिता दिल्ली एवं एन.सी.आर. के प्रसिद्ध विद्यालयों जे.के.जी. इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद ,सफायर स्कूल नोएडा ,गुरुकुल स्कूल आदि के बालक एवं बालिकाओं की दस टीमों के मध्य शुरूआत हुई। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा बालक संवर्ग में ओ. टी.एच.एल.दिल्ली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो दूसरा स्थान एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा ने प्राप्त किया जबकि बालिका संवर्ग में महामाया बालिका इंटर



कॉलेज की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही तथा इस संवर्ग में कड़े मुकाबले में एस्टर पब्लिक स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि "खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया " इस संदेश को हमें साकार करना होगा, तभी हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर सकते हैं। अतिथिगण द्वारा इस अवसर पर खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गयें। कार्यक्रम की इस अप्रतिम बेला में सुजीत कुमार , राजेंद्र सिंह रावत, कर्नल बलबीर सिंह, बी.एस. नेगी, भूपेंद्र सिंह, प्रमोद बाटला, राकेश कुमार टंडन, ए. एच



अबदी, अरविंद छाबड़ा, अनिता नागर उप क्रीडा अधिकारी सहित पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे। साथ ही जनपद हॉकी एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सरदार मंजीत सिंह, के.पी.कसाना उपस्थित रहे। संस्थान समूह के शैक्षिक सलाहकार एस.पी. सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय उप प्राचार्य जयवीर सिंह डागर द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं खिलाड़ियों तथा विशिष्ट हस्तियों के प्रति आभार प्रकट एवं राष्ट्रगान के समूह गायन से हुआ। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में से कुशल संपन्न हुआ राष्ट्रीय खेल सप्ताह

## राष्ट्रीय खेल दिवस एवं राष्ट्रीय खेल सप्ताह के समापन अवसर पर मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जनपद में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय खेल सप्ताह का मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता के उपरांत विधिवत रूप से समापन किया गया। उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नगर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल सप्ताह के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वोत्तम स्कूल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए किया गया। इस अवसर पर बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें फाइनल मैच जेडी एकैडमी एवं मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच खेला गया, जिसमें जेडी एकैडमी ने विजय प्राप्त की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के द्वारा राष्ट्रीय खेल सप्ताह के दौरान आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले 400 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नगर ने



बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में कराया गया। उसके उपरांत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल सप्ताह का समापन मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम गौतम बुद्ध नगर में पुरस्कार वितरित कर किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री क्रीड़ा भारती पुष्कर ठाकुर, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ से प्रमोद कुमार, गुलाब सिंह चंद्रमणि खो खो, प्रमोद बॉक्सिंग, अनुदेशक दिलीप, जिला पीटीआई गीता भाटी, सुधा, सुमित, परवेज अली, ज्योति नागर, दानवीर आदि उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# खेत में काम कर रही महिला को सांप ने काटा, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के किसनपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर बहेरा गांव के समीप खेतों में काम कर रही महिला को सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनो ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रानीपुर बहेरा गांव निवासी कृष्ण कुमार की 28 वर्षीय पत्नी सुधा सिंह खेतों में काम करने गई थी। तभी उसको साँप ने काट लिया सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# अन्ना साँड़ ने हमला कर युवक को ऊतारा मौत के घाट

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के उमरपुर बेरा गांव के समीप शौचक्रिया करने गए युवक पर अन्ना साँड़ ने हमला कर उसको मौत के घाट उतार दिया। मौत की खबर परिजनों को हुई तो मृतक के घर मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के उमरपुर मेरा गांव निवासी स्वर्गी गया प्रसाद त्यागी का 30 वर्षीय पुत्र भीम सिंह गांव के समीप शौचक्रिया करने गया था। तभी घूम रहे आवारा साँड़ ने हमला कर उसको मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो मृतक के घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से नव युवक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के रमवा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक नव युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार राधनगर थाना क्षेत्र के अतरहा गांव निवासी विजय बहादुर का 18 वर्षीय पुत्र शुभाष बेरूई हार में ठेके पर बिजलीं पावर हाउस में काम करता था। रोज की भांति आज भी वह 10 बजे काम पर जा रहा था। तभी रमवा स्टेसन के समीप ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्द नाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पीपल की डाल टूट कर महिला पर गिरने से महिला की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले के असोथर थाना क्षेत्र के झब्बापुर गांव में बीती शाम पीपल की डाल टूट कर एक महिला पर गिर गई। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के झब्बापुर गांव निवासी स्वर्गी रामनरेश की 50 वर्षीय पत्नी कुंती देवी के ऊपर पीपल की डाल अचानक टूटकर गिर गई। जिससे कुंती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डेढ़ किलो चरस सहित युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से डेढ़ किलो चरस बरामद की है। पुलिस उसके बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है। उपनिरीक्षक शिवसेवक बाजपेई ओपन निरीक्षक रामकिशन सिपाही मनोज कुमार फतेहाबाद रोड पल के नीचे चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान



एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। थाने लाकर उससे पूछताछ की। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम रामवीर पुत्र अमृतलाल बताया है। वह ओम नगर असफाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से डेढ़ किलो चरस बरामद की है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है बहुत चरस कहां से लाता है तथा कहां सप्लाई करता है।


**व्यापा का प्रचार और प्रसार करना अब हुआ और भी आसान**

*अपने व्यापार का करें प्रचार, समाज जागरण के साथ।*

**समाज जागरण, अखबार, पोर्टल और यू-ट्यूब चैनल पर एक साथ मे ।**


# राधा नगर पावर हाउस का संविदा कर्मचारी क्षेत्र की जनता से कर रहा धन की उगाही

**विद्युत चोरी करने वालों को देता है पूर्ण संरक्षण- सूत्र**

राधा नगर पावर हाउस के उपखंड अधिकारी तथा अवर अभियंता के माध्यम से संविदा कर्मचारी उपभोक्ताओं के यहां पड़ने वाले छापे का कराता है सेटलमेंट

यदि संविदा कर्मचारियों की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो निकाल कर आएगा भ्रष्टाचार का महाजिन्न

फतेहपुर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में नए अध्यक्ष अरविंद कुमार को नियुक्त करने के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में बकाया बिल की वसूली तथा विद्युत विभाग की व्यवस्था चुस्त एवं दुरुस्त करने की बात की उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़े विद्युत बिल के बड़े बकायदारों के यहां विजिलेंस टीम व उपखंड अधिकारी तथा अवर अभियंता जाकर बकाया बिल की वसूली करने का काम करेंगे वहीं पूर्व में रहे विद्युत विभाग के अध्यक्ष ने जनपद फतेहपुर में विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के मामले को संज्ञान में लेते हुए कई ऐसे कर्मचारियों के ऊपर कठोर कार्यवाही करने का काम किया था नए अध्यक्ष ने ज्यादा से ज्यादा बड़े बकायदारों से वसूली करने का फरमान भी जारी किया है उनका यह आदेश भले ही अन्य जनपदों में लागू होता नजर आ रहा हूं किंतु जनपद फतेहपुर के राधा नगर पावर हाउस में तैनात संविदा कर्मचारी विनय सिंह इन दिनों क्षेत्र में पूरी तरह से सुर्खियों पर छाया हुआ है इस संविदा कर्मचारियों के द्वारा अपने क्षेत्र खुशवक्त राय नगर में कुछ ऐसे घर हैं जहां पर विद्युत विभाग की चोरी खुले आम की जाती है और चोरी करने वालों को यह संविदा कर्मचारी पूरा संरक्षण देता है हालांकि इस मामले में राधा नगर पावर हाउस के अवर अभियंता तथा उपखंड अधिकारी को भी यह संविदा कर्मचारी अपने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान उन घरों से दूर रखता है और पहले ही उन लोगों को यह सूचना दे देता है कि आज क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम का छपा पड़ेगा सूचना मिलते ही वह घर पहले से सतर्क हो जाते हैं वहीं उन घरों के मीटर भी घर के बाहर नहीं लगे हुए हैं वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह संविदा कर्मचारी अपने क्षेत्र में गरीब भोली भाली जनता के यहां विद्युत विभाग का छापा डलवा कर उनसे मोटी रकम लेकर सेटलमेंट करवाने का काम भी बखूबी करता है इस संविदा कर्मचारियों के क्षेत्र में कई ऐसे बड़े विद्युत बिल के बड़े बकायदार हैं जिनके यहां अधिकारी भी जाने का साहस नहीं जुटा पाते हैं अब ऐसे संविदा कर्मचारियों के होते हुए आखिरकार विद्युत विभाग के नए अध्यक्ष का आदेश का पालन कैसे हो सकता है कहीं ना कहीं इस संविदा कर्मचारी के प्रति यदि विभाग करले निष्पक्ष जांच तो निकाल कर आएगा भ्रष्टाचार का महाजिन्न!

# पारिवारिक कल के चलते वृद्ध महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बरेठा खुर्द गांव मे एक वृद्ध महिला ने परिवारिक कलह के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो उसको फांसी के फंदे से उतार कर नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बरेठा खुर्द गांव निवासी स्वर्गी राज बहादुर की 75 वर्षीय पत्नी राम प्यारी ने परिवारिक कलह के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको फांसी के फंदे से उतार कर बिंदकी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

वही जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# आशा व ऐनम के माध्यम से नागरिको को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक करें-जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, शाषी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रभारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन इच्छाशक्ति के साथ पूरी जिम्मेदारी से करते हुए नागरिको को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। स्वास्थ्य संबंधी सभी पैरामीटर्स की बिन्दुवार समीक्षा की और पिछली बैठक के कार्यवाही की पुष्टि की ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना व सेवा प्रदाता के भुगतान में जिन स्वास्थ्य केंद्रों का प्रतिशत कम है, का सपष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती/धात्री/बच्चों का टीकाकरण का कार्य समय से कराया जाय और गर्भवती महिलाओं की सभी जांच समय से कराए। एसएनसीयू में भर्ती बच्चो के डिस्चार्ज के बाद में उन पर निगरानी बनाए रखे और आशा कार्यकत्री के माध्यम से फीड बैक ले। उन्होंने कहा की सभी केन्द्र प्रभारी आशा कार्यकत्री एवं ऐनम के साथ नियमित बैठक करे, साथ ही उनके कार्यों पर निरंतर निगरानी बनाए रखे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में खून की सभी जांचे कराई जाय, के लिए जो भी सामग्री की आवश्यकता है नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सामाग्री की पूर्ति की जाय। बीएचएनडी दिवस पर सभी स्वास्थ्य सुविधाएं व जाँच संवेदनशीलता के साथ करायी जाय ।उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ्य केंद्रों में दवाईयों के स्टाक का निस्तारण समय से करते हुए उनकी मांग कर ले, ताकि स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की उपलब्धता बनी रहे। ई-कवच पोर्टल, मन्त्रा पोर्टल, आर0सी0एच0 पोर्टल, एच0आई0एम0एस0 पोर्टल , यू0पी0एच0एम0आई0एस0 पोर्टल , आदि सभी स्वास्थ्य विभाग के पोर्टलो पर समय से शत प्रतिशत फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान दिया जाय, आशा व ऐनम के माध्यम से नागरिको को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक करें और यदि कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डा0 इस्तियाक अहमद, सीएमएस महिला व पुरुष, डीपीएम डा0 लाल चन्द्र गौतम, डा0 सुरेश सहित ईएमओवाईसी सहित संबन्धित उपस्थित रहे।

# रंजिश वश युवक को गोली मारकर किया घायल

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र में रंजिश वश युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। नगला गडरिया निवासी मनोज कुमार 30 वर्ष पुत्र लोचन सिंह भोर में खेत पर गया था। उसी दौरान कुछ लोगों ने खेत पर उसे पकड़ लिया। उसकी मारपीट की। तथा उस पर फायर कर दिया।

पैर में गोली लगने से बहुत गिर पड़ा। उसके गिरते ही है हमलावर वहां से भाग गए। गोली आवाज सुन वहां



काफी लोग एकत्रित हो गए। उसके पारिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मनोज की पत्नी ने बताया तीन-चार दिन पहले मोटरसाइकिल तेज चलाने का विरोध करने पर कुछ लोग उसके पति से रंजिश मानने लगे थे। पत्नी का आरोप है उन्ही लोगों ने पति को गोली मारी है। उसने बताया एक दिन पहले भी उन्हें घेर कर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल किया था। घटना की थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# वैज्ञानिक के साथ धोखाधड़ी, पैकर्स एंड मूवर्स के नाम मुकदमा दर्ज।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ ।सीएसआईआर सीडीआरआई मे शोध छात्र के रुप मे कार्यरत वैज्ञानिक से एल्डिको निवासी पैकर्स एंड मूवर्स कंपनी ने सामान भेजने का वादा किया,आरोप है कि पैसे भी ले लिया,लेकिन सामान पूरा नहीं पहुंचाया,पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में नामजद तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

प्रज्जवल मिश्रा निवासी 13ए /9 सिविल लाइंस,जनपद प्रयागराज के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह 2021 से लखनऊ में सीएसआईआर सी0डी0आर0आई मे शोध छात्र के रुप मे कार्यरत थे । 10 जुलाई को इनका स्थानान्तरण जवाहरलाल नेहरु उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केन्द्र बेंगलुरु में हो गया है ।प्रज्वल मिश्र ने विवेक शुक्ला एंव कार्तिक तोमर जो कि फेडेक्स फ्लाई लोजिस्तिक्स के नाम से मूर्वस एंड पैकर्स चलाते है। जो कि एल्डिको उद्यान 2 राय बरेली रोड,पीजीआई लखनऊ के हैं से संपर्क किया। और इनके आश्वासन पर रु6000/- का भुगतान करने के बाद अपना घरेलू सामान इन्हे दे दिया । सामान ले जाने के बाद इन्होने धमकाते हुए रु1000/- का और भुगतान कराया। और मेरे सामान को हानि पहुचाने की चेतावनी दी 19 जुलाई को ले गया सामान,2अगस्त को इन्होने केवल आधा सामान ही मुझे मेरे बताए पते पर दिया।

आधा सामान टेबल, स्मार्ट वांच, ट्रिमर इत्यादि चोरी की नियत से रख लिया। इनसे कई बार संपर्क करने पर इन्होने मुझे सामान ना देने तथा जान माल की हानी पहुंचाने जैसी धमकी दी है ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लापता युवक का एक सप्ताह बाद मिला शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के असोथर थाना क्षेत्र के प्रेममऊ कटरा गाँव में एक सप्ताह पूर्व एक युवक अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की मगर कुछ भी पता नही चला। थकहार कर स्थानीय पुलिस को युवक के गायब होने की लिखित तहरीर दिया। जिसका कल उसी के धान के खेत में ग्रामीणों ने शव पड़ा हुआ देखा तो मृतक के परिजनों को जानकारी दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा शिनाख्त के बाद पुलिस शव मिलने की सूचना अपने आला अधिकारियों को देकर घटना की जाँच पड़ताल में जुटी रही।

जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के प्रेममऊ कटरा गाँव निवासी स्व. मान सिंह का 20 वर्षीय पुत्र देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र 21 अगस्त को हनुमान मंदिर चौराहा बताकर घर से निकला था। उसके बाद से वह घर वापस लौटकर नहीं गया। परिजन काफी परेशान थे सभी जगह खोजबीन की मगर कुछ भी पता नही चला तो स्थानीय पुलिस में गुमसूदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन में जुटी रही मगर कोई सफलता नहीं मिली। कल उसका शव उसी के धान के खेत में ग्रामीणों ने पड़ा हुआ देखा तो मृतक के परिजनों को जानकारी दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव मिलने की सूचना अपने आला अधिकारियों को देकर घटना की जाँच पड़ताल में लगी रही है। जिले के आला अधिकारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने और घटना का जल्द खुलासा करने का भरोसा दिलाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई हरिओम ने बताया कि हमारा गाँव निवासी राज कुमार के पुत्र कमलेश से 6 वर्षो से जमीनी विवाद चल रहा है। कमलेश और उसकी पत्नी राम रानी व दो लोग हुसैनगंज थानां क्षेत्र के पड़री गयासपुर गांव निवासी राम सजीवन का पुत्र गोरे व राजू चार लोगों ने मिलकर मेरे भाई देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र की हत्या कर उसके शव को हमारे ही धान के खेत मे डाल दिया था। चार लोगों के खिलाफ हमने पुलिस की तहरीर दिया है।

# मृतक आश्रित की पत्नी को रू 500000 सहायता राशि प्रदान की गई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर दिनांक 30-03-2023 को स्व० कन्हैयालाल पुत्र स्व0 लखनलाल जो होमगाड्र्स स्वयंसेवक के पद पर कम्पनी देवमई जनपद फतेहपुर में कार्यरत थे, जिनकी सेवाकाल के दौरान थाना औंग के अन्तर्गत डियूटी करते समय दुगार्गंज बडाहार के पास मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। जिनकी आश्रिता पत्नी श्रीमती प्रेमलता को विभागीय सहायता अनुग्रह राशि के अन्तर्गत रू0 5,00000=00 होमगाड्र्स मुख्यालय उ०प्र० लखनऊ द्वारा पास हो गया है तथा परिवार के सदस्य में से किसी एक पात्र आश्रित को होमगार्डस स्वयंसेवक के पद नियुक्त किये जाने



का प्राविधान है जिसकी कार्यवाही प्रचलन में है। होमगाड्र्स कन्हैयालाल के डियूटी भत्ते का भुगतान एक्सिस बैक के सैलरी एकाउन्ट के माध्यम से किया जा रहा था, बैंक के प्राविधानों के अन्तर्गत दुर्घटना में होमगाड्र्स की मृत्यु हो जाने की दशा में एक्सिस बैक द्वारा स्व० कन्हैयालाल की आश्रित पत्नी श्रीमती प्रेमलता को रू0 30,00000-00 (तीस लाख मात्र) का चेक जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं अर्जुन प्रसाद जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स के कर कमलो द्वारा आज दिनांक 29.08.2023 को प्रदान किया गया ।

इस अवसर पर होमगाड्र्स विभाग के अजय कुमार सोनकर ए0टू०डी०सी०, उमेश कुमार मिश्रा, सच्चिदानन्द त्रिपाठी पी०सी०पी०, रामखेलावन, सचिन कुमार कनिष्ठ सहायक, विष्णुदत्त सोनी अवै०क०कमा०, शिवम होमगाड्र्स एवं एक्सिस बैंक के उप शाखा प्रबन्धक अशुतोष सिंह, संजीत कुमार मौलिक एवं हिमांशू शुक्ला उपस्थित रहे।

## निजी अस्पतालों में मौते होने के बाद जागता है स्वास्थ्य विभाग

# 2 दिन में हुई दो प्रसुताओं की मौत

फिरोजाबाद। स्वास्थ्य विभाग की कुंभकर्णी नींद के चलते जनपद में निजी अस्पतालों की बाढ आ गई है। इनमें से अधिकांश निजी अस्पताल ऐसे हैं। जिनके पास कोई एन ओ सी भी नहीं है निजी अस्पतालों के पास विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञभी नहीं है। फिर भी यह लोग धड़ल्ले से अस्पताल चला रहे हैं मोते होने के बाद स्वास्थ्य विभाग जागता है और ऐसे अस्पतालों को सीज भी करता है परंतु यह चीज कुछही दिनों तक लगी रहती है उसके बाद पता नहीं कब सीज खुल जाए और यह अस्पताल पुनः चालू हो जाते हैं। नगर के रेपुरा रोड स्थित ओम साईं नाथ अस्पताल में एक प्रसूता प्रीति पत्नी सूरज निवासी बबलू की ठार थाना मठसेना कि सोमवार को मौत हो गई थी वहीं आज मंगलवार की प्रातः एमबी हॉस्पिटल




असफाबाद थाना रसूलपुर में फिरदोस पत्नी साहबे आलम निवासी मोमिन नगर थाना रसूलपुर की प्रसब के दौरान मौत हो गई थी दोनों की मोत होने के बाद हंगामा कटा था दोनों महिलाओं के सब को लेकर पुलिस भी जिला अस्पताल आई और उनका पोस्टमार्टम भी कराया गया दोनों मृतकाओ के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप भी लगाया था तब जाकर स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी और उन्होंने दोनों अस्पतालों को सीज कर दिया अब देखना यह है उक्त दोनों हॉस्पिटल कब तक सीज रहते हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद को जिला विज्ञान क्लब ने किया नमन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर माल्यार्पण करके नमन किया।




अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1950 को प्रयाराज में हुआ था। उनकी जन्मतिथि को अपने देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मेजर जब ब्राह्मण रेजीमेंट में थे उस समय मेजर बले तिवारी से, जो हाकी के शौकीन थे। उनसे हाकी का प्रथम पाठ सीखा। सन 1922 से सन 1926 तक सेना की ही प्रतियोगिताओं में हॉकी खेला करते थे। दिल्ली में हुई वार्षिक प्रतियोगिता में जब इन्हें सराहा गया तो इनका हौसला बढ़ा। 13 मई सन1926 ई. को न्यूजीलैंड में पहला मैच खेला था। न्यूजीलैंड में 21 मैच खेले जिनमें 3 टेस्ट मैच भी थे। इन 21 मैचों में से 18 जीते, 2 मैच अनिर्णीत रहे और और एक में हारे। पूरे मैचों में इन्होंने 192 गोल बनाए। उनपर कुल 24 गोल ही हुए। 27 मई सन 1932 को श्रीलंका में दो मैच खेले। ए मैच में 21-0 तथा दूसरे में 10-0 से विजयी रहे। सन 1935 में भारतीय हाकी दल के न्यूजीलैंड के दौरे पर इनके दल ने 49 मैच खेले। जिसमें 48 मैच जीते और एक वर्षा होने के कारण स्थगित हो गया। वे तीन बार ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे, जिनमें 1928 का एम्स्टर्डम ओलंपिक, 1932 का लॉस एंजिल्स एवं 1936 का बर्लिन ओलंपिक थे। अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 400 से अधिक गोल किए। अप्रैल, 1949 ई. को प्रथम कोटि की हाकी से संन्यास ले लिया। 74 वर्ष की उम्र में 03 दिसंबर 1979 को दिल्ली में हॉकी के महान जादूगर का निधन हो गया।

इस अवसर पर कु अवन्तिका शर्मा, संस्कृति जैन, संयुक्ता, तनवी जादौन, निवेदिका, शिवानी यादव, दीक्षा, संध्या, शालिनी, भूमि गुप्ता, सोनाली, स्नेहा बघेल, अल्तिशा, संध्या राजपूत, अंजली मिश्रा, मीर खान, रोहित राजपूत, रितिक बघेल, मोहन, अयाज, आशीष कुमार, अमन कुमार, बृजमोहन, आयुष, कृष्णा, हारून, महेन्द्र सिंह, सोहैल जैन, शुभम जैन, अनुराग, शिवम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महावीरी झंडा के सभी अखाड़ों को नपा अध्यक्ष ने दिया मेडिकल किट और सहयोग राशि

## -अध्यक्ष संतकुमार ने अपने कैंप कार्यालय पर सभी अध्यक्षों को पगड़ी दे किया सम्मानित

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : नगर पालिका परिषद बलिया के द्वारा कल निकले वाले महावीरी झण्डा के सभी अखाड़ों में सहयोग राशि एवं मेडिकल कीट का वितरण किया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संतकुमार गुप्ता ने अपने कैम्प कार्यालय पर सभी नौ अखाड़े में वितरित किया।

महावीरी झंडा के अध्यक्ष एवं आयोजको को अंगवस्त्रम और पगड़ी पहनाकर स्वागत करते हुए मेडिकल किट और सहयोग राशि भेट करते हुए की

अध्यक्ष ने कहा की बलिया का महावीरी झण्डा बलिया के इतिहास और आजादी के इतिहास से जुड़ा है। अंग्रेजी हुकूमत के दासता के विरुद्ध बलिया के बागियों ने पहली बार झण्डा निकाला था जो आज भी नगर में परम्परागतरूप से निकलता है। मैं सभी आयोजकों को धन्यवाद देता हूं जो इस ऐतिहासिक परम्परा को कायम रखे है।



इस अवसर पर अखाड़ नगर कमेटी, अखाड़ा विजईपुर, टाउन हाल, लोहापट्टी, चमन सिंह बाग, बालेश्वर घाट, सिनेमा रोड, गुदरी बाजार और मिड्ढी अखाड़े के आयोजक और अध्यक्ष पूर्व सभासद हरिशंकर राय, शैलेश सिंह, विमलेश सिंह, सभासद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता अभिषेक सेठू आदि लोग उपस्थित रहे।

## पानी टंकी परिसर में लगा ट्रांसफार्मर जला, फजीहत

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : स्थानीय कस्बा के फेफना मार्ग पर स्थित जल निगम के पानी टँकी परिसर में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर तीन दिनों से जला होने से जलापूर्ति बाधित है। कस्बा सहित क्षेत्र के चांदपुर, नारायनपाली, जैतपुरा, कुदीर्पुर, मनियर आदि दर्जनों गांवों के घरों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है। पानी टंकी पर तैनात पम्प आपरेटर चंद्रभूषण पटेल ने बताया कि विद्युत विभाग को सूचना देने के बाद भी जले ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जा रहा है।

# प्रेमिका से शादी में बाधक बन रहे पूर्व प्रेमी की मां को ही सिरफिरे आसिक ने चाकूओ से गोद कर मार डाला

## *20 दिनो बाद आंगनबाडी कार्यकर्ती की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना जसराना आशिकी का जुनून इस हद तक एक सिरफिरे आशिक के उपर सबार हो गया कि उसने प्रेमिका के पूर्व प्रेमी से बदला लेने के लिये उसकी मां को ही बेरहमी से चाकुओ से गोदकर मार डाला। हत्या का खुलासा सीओ ने थाना कोतवाली पर प्रेस कांन्फ्रेस कर दिया।

सीओ राजवीर सिंह ने जानकरी देते हुए कहा कि आरोपी प्रदीप पुत्र बृजेष निवासी ग्राम डिवायची थाना शिकोहाबाद ने बताया कि उसके प्रेम संबध एक लडकी से थे। जिसकी बहिन की ससुराल मेरे गांव में है। तीन -चार महीने पहले वह लडकी अपनी बहिन के घर धूमने आई तब उसकी उस लडकी से दोस्ती हो गई। उसी लडकी के समबंध मनीष पुत्र हरिष चन्द्र कटरई नगला मानसिंह से भी थे। प्रदीप उस लडकी से शादी करना चाहता था और वह लडकी भी प्रदीप से शादी करना चाहती थी। लेकिन मनीष उस लडकी से बात करना बंद नही कर रहा था। मेने मनीष का नम्बर लेकर उसे समझाया और लडकी ने भी समझाया पर वह बात करना बंद नही कर रहा था और कहता है कि मेरी दोस्ती पहले आप से आप से थी, मे मना करती हू तो वह मुझे धमकाता है और धमकी देता है।



प्रदीप ने बताया कि दिनाक 6 अगस्त को हम तीनो के बीच कंफ्रेस काल पर बातचीत हुई। उसने कहा कि उसने मनीष से कहा कि हम लोग शादी करेगे अब आप बात न किया करें तो मनीष ने भददी भददी मां बहिन की गालीया देनी सुरू कर दी। प्रदीन ने काल काट दी तो उसने कई बार फोन लगाकर गाली गलौज की। दिनांक 8 अगस्त को मनीश ने फिर से फोन पर प्रदीप को मां बहिन की भददी भददी गालीयां दी तो फिर प्रदीप आक्रोषित हो गया और उसने मनीश को व उसके घर बालो को देख लेने की धमकी दी और कहा कि अब तुम्हे ही देखना है। अभियुक्त प्रदीप मनीष और उसके परिवार के लोगो को आने जाने में अच्छी तरह से देख रखा था। प्रदीप को पता था कि मनीष की मां नगला केकन में पढाने जाती है और कब बापिस आती है। मनीश द्वारा प्र दीप को दी गई गालीयां एवं उसकी प्रेमिका से बार बार बात करने के उपर दिनाक 8 अगस्त को प्रदीप ने जुनून में आकर पहले से ही चरी के खेत में घात लगाकर बैठकर मृतका कुसुमलता के आने का इंतजार करने लगा जैसे ही आंगनबाडी कार्यकर्ती कुसुमलता चरी के सामने आई तो प्रदीप ने पीछे से धक्का देकर कटी चरी में ले जाकर छुरा से लगातार बार करके मिर्भम हत्या कर दी और सैउडा के रास्ते वहा से फरार हो गया। सीओ राजवीर सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी महेश कुमार, एसएसआई जयचन्द्र बाबू शर्मा, एसओजी प्रभारी नितिन त्यागी एवं सर्विस लाईंस प्रभारी ने अपनी अपनी टीम लगाकर हत्यारोपी तक पहुचे और उसे बीतीरात 9 बजे करीव डिवाईची मोड से गिरफतार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

# गृह कलहसे तंग प्रोढ ने लगाईछलांग तलाश जारी

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र में स्थित ईंधोन के पुल से एक प्रोढने जमुना में छलांग लगा दी जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया सूचना पर इलाका पुलिस भी पहुंच गई जिसने गोताखोरों के माध्यम से प्रोढ की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक प्रोढ को जमुना से निकला नहीं जा सका है।

थाना उत्तर के मोहल्ला ओम कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय रमन शर्मा पुत्र स्वर्गीय कमलेश शर्मा गृह कल से परेशान था। वह मंगलवार की प्रातः काम पर जाने की बात कहकर स्कूटी पर सवार होकर घर से निकल गया वह सीधा काम पर ना जाकर थाना बसई मोहम्मदपुर के क्षेत्र स्थित ईधोन के पुल पर पहुंच गया जहां उसने स्कूटी खड़ी कर जमुना में छलांग लगा दी वहां उपस्थित लोगों ने उसे छलांग लगाते हुए देखा तो शोर किया आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए इधर सूचना मिलते ही विधायक सदर मनीष असीजा और पुलिस मौके पर पहुंची विधायक सदर नेजिला अधिकारी को घटना से अवगत कराया और प्रौढ़ की तलाश के लिए गोताखोर लगाने को कहा गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर यमुना में प्रोढ की तलाश शुरू कर दी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक रमन का कोई पता नहीं चला गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हुए हैं।

# पुलिस ने तीन शराब तस्करों को पकड़ा

अनिल सिंह, समाज जागरण /बैरिया (बलिया) : शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए शराब को बरामद किया।

उनि राजीव कुमार पाण्डेय को सूचना मिली की तीन व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से नदी के किनारे ग्राम चाँददियर के पास शराब की पेटी ले जा रहा है एवं नदी किनारे इकट्ठा किया हुआ है और नांव से बिहार ले जाने के फिराक में है। पुलिस ने रणनीति बनाकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में विकास कुमार राय पुत्र राजेश राय निवासी बड़का बैजू का टोला, प्रिय रंजन यादव पुत्र स्वर्गीय बृज बिहारी यादव ग्राम किताब दिया तथा नितेश ठाकुर पुत्र प्रेम ठाकुर नई बस्ती बैजू टोला शामिल रहे। पुलिस ने भारी मात्रा में शराब भी बरामद किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद का आयोजन

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : जूनियर हाईस्कूल सिकंदरपुर के प्रागंण में मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस के दिन के रूप में राष्टीय खेलकूद दिवस का आयोजन जूनियर हाई स्कूल के छात्र व छात्राओं द्वारा बिभिन्न खेल का आयोजन कर मनाया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नवानगर रमेश कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे। अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य अभिलाष चंद मिश्रा ने की। बच्चों ने समूह गीत के माध्यम से अतिथियों के स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक व शारीरिक शिक्षक की निगरानी में बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें दौड़, रस्सी दौड़, कबड्डी जैसे मनोरंजक खेल शामिल रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को मैडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि रमेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में आवश्यक है और स्वस्थ जीवन के लिए खेलना और व्यायाम अति आवश्यक है। बिना खेल के जीवन में उन्नति नहीं हो सकती। वहीं प्रधानाचार्य अभिलाष चंद मिश्रा, ने भी खेल की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक अशोक यादव, सुनील मिश्रा, सुधीर मिश्रा, बिजेंद्र यादव, हरिशंकर प्रजापति, जितेंद्र कुमार, आलोक कायनोजिया, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सलीम, प्रियंका, साधना राय, इंदु यादव, दीपक कुमार जायसवाल, आलोक रंजन, गयानेंद्र यादव, शिवम प्रेम कुमार, के साथ सभी स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

# आरके मिशन स्कूल सागरपाली में धूमधाम से मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**-मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजन, प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने सभी को दिया आशीष**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : शहर से सटे सागरपाली में स्थापित आरके मिशन स्कूल में धूमधाम से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन हुआ। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का मनोयोग से प्रदर्शन किया। प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव सहित अतिथियों ने खिलाड़ी छात्रों को आशीष प्रदान किया। राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ तदुपरांत उनके महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। कक्षा 6, 7 व 8 के छात्रों में पिरामिड बनाकर अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित किया। एरोबिक में कक्षा 8 9 व 11 की छात्राओं ने प्रतिभा



# पांच जालसाजों पर बैरिया पुलिस ने किया मुकदमा

शकील खान, समाज जागरण /सुरेमनपुर (बलिया) : कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मंहगी जमीन की खरीद बिक्री के मामले में बैरिया थाने में पांच लोगों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज होने से जालसाजी करने वालों में हड़कम्प मचा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि सरबुन निशा उर्फ सैबुन निशा पत्नी स्व. खलील अंसारी (निवासी मिश्र के मठिया, मांझी रोड थाना बैरिया) द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया गया था कि मेरे पति की मौत 25 अक्टूबर 2016 को हो गई थी। मेरी जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के किनारे है, जिसे फर्जी तरीके से खरीद बेच किया गया है। इसमें सकीना बेगम, सहजाद अली, शमशेर बहादुर सिंह, शहिद अंसारी, फैयाज अहमद शामिल है। न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सरकारी नौकरी का कूटरचित फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले छह गिरफ्तार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : सरकारी नौकरी का कूटरचित नियुक्ति पत्र देने वाले छह अभियुक्तों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके कब्जे में पुलिस को फर्जी नियुक्ति पत्र, रजिस्टर व लैपटॉप बरामद भी पुलिस ने बरामद किया।

जनपद के साइबर सेल व कोतवाली पुलिस टीम को बड़ी महत्वपूर्ण सफलता मिली। गिरफ्तार अभियुक्त सीधे साधे लोगो को नौकरी का लालच देकर उनको नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम लेते थे। जिला न्यायाधीश बलिया का कूटरचित फर्जी हस्ताक्षर व हाईकोर्ट इलाहाबाद की मोहर अंकित कर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करते थे। फर्जी नियुक्ति पत्र व फर्जी दस्तावेज को तैयार करने वाले 03 अभियुक्तों जलाल अहमद पुत्र स्व0 मोबीन अहमद, जुनैद अहमद पुत्र समसेर साह और हिमांशु बरनवाल पुत्र दिलीप बरनवाल समस्त निवासीगण ग्राम रतसड थाना गडवार को बस स्टैण्ड बलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद अन्य अभियुक्तों निहाल सिंह पुत्र कदम राम निवासी रामपुर थाना कोतवाली, हातिम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र मो0 आरिफ खान निवासी विशुनीपुर सब्जी मार्केट थाना कोतवाली व सिरादुद्दीन उर्फ बंटी पुत्र समसुद्दीन अंसारी निवासी विशुनीपुर थाना कोतवाली को भी गिरफ्तार किया गया।

# सावन के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

**समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : सावन के पवित्र महीने में के आखिरी दिन हर गांव में अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने रुद्राभिषेक करते दिखे। रामगढ़ के भीमेश्वर बाबा शिव मंदिर पर सुबह से दोपहर के 2:00 बजे तक भक्तों की भारी भीड़ रही तो वहीं मीनापुर में रुद्र महाकालेश्वर शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक करने वालों की लाइन लगी रही। क्षेत्र का ऐसा यह चर्चित शिव मंदिर है जहां भक्तों की सारी मुरादे भगवान भोलेनाथ पूरी करते है। मीनापुर के कौशल पांडे , राजलू पांडे सहित अनेकों लोगों की मान्यता है । कि यहां जो भी भक्त अपनी मन्नत लेकर आया कभी खाली हाथ नहीं गया। सावन के आखिरी दिन रामगढ़ के दैनिक समाज जागरण के पत्रकार अमित सिंह ने अपने पूरे परिवार के साथ रुद्र महाकालेश्वर शिव मंदिर मीनापुर में रुद्राभिषेक करते हुए भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया।



## अज्ञात वाहन के धक्के से बृद्ध घायल

**समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : बलिया सोनौली राज्यमार्ग पर जनुवान पुलिया के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से 60 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल सदर अस्पताल के लिए रेफर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकन्दरपुर क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी डुमरी प्रसाद गुप्ता 60 वर्ष पुत्र मुन्नीलाल गुप्ता मंगलवार की दोपहर को बलिया की तरफ से बाइक द्वारा काजीपुर घर वापस जा रहे थे, वह जैसे ही जनुवान पुलिया के समीप पहुंचे, कि अचानक विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन से इनके बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। जिससे डुमरी प्रसाद घायल हो गए। स्थानीय लोग व पुलिस द्वारा उन्हें घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीमों द्वारा जिले में तहसील स्तर तक रक्षाबंधन त्योहार पर खाद्य पदार्थो की दुकानों पर मारा गया छापा

उरई(जालौन)।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ०प्र० व जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ० जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद की समस्त तहसीलों में आगामी रक्षाबंधन त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर निम्नलिखित कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि जालौन तहसील के चुंगी नं0 04 पर स्थित महेन्द्र कुमार कुशवाहा की दुकान से खाद्य पदार्थ खोया व बूँदी के लड्डू का नमूना संग्रहित किया। माधौगढ़ तहसील के बंगरा पर स्थित राहुल कुशवाहा की दुकान से खाद्य पदार्थ गोद का लड्डू का नमूना संग्रहित किया।माधौगढ़ तहसील के बंगरा पर अनिल कुमार की दुकान से खाद्य पदार्थ वर्फी (खोया + चीनी से निर्मित) का नमूना संग्रहित किया।कोंच तहसील के मार्केण्डेयश्वर चौराहा पर स्थित रोहित सोनी की दुकान से खाद्य पदार्थ बेसन का लड्डू का नमूना संग्रहित किया।कोच तहसील के मार्केण्डेयश्वर चौराहा पर स्थित फरीद कुरैशी की दुकान से खाद्य पदार्थ मिठाई का नमूना संग्रहित किया। कोंच तहसील के मार्केण्डेयश्वर चौराहा पर स्थित शंकर मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ लड्डू का नमूना संग्रहित किया। कोच तहसील के मार्केण्डेयश्वर चौराहा पर स्थित चन्द्रभान अग्रवाल की दुकान से खाद्य पदार्थ पेड़ा (खाया + चीनी से निर्मित) का लड्डू का नमूना संग्रहित किया। कुल 08 नमूनें संग्रहित किये गये व 04 खाद्य कारोबारकताओं को सुधार नोटिस निर्गत किये गये एवं कुल लगभग 20 किलोग्राम मिठाई को संदेह के आधार पर नष्ट कराया गया। उक्त नमूनों को जाँच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जॉच परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



टीम में डॉ० जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य) - क्क खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार, खाद्य सहायक रमेश चन्द्र मौजूद रहें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रामपुरा व माधौगढ़ थाना पुलिस द्वारा एसओजी टीम, सर्विलांस टीम के सहयोग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**समाज जागरण**

उरई(जालौन)।एसओजी/सर्विलांस टीम जालौन एवं थाना कोतवाली माधौगढ़ व थाना रामपुरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी हरेन्द्र सिंह पुत्र अहिबरन सिंह को 5 घंटे में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल होने पर अवैध असलहा सहित गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया।

ज्ञातव्य हो कि उपरोक्त घटना 27 अगस्त की रात्रि की है।जिसकी सूचना पीड़ित बच्ची के परिजनों द्वारा थाना माधौगढ़ थाना में दी गई।जिस पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार माधौगढ़ थाना पुलिस, एसओजी,सर्विलांस टीमों को नामजद आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था।जिन पुलिस टीमों ने घटना की सूचना से 5 घंटों में ही आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने पर घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।जिसने पूंछ तांछ में घटना को नशे में होने के कारण उपरोक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।



# सदर विधायक द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर 14 वर्षीय बालक हाकी प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ,

## सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा मैच में स्टेडियम टीम विजेता घोषित होने पर पुरस्कार वितरित

उरई(जालौन)।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 14 वर्षीय बालक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ गौरी शंकर वर्मा सदर विधायक के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। हाकी के फाइनल मुकाबला स्टेडियम व सर्वोदय इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ने 4-2 से हरा का विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण का भव्य कार्यक्रम नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा व अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी के कर कमलों के द्वारा किया गया। बॉबी अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक और राष्ट्रीय कोच सिविल सर्विस उत्तर प्रदेश अनूप द्विवेदी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका पूजा और महेन्द्र नाथ पटेल तथा स्कोर सुरेन्द्र कौर के द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम का संचालन ममता स्वर्णकार के द्वारा किया गया। इस मौके पर जूली खातून समाज कल्याण अधिकारी, अलकमा अख्तर, लक्ष्मण दास बवानी, अलीम सामाजिक कार्यकर्ता, संतोष प्रजापति, कृपा शंकर द्विवेदी, एडवोकेट सर्व प्रिय दुबे, राकेश, मुकेश भारतीय, सुनील कुमार, पल्लवी रानी, जिसान ,सम्मी, चंदरशेखर, पूरण सिंह, अमीर अली, अफसर, सादिक अंसारी, ऑमरे अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे। पुरुस्कार वितरण के समापन पर सिराजुद्दीन जिला क्रीडा अधिकारी के द्वारा सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# डीएम के निर्देश पर जीजीआईसी में स्वालंबन कैम्प सह मनो सामाजिक परामर्श शिविर एवं एएनडी में खेल दिवस पर बाल सभा का आयोजन संपन्न

उरई(जालौन)।जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के निर्देश पर तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई के सभागार में जहां एक और स्वावलंबन कैंप सह मनो सामाजिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर मिशन वात्सल्य योजना के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई के सभागार में बाल सभा का आयोजन किया गया ।वहीं अपराह्न में इंदिरा गांधी स्टेडियम में मिशन वात्सल्य योजना के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई के सभागार में महिला कल्याण विभाग की ओर से बालिकाओं व महिलाओं के लिए स्वालंबन कैंप सह मनो सामाजिक परामर्श सिविर का आयोजन किया गया ।इसमें विद्यालय के बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक रागिनी, बाल कल्याण समिति की सदस्या गरिमा पाठक तथा बाल संरक्षण सेवाओं की परामर्शदाता रचना कुशवाहा द्वारा शिविर में आए बालिकाओं के प्रश्नों का तथा समस्याओं का समाधान बताया गया। बालिकाओं ने पढ़ाई में अभिरुचि के लिए क्या किया जाए ,अपने जीवन में कौन सा लक्ष्य निर्धारित करें ताकि उसको हम सहजता से प्राप्त करे तथा पारिवारिक समायोजन से संबंधित कई समस्याओं का जिक्र परामर्शदाताओं से किया जिसका उत्तर परामर्शदाताओं द्वारा दिया गया।

आज के कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की मनीषा सिंह सहायक अध्यापिका ,दीप्ति शांडिल्य, गीता तिवारी ,महिला आरक्षी अनु, नीरज, गीता मिश्रा तथा छात्र काजल, एकता, कनिष्का ,मुस्कान आदि ने प्रतिभाग कर उक्त शिविर को सफल बनाया ।

दूसरी ओर मिशन वात्सल्य योजना के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई के सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल सभा का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन द्वारा माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। बालसभा में विद्यालय परिवार के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

## दूषित मिठाई खाने से दर्जनों लोगों की हालत बिगड़ी,मचा हड़कंप।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ/रेहड़ मिठाई खाने से दो दर्जन से ज्यादा बच्चों से लेकर बुजुर्गों की हालत बिगड़ गई।आनन फानन में बीमार हुए लोगों को परिजनों ने निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहाँ बच्चों का उपचार जारी हैं। प्रभारी चिकित्साप्रभारी ने गाँव में टीम भेजकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की बात कही हैं। जानकारी अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी ब्रिजेश कुमार, जितेन्द्र सिंह, जय सिंह, लोकेन्द्र सिंह, ज्ञान सिंह आदि का कहना हैं गाँव निवासी राकेश सिंह पुत्र मुरारी सिंह ने धेवते के पैदा होने के उपलक्ष्य में गाँव में रसगुल्ले बांटे थें। ग्रामीणों ने बताया कि रसगुल्ले खाने के बाद अधिकांश घरों के लोग बीमार हो गयें जिसमें बच्चों और बूढ़ों की तबियत ज्यादा बिगड़ गयी।



बीमार हुए बच्चों कन्हैया, वासु, बैदेही, गोलू , दीपक, पारूल, नीरज, त्रिशांत, नैना व बुजुर्ग विमला देवी, संतोष देवी, रामलाल, नीरज सिंह आदि की तबियत ज्यादा खराब बताई जा रही हैं जिनका उपचार निजी चिकित्सालय में किया जा रहा हैं।वही दूसरी ओर राकेश सिंह का कहना हैं कि गाँव में बांटी गई मिठाई उनके धेवते के जन्मोत्सव पर उनकी रिश्तेदारी से आई थी, संभव हैं कि गर्मी के चलते मिठाई दूषित हो गई हो। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. खालिद का कहना हैं कि मामला संज्ञान में आया हैं फूड प्वांइजनिंग के कारण लोगों की तबियत बिगड़ी हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को गाँव में भेजकर बीमार हुए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया हैं।

## रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर सजे बाजार, बहनों ने शुरू की खरीददारी

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। हर भाई और बहन को पूरे साल रक्षाबंधन के त्योहार का इंतजार रहता है.यह विशेष दिन भाई बहन के प्यार का प्रतीक होता है. राखी का दिन अपने साथ ढेर सारी खुशियां लेकर आता है. इस खास दिन बहनें चाहे कितना भी दूर रह रही हों, लेकिन वह अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने जरूर आती हैं.इस बार रक्षाबंधन 30 या 31अगस्त की संभावना जाता रही है. इसके साथ ही बाजार भी रंगबिरंगी राखियों से सज गया है.बाजार में रेशमी धागे से लेकर रंगबिरंगी मोतियों और सितारे की बारीक कारीगरी से सजी राखियां बिकनी शुरू हो गयी हैं.बहनें भाइयों के लिए राखी और मिठाई खरीद कर भेजने की तैयारी में जुटी नजर आ आई भीड़ भारी मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल तैनात।भाई द्वारा बहन की रक्षा का प्रति त्यौहार रक्षाबंधन के पर्व पर मंगलवार को मेंन बाजार, चौक बाजार,बस स्टैंड पर राखी, मिठाई और फलों की दुकानें सज गई हैं बाजारों में भारी मात्रा में बहनें भाइयों के लिए मिठाई, फल, राखी आदि खरीदारी करते नजर आए। बस स्टैंड स्थित अति व्यस्त जसपुर तिराहा मेंन बाजार, सराफा बाजार, आदि पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात का पाठ पढ़ाया तथा यातायात उल्लंघन करने वालों के चालान भी काटे। सुरक्षा व्यवस्था गीत कमान कोतवाली थाना प्रभारी हम्बीर सिंह, एसआई बृजपाल सिंह,महिला एसआई काजल तेवतिया, प्रशांत कुमार नितिन कुमार आदि संभाले हुए थे।



## जंगल से निकलकर गांव ओर शहर की तरफ दौड़ रहे गुलदार, इंसानों पर बढ़ते हमलों की वजह लोगों की जा रही है जान क्षेत्र में गुलदार भय

। अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बढ़ापुर/ अफजलगढ़ गन्ने के खेत में पति-पत्नी घास काटने के दौरान महिला पर गुलदार ने किया जानलेवा हमला सीचसी में भर्ती कराया। लगातार गुलदार द्वारा किए जा रहे हैं हमलों से क्षेत्र में भय व्याप्त ।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम भोगपुर थाना बढ़ापुर में एक तेरह वर्षीय किशोर को गुलदार ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। उक्त घटना की स्याही अभी सुखी भी नहीं थी के भोगपुर के तीन किलोमीटर फास्ले के समीपवर्ती गांव चंपतपुर चकला थाना बढ़ापुर निवासी जगीर कौर पत्नी प्रीतम सिंह गन्ने के खेत में पशुओं के लिए दंपति घास काट रहे थे कि पत्नी पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पति ने गुलदार से मुकाबला कर पत्नी की जान बचाई। परिजनों में घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रजनीश कुमार , डाक्टर निराला द्वारा इलाज जारी है।



## राशन डीलर सस्ते गल्ले की दुकान हेतु प्रस्ताव लिये बुलाई गई बैठक बी नतीजा ।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ समीपवर्ती ग्राम मानियावाला मे सस्ते गल्ले की दुकान के लिए मनादी करा कर ग्राम में स्थित बारात घर में खुली बैठक का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी आई एस बी इकबाल अहमद ने बताया कि ग्राम मे राशन डीलर के चयन को लेकर भारी हंगामा होता था और बार बार राशन डीलर के चयन के लिए बैठक निरस्त करनी पड़ती थी।अब सरकार ने राशन डीलर का कार्य श्वम सहायता समूहों को देने का निर्णय लिया है। चूंकि ग्राम मानियावाला की राशन डीलर की दुकान पिछड़ी जाति के लिए सुरक्षित है।इस लिए ग्राम के वहीं श्वम सहायता समूह ही अपना आवेदन कर सकते हैं जो 7 जुलाई 2020 से पहले बनें हो और उनके समुहो मे पिछड़ी जाति के सदस्यों की संख्या अधिक यानी समूह मे ग्यारह सदस्य है तो छह सदस्य पिछड़ी जाति के होने चाहिए। बैठक में अली स्वयं सहायता समूह, भूमि स्वयं सहायता समूह,अटल स्वयं सहायता समूह,व अलबली स्वयं सहायता समूह यानी चार समूह की अध्यक्षो ने अपने प्रस्ताव दिये। राशन डीलर का चयन जिला चयन समिति द्वारा किया जायेगा।जिस समूह का कार्य चयन समिति को अच्छा लगेगा उसी का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार ग्राम प्रधान शाहीन तसव्वुर कुरैशी सेक्रेटरी इरफान मंसूरी, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार व भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहे।



## भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पर सोशल मीडिया के माध्यम से पर अभद्र टिप्पणी किये जाने पर भाकियू कार्यकर्ता में उबाल ।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ/ रेहड़ सोशल मीडिया फेसबुक पर "संजय वर्मा भाजपा" नामक आई द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन चौधरी राकेश टिकैत पर अभद्र टिप्पणी किये जाने से भाकियू में उबाल है।जिसके चलते स्थान स्थान पर कोतवाली अफजलगढ व थाना रेहड़ में भाकियू ने तहरीर सौपी है। जिसमें बताया गया है ।चौधरी राकेश टिकैत के विरुद्ध अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया है। जिससे संगठन के समस्त कार्यकताओं व किसानों के आत्म सम्मान को ठेस लगी है,जिससे समस्त भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं व किसानों में टिप्पणी के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन मांग करती है, कि संबंधित व्यक्ति जिसका नाम संजय वर्मा भाजपा है जिसके द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग व अभद्र टिप्पणी करी गई है, उस व्यक्ति के विरूध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसके विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के अलावा मुख्तियार सिंह,चौधरी विजेंद्र सिंह,शिव सेना की जिलाध्यक्ष संजय राणा,हरि सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह ,बिरसा सिंह, गुरमुख सिंह,संजय सिंह , अतुल शर्मा ,राणा सिंह, मनवीर यादव , पंकज शर्मा ,हरभजन सिंह तथा गुरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



## स्कूल बस की चेपट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की सड़क पर गिरने से मौत।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ थाना क्षेत्र गांव मीरापुर मोदीवाला निवासी हाजी ताजीम पुत्र अब्दुल रज्जाक उम्र 70 वर्ष समय करीब 2:30 बजे दोपहर अपने घेर जा रहे थे कि सन साइन स्कूल की बस गांव से बच्चों को छोड़कर चालक बस बैक कर रहा था कि बस की चपेट में आने से बुजुर्ग हाजी ताजीम सड़क पर गिर गए जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई उधर ग्राम प्रधान गुरवचन सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा बस चालक के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है उधर थानाध्यक्ष हम्बीर सिंह कहना है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल दिवस मनाया गया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ कॉलेज प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य के नेतृत्व में खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ -चढ़ कर विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भारत में खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों जैसे नेता की खोज, बौद्धिक क्षमता के लिए भारतीय शहरों की श्रृंखला बनाना , रस्सी कूद, कोड़ा जमाल खाई ,दर्पण, रूमाल छू, मैं शिवाजी, गणेश छू, पौस्मपा भाई पौस्मपा,खो खो आदि का आयोजन किया गया प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन में होने वाले खेलों से लाभ बताते हुए मानव जीवन में खेलों के महत्व से अवगत कराया तथा बताया कि खेलों से हमारे अंदर टीम भावना का विकास होता है। कक्षा आठ के बहिन मनसा ने मेजर ध्यान सिंह का जीवन परिचय छात्र-छात्राओं के समक्ष रखा। खेल दिवस में खेल एवं शारीरिक प्रमुख राजीव कुमार गुप्ता के अतिरिक्त कल्याण सिंह, आनंद भूषण यादव , ओंकार सिंह ,खुशीराम सिंह, दीपक कुमार, अमरीश कुमार, अरुणा देवी, शिखा गुप्ता आदि की सहभागिता रही।



## खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा; रितेश वर्मा

**गंगेरवा गांव में युवक मंगल दल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित**

**समाज जागरण**
**अमेठी**

मुसाफिरखाना में हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंगलवार को गंगेरवा के खेल मैदान में युवक मंगल दल द्वारा एक दिवसीय खंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई ।कार्यक्रम का आयोजन युवक मंगल दल के अमित यादव ने किया ।
कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रितेश वर्मा व ग्राम प्रधान जीत बहादुर यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया ।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रितेश वर्मा ने कहा कि खेलों में शामिल होना ही महत्वपूर्ण होता है हार जीत मायने नहीं रखती है ।खेलों से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है ।वही प्रतियोगिता के समापन अवसर विजय यादव ने पुरस्कार वितरित किए ।प्रतियोगिता में गंगेरवा नेवादा पूरे भवानी भीख सहित विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया ।इस दौरान पूर्व प्रधान नेवादा घनश्याम पांडेय विजय यादव सुशील यादव राजेश यादव संदीप यादव अमित यादव करन यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## मिशन शक्तिह्व अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया

**समाज जागरण**
**अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद अमेठी के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं गांवों में जाकर चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइङ्क, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया ।



## सड़क दुर्घटना में तीन घायल- रेफर

**समाज जागरण**
**अमेठी**

मुसाफिरखाना में सर्किल क्षेत्र के कंजास मोड़ हाईवे निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
मंगलवार को नामदासपुर थाना जगदीशपुर निवासी नितिन पुत्र मंगरु मुकेश पुत्र विंध्या नंदिनी पुत्री मंगरु बाइक से जा रहे थे कि कंजास मोड़ हाईवे निकट अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने कराई कबड्डी प्रतियोगिता।।

**समाज जागरण अमेठी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने अमेठी के विभिन्न ब्लाकों में हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर कबड्डी कुश्ती जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई गयी। जिसमें बढ़ चढ़कर विद्यार्थियों ने सहभाग किया अमेठी के भेटुआ ब्लॉक में कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, गौरीगंज तहसील के शाहगढ़ ब्लॉक में कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजेता एवं विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया, इसी क्रम में मुसाफिरखाना में भी कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई।
इस दौरान शाहगढ़ ब्लॉक मेंपूर्व जिला संयोजक प्रियम त्रिपाठी एवं शैलेंद्र यादव की अगुवाई में कार्यक्रम किया गया, जहां पर कार्यक्रम संयोजक के रूप में विनय तिवारी उपस्थित रहे।
अमेठी तहसील के भेटुआ ब्लॉक में कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन में प्रियम त्रिपाठी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे जहां पर त्रिपाठी ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया
मुसाफिरखाना में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में राहुल कौशल विनय तिवारी आदि उपस्थित रहे उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के बीच में रचनात्मक कार्यक्रम करती रहती है इसी क्रम में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर जिले के विभिन्न स्थानों पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया शैलेंद्र यादव ने कहा कि जिस प्रकार से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले भर में खेल गतिविधि के माध्यम से कार्यक्रम कर रही है यह अत्यंत ही सराहनीय है इससे विद्यार्थियों में खेल के प्रति उत्साह एवं रुचि बढ़ेगी।।



## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त ।

**समाज जागरण अमेठी**

आज अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार द्वारा त्यौहार श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु एवं आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में पैदल मार्च कर संभ्रान्त व्यक्तियों, दुकानदारों व आमजनमानस से वार्ता की गई एवं त्यौहार को मिलजुल कर शान्ति व सौहार्दपूर्वक मनाने, अफवाहों पर ध्यान ना देने की अपील की गई ।



## सीड प्लांटो के धांधली रोके जिला प्रशासन । उस्मान

**शावेज अहमद**

रामपुर। किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट रामपुर परिसर में एकत्रित हुए और प्राइवेट सीड प्लांटो द्वारा गेहूं प्रोसेसिंग कर पैक करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय ज्ञापन अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह को सोपां इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा बिलासपुर में तीन दर्जन से अधिक सीड प्लांट हैं जो की कृषि विभाग द्वारा अध्यक्ष क्षमता से दोगुना गेहूं भंडारण कर रहे हैं इसमें भी ज्यादातर गेहूं घटिया दर्जे का दड़ा क्वालिटी का गेहूं है नियम अनुसार गेहूं पैक करते समय बीज प्रमाणीकरण और कृषि विभाग का कोई ना कोई प्रतिनिधि सीड प्लांट पर मौजूद होना चाहिए और उसकी देखरेख में गेहूं पैक किया जाए लेकिन सीड प्लांट मालिकों की ऊंची पहुंच और मिली भगत के चलते कृषि विभाग तथा बीच प्रमाणीकरण संस्था पहले ही इन प्लांटों को टैग आवंटित कर देती है यह खेल कोई नया नहीं है प्रतिवर्ष इसी तरह का खेल खेला जाता है जिसको इस वर्ष किसी हालत में नहीं चलने दिया जाएगा।
उन्होंने आगे कहा नहर विभाग की जमीनों पर भू माफियाओं ने अवैध कब्जे कर रखे हैं तहसील बिलासपुर के ग्राम मनकरा के डाटा संख्या 114 और 469 पर भू माफिया कब्जा करके प्लाटिंग कर रहे हैं इसके संबंध में कई बार नहर विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन किसी के कान पर जू नहीं रंग रही उन्होंने चेतावनी दी यदि विभाग ने जल्दी ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो विभाग के कार्यालय पर तालाबंदी कर बेमियादि धरना दिया जाएगा।
प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष शाकिर अली अल्वी मुकर्रम पाशा मोहम्मद इमरान रागिब खान जीनत खान मोहम्मद फरमान विनोद कुमार दिनेश कुमार खलील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



## रोजगार मेले में 152 अभ्यर्थियों का हुआ चयन।

**समाज जागरण**
**अमेठी**

अमेठी। सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि आज राजकीय आईटीआई तिलोई में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले निजी क्षेत्र की 04 प्लेसमेंट कम्पनियों एल&टी गुजरात, सूर्या बल्ब लखनऊ, नेक्सस लखनऊ एवं पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड ने प्रतिभाग किया, जिसमें 267 अभ्यर्थियों ने अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में साक्षात्कार दिया जिसमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा 152 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संजय प्रकाश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पांडे, सुनील विश्वकर्मा, जैनेंद्र कुमार, शिव कुमार सहित अभ्यर्थी मौजूद रहे।



## ज्वैलर्स शॉप पर लूट का प्रयास करने के मुकदमे में प्रकाश में आए दो गिरफ्तार

**शावेज अहमद**

रामपुर।थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा थाना पर प्रकाश मे आये अभियुक्त नाजिम ग्राम मजरा खुसहालपुर मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर व अभियुक्ता ,महरुलनिशा उर्फ रानी लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा थाना काशीपुर उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को करनपुर चौराहा थाना अजीमनगर से गिरफ्तार किया गया । 12.08.2023 को ग्राम इमरता मे अमित वर्मा पुत्र आलोक वर्मा नि0 ग्राम इमरता थाना अजीमनगर रामपुर की ज्वैलर्स की दूकान पर अभियुक्तगण 1.नाजिम पुत्र रहीस अहमद नि0 ग्राम मजरा खुशहालपुर मसवाही थाना स्वार रामपुर 2.महरुलनिशा उर्फ रानी पत्नी नासिर हुसैन नि0 लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा थाना काशीपुर उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड 3.दिलशाद पुत्र महमूद हसन नि0 ग्राम सरवरखेड़ा थाना काशीपुर उधमसिंह नगर 4.समीम अहमद पुत्र अब्दुल मजीद नि0 मौ0 कटोरा ताल थाना काशीपुर उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड द्वारा ज्वैलरी खरीदने के बहाने दूकान पर आकर रैकी की गयी तथा अगले दिन को योजना के अनुसार अमित वर्मा की ज्वेलर्स की दूकान पर लूटपाट करने के इरादे से लाल रंग की मोटरसाइकिल से आकर समय करीब दिन मे 13.48 बजे दूकान मे घूस गये अमित वर्मा की माता द्वारा शोर मचाने पर अभि0गण लूट करने मे विफल रहे तथा तमन्चा लहराते हुए वापस मोटरसाइकिल से भाग गये जिसके सम्बन्ध मे मुकदमा वादी अमित वर्मा की तरफ से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया । ।मुकदमा उपरोक्त मे धारा 120इ की वृद्धि की गयी ।शेष बचे 02 अभियुक्त गणो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है ।



## नगर विधायक आकाश सक्सेना को मिली वाई प्लस सुरक्षा

शावेज अहमद रामपुर। सपा नेता आजम खां के धुरविरोधी भाजपा के रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना कड़े सुरक्षा घेरे में रहेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी हैं। यूपी पुलिस की सुरक्षा के साथ ही साथ अब केंद्र सरकार ने उन्हें वाई प्लस सुरक्षा दी हैं। लिहाजा अब उनके इर्द-गिर्द यूपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान भी तैनात रहेंगे।
भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के खिलाफ कई मुकदमें दर्ज कराए हैं। जिनमें सबसे अहम आजम खां के पुत्र अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट और दो पेनकार्ड बनवाने के मामले हैं। वहीं भड़काऊ भाषण देने के मामले में आजम खां की विधायकी जा चुकी हैं और आकाश सक्सेना अब रामपुर शहर विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह वही सीट हैं जिसपर आजम खां का एक छत्र राज हुआ करता था। उन्हें चुनाव हराना मुश्किल माना जाता था लेकिन दिसंबर 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा के आकाश सक्सेना जीत गए और शहर विधानसभा सीट पर पहली बार कमल खिला। ऐसे में विधायक बनने के बाद आकाश सक्सेना की सुरक्षा बढ़ाने की मांग उठी। खुफिया इनपुट और संवेदनशीलता के बाद केंद्र सरकार ने आकाश सक्सेना की सुरक्षा बढ़ा दी हैं। अब उन्हें संपूर्ण भारत वर्ष के लिए वाई प्लस सुरक्षा दी गई है। जिसमें यूपी पुलिस के जवानों के साथ ही अब आकाश सक्सेना के साथ सीआरपीएफ के जवान भी मुस्तैदी से तैनात रहेंगे

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कराया जा रहा एफएलसी कार्य।

**समाज जागरण अमेठी**

अमेठी। अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत बी.ई.एल. मेक ट-3 मॉडल ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट की एफएलसी का कार्य 08 इंजीनियरों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गोदाम में कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुल 2536 बीयू, 2140 सीयू तथा 2298 वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जानी है। उन्होंने बताया कि अब तक 354 बीयू, 354 सीयू व 362 वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जा चुकी है जिसमें से 350 बीयू, 350 सीयू तथा 350 वीवीपैट सही पाए गए हैं 04 बीयू, 04 सीयू तथा 12 वीवीपैट को रिजेक्ट किया गया है। इसके साथ ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि एफएलसी प्रक्रिया के अनुश्रवण हेतु अपने-अपने प्रतिनिधियों का पहचान पत्र अवश्य निर्गत करा लें जिससे कि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

# भाजपा अ. जा. जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाशसूर्या जनसंपर्क में पहुँचे बेल्हा

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलोनी आश्रित गांव बिल्हा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति इकट्ठा हुए भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या ने मातृशक्ति से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की, साथ में शिक्षा से हम कैसे अपने भविष्य उज्जवल कर सकते हैं इस पर चर्चा की। हमारे आने वाले जनरेशन नशा मुक्त हो इस पर जोर दिया। चंद्रप्रकाश ने कहा कि आधा दुख का कारण नशा है जिस दिन हमारे युवा हमारे तरुनाई इस नशे की लत से बाहर निकल जाएंगे हमारी आधी समस्या खत्म हो जाएगी। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान कांग्रेस की सरकार सिर्फ ठगने का काम किया है। चाहे वह मातृशक्ति हो, युवा वर्ग हो, शासकीय कर्मचारी हो या फिर संविदा कर्मचारी हो सभी को ठगने का काम कांग्रेस ने किया है। आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनाएंगे और इस प्रदेश को कांग्रेस से मुक्त करेंगे। मातृशक्ति ने भी हर कदम पर सूर्या का साथ देने का वादा किया और यह भी निश्चय किया कि आने वाले समय पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर प्रदेश में भाजपा का परचम लहराएंगे,सूर्य को प्राथमिक स्कूल जाने का अवसर मिला कक्षा पहली से पांचवी तक स्कूल है लेकिन वहां सिर्फ एक ही शिक्षक पढ़ा रहे थे। इस पर चंद्रप्रकाश सूर्य ने संज्ञान लिया पता चला 5 कक्षा है और शिक्षक सिर्फ एक, तत्काल फोन पर बात कर जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह और निवेदन किया कि यहां



तत्काल शिक्षक भेजें ताकि बच्चों का भविष्य खराब ना इस स्कूल में 126 विद्यार्थी है पांच कक्षा लगते हैं और सिर्फ एक स्कूल टीचर है बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है कांग्रेस, सरकार, बड़ी- बड़ी बातें करती है शिक्षा को लेकर लेकिन गांव के स्कूल में शिक्षक का अभाव है पांच कक्षा 126 विद्यार्थी और टीचर एक भूपेश बघेल कसम खा लिया है कि गरीबों को पढ़ने नहीं देंगे गरीबों को बढ़ने नहीं देंगे इसलिए सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का अभाव है 5 साल से ऐसे ही गढ़ रहे हैं छत्तीसगढ़ नरवा गरवा घुरवा बारी सबको ठग दिया संगवारी, बेल्हा की छः दर्जन से ज्यादा मातृशक्ति ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

# बीईओ मस्तूरी का औचक निरीक्षण, खुली शासकीय स्कूलों की पोल कई स्कूल मिले बंद तो वही कई स्कूल के शिक्षक रहे नदारत, वेतन काटने के दिए निर्देश

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। जिले के मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सहायक विकासखंड खंड शिक्षा के साथ विकासखंड के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया इस दौरान हैरान करने वाले नजारे देखने को मिले, कई स्कूल में तो ताला जड़ा था तो कई स्कूल के शिक्षक नदारत मिले, जब खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने जानकारी जुटाई तो पता चला ज्यादातर दिन ऐसा ही माजरा रहता है, सरकारी स्कूल की नौकरी करने वाले शिक्षकों को बच्चों के भविष्य की कोई परवाह नही है उन्हें केवल परवाह है तो अपने वेतन से, शिक्षा की अलग जगाने का जो जिम्मे उन्हें मिला है उससे वह मुहँ फेर चुके है तभी तो उन्हें अपनी जिम्मेदारी का कोई मलाल ही नही है। गौरतलब है मंगलवार को मस्तूरी विकासखंड के बीईओ अश्वनी भारद्वाज और एबीईओ योगेश कौशिक, सहयोगी सी एस नौरेके क्षेत्र के प्राथमिक शाला गोपीयापारा मस्तूरी, प्राथमिक शाला किसान परसदा, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला रलिया के औचक निरीक्षण पर 1:30 बजे निकले थे, जहाँ प्राथमिक शाला गोपियापारा मस्तूरी में कुल दर्ज संख्या 107 में 40 बच्चे उपस्थित मिले। पदस्थ शिक्षक 03 में 02 उपस्थित 01 शिक्षक अवकाश पर थे। मध्यान्ह भोजन में चावल एवं दाल ही पकाये गए थे, सब्जी आचार एवं पापड नही मिले। शाला के




प्रधान पाठिका सीता यादव एवं समूह जीवन ज्योति महिला स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया गया है। प्राथमिक शाला किसान परसदा बंद पाया गया। पूर्व में भी निरीक्षण के दौरान उक्त शाला बंद मिला था। पदस्थ शिक्षक संख्या 07 में से सभी किरण एक्का प्रधान पाठक, अमृत लाल पाली, अमरज्योति खाण्डे, ब्रजेश मण्डलोई, रूद्ध प्रताप सिंह पटेल, अनुरंजन कुजुर एवं बेरोनिका तिग्गा को नोटिस जारी कर 01 दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया है। वहीं प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई के प्रधान पाठक सुनील बड़ा नदारद मिले आशा बांधड़े अनुपस्थित पाये गये। कनिष्ट प्राथमिक शाला रलियां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। पू.मा.शाला रलियां में पदस्थ रमेश कुमार ताम्रकार संकुल शैक्षिक समन्वयक लगातार पिछले 04 दिनो से अनुपस्थित मिले। संकुल शैक्षिक समन्वयक मटियां के द्वारा शास. प्राथ. शाला टिकरापारा सरसेनी का अवलोकन किया गया जिसमें दादू राम कैवर्त सहायक शिक्षक एल. बी. एवं किशोर कुजुर प्रधान पाठक अनुपस्थित पाये गये। दोनो का 01 दिन का वेतन काटने नोटिस जारी किया गया। योगेश कुमार कौशिक स.वि.खं. शिक्षा अधिकारी मस्तूरी के द्वारा शास. प्राथ.शाला जयरामनगर का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित मिलें एवं शाला का संचालन सफलता पूर्वक करते पाया गया है। मामले में सभी अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटने निर्देश दिए गए है।

## एक दिन में ही उठ गया पर्दा

शिक्षा विभाग में शहरी क्षेत्र को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रो में शिक्षकों की ऐसी ही मनमानी आम तौर पर देखने को मिलती है, कई स्कूलों में हो व्यवस्था अच्छी तरह से संचालित होती है लेकिन कई स्कूलों में तो केवल मध्यान भोजन का वितरण कराकर ही छुट्टी कर दी जाती है, शिक्षा विभाग कही उस दिन क्या पढ़ाई हुई और क्या नया सिखने को मिला यह सवाल बच्चों से पूछे तो उन लापरवाह और शिक्षा के पेशे की गरिमा को धूमिल करने वालो की आसानी से पहचान कर सकती है, जिसके आधार पर उनका वेतन और रिपोर्ट कार्ड तैयार कर उन्हें पुरस्कृत किया जा सकता है ताकि शिक्षा गुणवत्ता और नवाचार की बात बेमानी न निकले।

# लाडली बहनों का त्योहार मुख्यमंत्री ने बनाया सुखमय: रामवती

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं से करोड़ों बहनों के चेहरे खिले

**समाज जागरण**

शहडोल । मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा क्षेत्र की जनता के सेवा में आए दिन नई योजनाओं के साथ विकास के नए आयाम गड़ रहे है। भाजपा की महिला नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य रामवती सिंह गुड्डी का कहना है कि 27 अगस्त मध्य प्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। रक्षाबंधन के कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ने अपनी करोड़ों लाडली बहनों को जो तोहफा दिया वह ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने न केवल अपनी बहनों को रक्षाबंधन का उपहार दिया बल्कि गैस की कीमतों को भी काम करने की जो घोषणा की उस से प्रदेश के करोड़ों परिवार लाभान्वित होंगे। उक्त आशय के उदगार व्यक्त करते गुड्डी सिंह कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए हमेशा अग्रसर नजर आते हैं। प्रधानमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की करोड़ जनता के लिए जो जनहितैषी योजनाएं लागू की गई हैं आज उसने पूरे प्रदेश के लोगों के जीवन में परिवर्तन ला दिया है। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने एकबार फिर साबित कर



दिया कि वे जो वादा करते हैं उसे पूरा भी करते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी की लाडली बहन योजना की राशि को बढ़ाया जाएगा और आज उन्होंने अक्टूबर माह से रू1000 की जगह 1250 रुपए हर लाडली बहन को देने की बात कह दी है। भाजपा झूठी घोषणाएं नहीं करती वह काम करना जानती है ।

जनता की सेवा ही मुख्यमंत्री का पहला कर्तव्य- भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री गुड्डी सिंह का कहना है कि जनता की सेवा ही मुख्यमंत्री का पहला दायित्व और पहला कर्तव्य है जिस पर वह लगातार 20 वर्षों से खरे उतरते आए हैं मध्य प्रदेश कांग्रेस के रहे हैं शासन में बीमारू राज्य कहा जाता था जिसे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सजा कर सवार कर और जनता की सेवा कर आज भारत के प्रमुख विकसित राज्यों में मध्य प्रदेश को जाना जाता है। मध्य प्रदेश के गांव गली मोहल्ले तक सड़कों का जाल बिछाया गया है। लगभग प्रत्येक घर तक बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है।

मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थल का विकास कर पर्यटक क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर मुख्यमंत्री ने बनाए हैं। इसके साथ ही युवाओं के लिए ट्रेनिंग के माध्यम से रोजगार सृजन करने का कार्य भी मुख्यमंत्री ने किया है उन्होंने कहा हैं कि मध्य प्रदेश के इतिहास में अब तक ऐसा विकास पुरुष ना तो कभी आया है और ना ही भविष्य में ऐसा कोई मिलने की संभावना है। महिलाओं के सम्मान के लिए समाज में उनको बराबर का स्थान देने के लिए शिवराज सिंह चौहान नित नई योजनाएं बना रहे हैं, जिससे मध्य प्रदेश की महिलाएं भी विकसित और विकास कर रही है

# कबीर साहेब जी स्वयं अविनाशी परमेश्वर हैं उनका जन्म-मृत्यु नहीं होता है- संत रामपाल जी महाराज

**कमल सिंह लोधा ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

बारां- संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने मंगलबार को जिला बारां के तहसील अटरू के अग्रवाल धर्मशाला में सत्संग का आयोजन एलईडी टीवी के माध्यम से किया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालु संत जी के प्रवचन सुनने के लिए पहुंचे संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग में कहा कि जीव सारा जीवन संसारिक सुविधाओं को जुटाने में खो देता है जब उसका अपना शरीर भी अंत समय में उसके साथ नहीं जाता, इसलिए मनुष्य को सत्य भक्ति को अपना प्रथम कर्तव्य जान कर आत्म कल्याण की चिंता करनी चाहिए। संत रामपाल जी ने श्रीमद्भागवत गीता, चारों वेदों, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहिब के अनुसार बताया कि कविर्देव अर्थात कबीर साहेब




जी स्वयं अविनाशी परमेश्वर (अल्लाहु अकबर) हैं उनका जन्म मृत्यु नहीं होता है। उनकी सतभक्ति करने से साधक के सर्व पाप कर्म, सर्व रोग समाप्त हो जाते हैं। यहाँ तक कि पूर्णब्रह्म कबीर जी अपने साधकों की आयु भी वृद्धि कर देते हैं। जिला सेवादार राजेन्द्र दास ने बताया है कि एलईडी टीवी के माध्यम से सत्संग करने का उद्देश्य है कि पूर्ण परमात्मा कौन है ? कैसे मिलता है? क्या भक्ती करनी चाहिए? इन सब प्रश्नों की जानकारी सत्संग में मिलती है समाज के अंदर नशा, भ्रूण- हत्या,भ्रष्टाचारी आदि फैली हुई है इन बुराइयों को खत्म करने का संत रामपाल जी महाराज जी का उद्देश्य है

**जनपद लखनऊ से समाजवादी पार्टी के छात्र सभा अध्यक्ष मो शावेज खान के साथ उनके सैकड़ों समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।**

लखनऊ, 29 अगस्त 2023। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं विचारधार में आस्था जताते हुए तथा कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खडगे जी के नेतृत्व, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व और भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर तथा राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उ0प्र0 श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकप्रिय नेतृत्व और देश की आम जनता के ज्वलंत मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दो को मजबूती से उठाने से प्रेरित होकर जनपद लखनऊ से समाजवादी पार्टी के छात्र सभा अध्यक्ष मो शावेज खान के साथ उनके सैकड़ों समर्थकों ने प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी श्री दिनेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री डॉ0 मसूद अहमद, जी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता चेत नारायण सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, रौशन सिंह चन्दन, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह नितिन, अख्तर मलिक आदि मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से श्री तौफीक अहमद, मोईनुद्दीन ओवैस खान, मो0 तौसीफ, अफान अंसारी, शोएब खान, मोहम्मद फैजान, लईक खान, सौरभ, आकाश भारती, शाहिद अली, मो0 शाहवेज, अभिषेक चौरसिया, राहुल सिंह, शामिल रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

अमरकंटक / मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी जी के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं शिक्षा शास्त्र संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. एम.टी.वी. नागराजू द्वारा मेजर ध्यान चन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करके किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों के उत्साह वर्धन हेतु शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. ज्ञानेन्द्र कुमार राउत, शारीरिक शिक्षा विभाग के डा. एम. पी. गौड़, डा. रामजी मिश्रा एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के डा. दिलीप कुमार चौधरी उपस्थित रहे। इस दौरान बालीबाल एवं रस्साकस्सी का आयोजन किया गया। दोनो प्रतियोगिताओं में चार टीमों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।



# घर से भागे दो नाबालिकों को बुढार पुलिस ने कटनी से किया दस्तयाब

## ऑपरेशन मुस्कान ने लौटाई परिजनों के चेहरे पर मुस्कान

धनपुरी। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के नेतृत्व में शहडोल जिले में ऑपरेशन मुस्कान लगातार रोते बिलखते परिजनों की आंखों से आंसू पोछते हुए उनके चेहरों पर मुस्कान लौटा रहा है पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजूलता पटले अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धनपुरी अभिनव मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बुढार संजय जायसवाल के नेतृत्व में बुढार पुलिस को दो नाबालिक युवकों को कटनी से दस्तयाब करने में सफलता हासिल हुई है का कहीं कोई पता नहीं चला भूमिका रही।

एवं इस संबंध में थाना प्रभारी बुढार संजय जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अगस्त को फरियादी बब्लु शंकर पिता स्वर्गीय सुधार वंशकार उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 अंबेडकर नगर बुढार ने थाने में आकर रिपोर्ट लिखवाई की मेरे दो लड़के एवं दो लड़कियां हैं बड़ा लड़का कमल वंशकार (परिवर्तित नाम) उम्र 13 वर्ष कप्तान स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ता है 18 अगस्त को रोजाना की तरह घर से ड्रेस पहन कर स्कूल के लिए सुबह 9-30 बजे निकाला था शाम 430 बजे तक जब वह घर नहीं आया तो उसकी तलाश आस पड़ोस एवं नाथ रिश्तेदारी में किया किंतु बेटे

स्कूल की मैडम को फोन करके पूछा तो बताई की आज सरफराज वंशकार एवं उसका दोस्त अनिल यादव ( काल्पनिक नाम) पिता राजकुमार यादव उम्र 15 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 पंचवटी मोहल्ला स्कूल नहीं आए हैं तब मैं राजकुमार यादव से मिला तो उसने बताया कि मेरा लड़का भी स्कूल पढ़ने गया था जो जो वापस नहीं आया है हम दोनों ने मिलकर सभी जगह पता किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 638/23 धारा 363 गुम इंसान क्रमांक 72,73/23 कायम किया और विवेचना शुरू की दौरान विवेचना पुलिस को यह जानकारी प्राप्त हुई की दोनों लड़के उज्जैन स्टेशन पर देखे गए हैं थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने तत्काल टीम गठित कर टीम को रवाना किया टीम ने दोनों लड़कों को कटनी रेलवे स्टेशन के पास से दस्तयाब किया और परिजनों के सुपुर्द किया पुलिस पूछताछ के दौरान लड़कों ने बताया कि घूमने जाने के लिए घर वालों से पूछा था लेकिन घर वालों ने मन कर दिया इसके बाद हम दोनों अहमदाबाद चले गए थे वापसी में उज्जैन घूमने के लिए रुक गए थे घर से स्कूल के नाम पर निकले और फिर अहमदाबाद उज्जैन की सैर करने वाले लड़कों को दस्तयाब करने में थाना प्रभारी बुढार संजय जयसवाल सहायक उप निरीक्षक गोविंद भगत प्रधान आरक्षक रामनरेश यादव आरक्षक चंद्र भूषण तिवारी की सराहनीय

# मणिपुर के मैतेई हिन्दू समुदाय के लोगों की सुरक्षा की मांग

आज नईदिल्ली स्थित हिन्दू महासभा भवन में मणिपुर मैतेई हिन्दू समुदाय का प्रतिनिधिमंडल अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुन्ना कुमार शर्मा जी से मिला और उन्हें अपना मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सम्मिलित सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से मणिपुर के मैतेई हिन्दू समुदाय के लोगों की सुरक्षा की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सम्मिलित महिलाओं ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधा। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुन्ना कुमार शर्मा जी ने मैतेई हिन्दू समुदाय के सदस्यों को आश्वासन दिया है कि अखिल भारत हिन्दू महासभा आपके समुदाय के लोगों की सुरक्षा, खुशहाली एवं अखंड मणिपुर की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह जी से मिलकर आप लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। केंद्रीय कार्यालय,अखिल भारत हिन्दू महासभा।



# तेंदूपत्ता संग्रहको को चरण पादुका के साथ साड़ी पानी कुप्पी का हुआ वितरण

जय सिंह नगर/ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाए गए चरण पादुका योजना के तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों को जूता चप्पल साड़ी और पानी के लिए थरमस का वितरण कराया गया। ताकि तेंदूपत्ता संग्रहको को पत्ती तोड़ते समय किसी भी प्रकार से समस्या ना रहे और आसानी से पत्ती तोड़कर अपने क्षेत्र के फड में बेच कर उसका सही राशि प्राप्त कर सके।और भाई बहनों छाता की राशि सीधे इनके खाते में 200 रुपये भेज दी गई। इन्हीं उद्देश्यों के साथ प्राथमिक लघु वनोपज समिति में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के तहत तेदुपत्ता संग्रहको को जूता,चप्पल,साड़ी,पानी की कुप्पी का वितरण फड़ संग्राहको को वितरण किया गया जिसमे वन परीक्षित अधिकारी तरुणेन्द्र सिंह लघु वनोपज समिति सहित वन अमला उपस्थित रहे ।

प्रचार नही तो व्यापार नहींविज्ञापन के लिए संपर्क करे.
74896 97916

# सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज में खेल प्रशिक्षक व शिक्षकों को किया गया सम्मानित

(सुघर सिंह इटावा ब्यूरो ) इटावा । राष्ट्रीय खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर खेलों में अपना योगदान देकर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों एव खेल प्रशिक्षक, एवं शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी प्रधानाचार्य एस-डीएम रामदयाल नें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और एसडीएम नें उनके जीवन पर प्रकाश डाला। खेल उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 प्रयागराज में हुआ। वह भारतीय सेना के एक सिपाही थे। उस समय 1928, 1932, 1936 के ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिला कर देश का झंडा दुनिया में ऊंचा किया। भारत सरकार ने उन्हें मेजर की उपाधि दी और उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनका निधन 3 दिसंबर 1979 को दिल्ली में हुआ। उन्होंने जन्मदिवस के अवसर पर नेशनल प्रतियोगिता में मेजर ध्यानचंद कॉलेज के पदक



विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। जिसमें भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित सब जूनियर नेशनल फेडरेशन तैराकी प्रतियोगिता में कक्षा 7 के छात्र अजीत यादव ने तीन रजत पदक एवं एक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कक्षा 10 के छात्र चित्रांशु राज नें हरियाणा में आयोजित सब जूनियर नेशनल फेडरेशन कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया एवं कक्षा 11 के छात्र हॉकी में पंकज सैनी नें उड़ीसा में आयोजित सब जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभा करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा कक्षा 12 के छात्र गौरव श्रीवास्तव व रसली ने गोवा में आयोजित जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभा करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार ग्वालियर मध्य प्रदेश में आयोजित सीनियर स्कूल नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में कक्षा 12 के राहुल यादव ने उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभा करते हुए रजत पदक प्राप्त किया प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में सभी पदक प्राप्त खिलाड़ियों को कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य एसडीम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों में रामेश्वर तैराकी प्रशिक्षक, कमलेश कुमार यादव कुश्ती प्रशिक्षक,रणधीर सिंह हॉकी प्रशिक्षक, डॉ मोहम्मद जियाउर्रहमान हॉकी प्रशिक्षक को भी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नदीम अहमद,सिद्धार्थ कृष्णा एथलेटिक्स प्रशिक्षक,मोहम्मद साकिब खान फुटबॉल प्रशिक्षक,मीतू सिंह कबड्डी प्रशिक्षक,अंशुल त्रिपाठी बैडमिंटन प्रशिक्षक, राम सुशील, इंद्र कुमार,राम कुमार,पुष्पा कर शहरी इरफान,कुसुम कुमारी गंगवार,मनीषा उपाध्याय और रागिनी यादव, व्यवस्थापक महिपाल यादव आदि मौजूद रहे।

## बरवाला शहर का विकास नहीं बल्कि हो रहा विनाश -- रामनिवास घोड़ेला

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : हलका बरवाला के पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला का अनेक समर्थको के साथ मेन बाजार में स्थित



युवा समाजसेवी कृष्ण सिंगला के व्यापारिक प्रतिष्ठान में पहुंचने पर बड़ी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गयो इस दौरान पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बरवाला शहर का विकास नहीं बल्कि विनाश हो रहा है वर्तमान सरकार ने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में बरवाला शहर को नरक बना दिया है बरवाला शहर में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है और सिर्फ नाले ही नाले खोदे गए हैं हलका बरवाला के वर्तमान विधायक द्वारा छोटी सातरोड व मिल गेट के लिए विकास कार्यो हेतु कोई भी ग्रांट राशि सरकार से अभी तक मंजूर नहीं करवाई गई है उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नाकामियों के चलते आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में जनता के सहयोग से कांग्रेस की सरकार बनना लगभग तय है इस अवसर पर मेहर चंद सिंगला, कृष्ण सिंगला, सुनील मित्तल, प्रधान शिव कुमार सोनी, विनोद सिंगला, कृष्ण पाबडा, नवीन जैन, कैलाश कक्कड़, पम्मी सरदार, डॉ संदीप तनेजा व पवन शर्मा आदि मौजूद रहे

# लोकायुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी को किया ट्रेप,लाख से ऊपर की नगदी जपत

उमरिया वीआईपी ड्यूटी के नाम से लाखों की अनैतिक रकम लेने के दौरान जिला आबकारी अधिकारी रिनी गुप्ता को लोकायुक्त ने उन्ही के कार्यालय में ट्रेप किया है।इस मामले में निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी रिनी गुप्ता के पास से करींब 1.20 लाख की मोटी रकम शराब कारोबारी से लेते हुए ट्रेप किया गया है।इस मामले में भ्ष्टार्चार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।उन्होंने यह भी बताता कि इन्वेस्टिगेशन के दौरान रिनी गुप्ता ने बताया कि वीआईपी ड्यूटी में विभागीय स्तर पर खर्च होते है,इस खर्च की पूर्ति के लिए शराब ठेकेदार से हर माह 30 हजार के हिसाब से रकम ली जानी थी,अप्रैल से अभी तक की चार माह की रकम 1.20 लाख हुई। यही रकम ठेकेदार दे रहा था,इस मामले में यह भी बात सामने आ रही है कि विंध्या समूह के शराब ठेकेदार अनीस सिंह बघेल की नोरोजाबाद स्थित शासकीय दुकान में बुधवार यानी 23 अगस्त को आबकारी विभाग ने 14 पेटी शराब जपत की थी,मामले को सेटल्ड करने के नाम पर मोटी रकम की डिमांड थी,परन्तु रकम ली जाती,उससे पहले लोकायुक्त ने ट्रेप कर लिया।इस मामले में विंध्या समूह संचालक एवम फरियादी निपेन्द्र सिंह ने बताया कि सम्बंधित महिला अधिकारी से हम परेशान होकर रीवा स्थित लोकायुक्त एसपी गोपाल सिंह धाकड़ को शिकायत किये थे,जिसके बाद लोकायुक्त की कार्यवाही की गई है।कार्यवाही के दौरान निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार,प्रवीण सिंह डीएसपी,प्रधान आरक्षक मुकेश मिश्र,पवन पांडेय,सुरेश कुमार,आरक्षक सुजीत साकेत,धर्मेंद्र जायसवाल,प्रेम सिंह,महिला एएस-आई रन्नू देवी,महिला आरक्षक प्रिया शुक्ल समेत 15 सदस्यीय टीम मौजुद रही।

## जरूरतमंद बच्चो व महिला पुलिसकमीयी से राखी बंधवाकर मनाया रक्षाबंधन पर्व-:

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाई-बहन के अटूट रिश्ते के पर्व रक्षा बंधन के अवसर पर आज दिनांक 29/08/2021(मंगलवार) को जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था के सदस्यों ने स्तिथ हमारा कर्तव्य संस्था द्वारा निशुल्क संचालित शिक्षा केंद्र में बच्चो व सै. 39 महिला थाना पहुंचकर महिला पुलिसकर्मियों से राखी बंधवा कर रक्षाबंधन पर्व मनाया,

# एडवोकेट योगेश सिहाग कांग्रेस के हिसार जिला प्रवक्ता नियुक्त

हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा )प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग में अहम नियुक्तियां की गई हैं, जिसमें प्रदेश के 18 जिलों के मीडिया कॉर्डिनेटर व जिला प्रवक्ता नियुक्त किए गए हैं। इसी के तहत हिसार जिला में पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट योगेश सिहाग को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

वहीं एडवोकेट योगेश सिहाग ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और जिला प्रभारी



एवं पूर्व मंत्री जयप्रकाश का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है वो उस पर खरा उतरेंगे और सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने का काम करते हुए आम जनता की आवाज को उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बीजेपी-जेजेपी सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है और अब बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस को पुनः सत्ता में लाने और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रदेश की कमान सौंपने की तैयारी चुकी है।

# कानपुर में फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी कर रहे दो सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा

*उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने दर्ज कराया चकेरी में मुकदमा,एक पीएससी तो दूसरा नागरिक पुलिस में सिपाही*

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर पुलिस विभाग में नौकरी करने का संस्कृत मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में दो सिपाहियों पर चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर दोनों सिपाहियों के खिलाफ यह मुकदमा लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के डिप्टी एसपी सैयद मोहम्मद असगर ने दर्ज कराया है। जिसके बाद सिपाहियों और पुलिस दीवानों में हड़कंप मचा हुआ है।

तहरीर के अनुसार अक्टूबर 2018 में विभाग द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस और आरक्षी प्रादेशिक कॉन्सटेबुलरी के पदों पर भर्ती हुई थी जिसमें न्यू आजाद नगर चकेरी निवासी अमन कुमार और अमित कुमार भी शामिल थे। अमन कुमार नागरिक पुलिस और अमित कुमार पीएसी में चयनित हुए थे। वर्तमान में अमन कुमार कौशाम्बी और अमित कुमार 37वीं वाहिनी पीएसी में कार्यरत हैं।

पुलिस के अनुसार इस मामले में कुछ समय पूर्व फतेहपुर निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ बाबा विभाग को दोनों के फजीर्वाड़े की शिकायत कराई थी। जिसपर कौशाम्बी एसपी और पुलिस कमिश्नर को जांच कराने का आदेश दिया गया। नवम्बर 2022 में दोनों की रिपोर्ट विभाग के पास पहुंची, जिसके अनुसार दोनों ने नौकरी के लिए अनुसूचित जनजाति का फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी हासिल की थी। वहीं, जब जाति प्रमाण पत्रों की जांच कराई, तो वो फर्जी निकले। जिसके आधार पर ही यहां की चकेरी थाने में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है`

# मतदाता जागरूकता के नारों से गूंजा रायसेन दुर्ग

*कलेक्टर के नेतृत्व में दुर्ग से स्कूली छात्र–छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश*

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज स्वीप रायसेन के तहत कलेक्टर अरविंद दुबे तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजू भदौरिया के नेतृत्व में 350 से अधिक स्कूली छात्र–छात्राएं तथा अधिकारी, कर्मचारी रैली के रूप में दुर्ग (किले) पर पहुंचे। यहां आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दुबे द्वारा छात्र छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए अपने माताझ्र पिता, परिजनों तथा आस पड़ोस के मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन में वोट डालने हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा आगामी निर्वाचन में



मतदान करने के लिए कहा। साथ ही दिव्यांगजन तथा वयोवृद्ध मतदाता बिना किसी परेशानी के मतदान कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, एसडीएम मुकेश सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विनोद बघेल, सामाजिक न्याय विभाग के बृजेन्द्र शर्मा अधिकारी और छात्र छात्राएं शामिल हुए।

# कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से किया संवाद, निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्धजनों को दी जाने वाली सुविधाओं की दी जानकारी

**सीएल गौर,
दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

रायसेन । सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित महात्मा गॉधी वृद्धाश्रम पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से व्यवस्थाओं, सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही वृद्धजनों को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए आगामी निर्वाचन में मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया भी उपस्थित रहीं सभी ने वृद्धजनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए वस्त्र और मिठाई भेंट की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने वृद्धजनों से चर्चा के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वृद्धजन बिना किसी परेशानी के चुनावों में मतदान कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्धजनों को घर पर ही मतदान करने की सुविधा भी दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे वृद्धजन जो मतदान केन्द्र तक जाने में असमर्थ है या चल फिर नहीं सकते, ऐसे वृद्धजन अपने घर पर ही अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूर्णतः



गोपनीय रहती है। इसके अलावा यदि वृद्धजन मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करना चाहते हैं तो उन्हें वाहन के माध्यम से घर से मतदान केन्द्र तक लाने और मतदान के बाद वापस घर तक छोड़ने की सुविधा प्रदान की जाती है। मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं रहती हैं।

## वृद्धजनों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने कलेक्टर ने स्वयं कराया आवेदन,,

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा वृद्धजनों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या रायसेन की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है। इस पर श्रीमती पारोबाई, श्रीमती उर्मिला बाई, राम सिंह तथा बालमुकंद ने बताया कि उनके नाम यहां की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। इसके उपरांत कलेक्टर ने फोन कर संबंधित कर्मचारी को वृद्धाश्रम बुलाया तथा स्वयं की उपस्थिति में वृद्धजनों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन की कार्यवाही पूर्ण कराई। वृद्धाश्रम में निवासरत पारोबाई, उर्मिला बाई, बैनी बाई, श्रीमती गुलाब बाई, श्रीमती जसोदी बाई, भवरी बाई, राम सिंह, बालमुकुंद, सुकलाल तथा हरिप्रसाद के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया।

## वोट डालने जइयो रे,, घर बैठे न रहियो रे,,

वृद्धाश्रम में निवासरत लगभग 70 वर्षीय नारायण प्रसाद ने मतदान पर बनाए गए गीत ह्यह्यवोट डालवे जईयो रे, घर बैठे न रईयो रे.....ह्यह्य का गायन किया गया, जिसकी कलेक्टर श्री दुबे, एसपी श्री शहवाल तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भदौरिया सहित सभी ने सराहना की तथा तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 27 वृद्धजन निवासरत हैं जिनमें 15 महिला तथा 12 पुरूष है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विनोद बघेल, सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने एमपी के मंत्री भूपेंद्र सिंह का किया पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण**

रायसेन । मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित भोपाल सागर मार्ग तिराहा पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास शर्मा एवं प्रदेश सचिव रूपेश तंतवार के नेतृत्व में सागर जिले की खुरई तहसील के ग्राम बरोदा नोन्नगिर में एक अनुसुचित जाति के युवक नितिन अहिरवार के न्याय मांगने पर दबंगों द्वारा उस की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी एवं उसकी माँ को निर्वस्त्र कर पीटा गया जिससे उसका हाथ टूट गया जिसके विरोध में मंत्री भूपेंद्र सिंह का पुतला दहन किया

एवं पीड़ित परिवार को अविलंब एक करोड़ रुपये मुआवजा एव परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नोकरी की मांग की। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ



एवं मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं विरोध प्रकट किया इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास शर्मा, प्रदेश सचिव रूपेश तंतवार, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रदीप दीक्षित, दौलत सेन, राजू महेश्वरी, डग्गा पहलवान, हसीन अली,दीपक थोरात,अलीम मोहम्मद,खरे साहब, रमाकांत मीणा,टाइगर कुरेशी, छोटू राय, अंकित समाधिया,रमन मेहरा, सुभाष पराशर,संजू विश्वकर्मा,जफर खान, जीशान खान,अनशन खान आसिफ सिद्दीकी उनेज मंसूरी जैद लाला, अयान खान, जावेद अली, शाहिद खान, नावेद अली, राजकुमार मीणा, निक्की दांगी, शिवराज ठाकुर,शिवम गौड़, फरहान सहित युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदतन अपराधी जेके उर्फ जयकुमार जैन और रंगा उर्फ रंगलाल 04 माह के लिए जिलाबदर

**समाज जागरण**

रायसेन, 29 अगस्त 2023 कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी जेके उर्फ जयकुमार जैन पिता राजेन्द्र जैन निवासी रामनगर बेगमगंज जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2007 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 25 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी जेके उर्फ जयकुमार जैन को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी रंगा उर्फ रंगलाल उर्फ कनीराम पिता बाबूलाल प्रजापति निवासी ग्राम उमरावगंज थाना उमरावगंज जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 11 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रंगा उर्फ रंगलाल उर्फ कनीराम को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# शोषण के शिकार नेताओं का सांची विधानसभा क्षेत्र में भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी

*पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भंवर लाल पटेल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कामता प्रसाद राजोरिया एवं किसान नेता देवेंद्र धाकड़ कांग्रेस में हुए शामिल*

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो,
राष्ट्रीय दैनिक समाज जागरण**



रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा के होने वाले चुनाव को लेकर जहां एक और राजनीतिक गतिविधियां जोर-जोर के साथ क्षेत्र में प्रारंभ हो गई हैं और प्रमुख राजनीतिक दल अपनी जोर अजमाइस करने में भी पूरी ताकत के साथ लगे हुए है,चुनावी माहौल क्षेत्र में शुरू हो चुका है जहां देखो वहां विधानसभा चुनाव की चचाएँ जोरो पर लोगों के बीच चल रही हैं। ऐसे में यहां प्रश्न इस बात का उठता है कि इस बार सांची विधानसभा क्षेत्र में कई भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं और लगातार यह सिलसिला जारी है आए दिन कोई न कोई भाजपा नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होता जा रहा है पहले सांची जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते और प्रदीप दीक्षित, संतोष रजक आदि कई भाजपा के नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे वहीं दूसरी ओर यह सिलसिला लगातार जारी है सांची विधानसभा क्षेत्र के पूर्व वरिष्ठ भाजपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर गौरी शंकर सेजवार के खास समर्थक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भंवरलाल पटेल, रायसेन नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष कामता प्रसाद राजोरिया, गैरतगंज क्षेत्र के किसान संघ के नेता देवेंद्र धाकड़ सहित कई कार्यकर्ता शामिल है जिन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। अभी हाल ही में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समक्ष भोपाल जाकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भंवरलाल पटेल और पूर्व रायसेन नगर पालिका के उपाध्यक्ष कामता प्रसाद राजोरिया ने मुलाकात करते हुए कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताया है । इस बात की चचाएं सांची विधानसभा क्षेत्र में चल रही है कि इस बार भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं को क्या हो गया कि वह सत्ता पक्ष भाजपा को छोड़कर विपक्ष की कांग्रेस पार्टी में विश्वास जता रहे हैं इस बात की चचाएं आम नागरिकों के बीच प्रतिदिन होते दिखाई दे रही हैं। भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं की कार्यशैली से लग रहा है कि वह बीजेपी पार्टी से खुश नहीं है या फिर उनका भाजपा पार्टी में शोषण हो रहा है यह बात कई भाजपा नेता मीडिया के सामने भी चुके हैं, कोई न कोई बात तो है कि वह सत्ता पक्ष पार्टी को छोड़कर विपक्ष की पार्टी में किस महारथी के कहने पर शामिल हो रहे हैं, इससे ऐसा लग रहा है कि विधानसभा चुनाव के चलते आखिरी दौर में कोई बीजेपी का बड़ा नेता कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव न लड़ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। इस बात की चचाएं सांची विधानसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से लेकर गांव तक हो रही है लोग यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि हो न हो कोई सांची विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर बीजेपी नेता ही कांग्रेस पार्टी के टिकट पर इस बार विधानसभा का चुनाव लड़ सकता है वैसे भी देखा जाए तो पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी इस बार ज्यादा ध्यान देकर सांची विधानसभा में रुचि ले रहे हैं और उनका मानना है कि किसी भी हालत में भाजपा पार्टी का कोई बड़ा जिम्मेदार नेता उनकी कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में सांची विधानसभा से चुनाव लड़े यही कारण है कि सांची विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी में टिकट मांगने वालों की लाइन लगी हुई है परंतु कांग्रेस पार्टी हाई कमान द्वारा अभी किसी भी उम्मीदवार को हरी झंडी नहीं दी गई है, इस बार लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता सांची विधानसभा क्षेत्र में विशेष ध्यान देकर भाजपा पार्टी को कमजोर करने में लगे हुए हैं हालांकि सांची विधानसभा क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है जहां इस समय भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल पूरी तरह से नजर आ रहा है, अब यह बात अलग है कि आगामी समय में समय रहते किस प्रकार के चुनावी समीकरण बनते हैं यह तो आगामी समय ही बताएगा परंतु जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी और उसके बड़े स्तर के नेता ज्यादातर सांची विधानसभा क्षेत्र पर ध्यान देकर कम कर रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि आगामी समय में भाजपा पार्टी का कोई बड़ा नेता सांची विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट पर चुनाव लड़ सकता है ऐसी प्रबल संभावना वर्तमान माहौल के चलते दिखाई दे रही है। आगामी समय में और स्पष्ट हो जाएगा की सांची विधानसभा क्षेत्र में कौन उम्मीदवार आमने-सामने रहता है। सांची विधानसभा क्षेत्र ही नहीं पूरे रायसेन जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की मजबूत जड़े जमी हुई हैं जिन्हें उखाड़ पाना कांग्रेस पार्टी के लिए टेढ़ी खीर है उसे जी जान के साथ अत्यधिक मेहनत करना होगी तभी वह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के मुकाबले विधानसभा चुनाव में टक्कर दे पाएगी ।

इसका महत्वपूर्ण कारण यह भी है कि यहां से वर्तमान में भाजपा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने करोड़ों के विकास कार्य समूचे विधानसभा क्षेत्र में कराए हैं और वह विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं निरंतर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं, नेताओं से लेकर आम जनता के लोगों से सीधे संपर्क बनाए हुए हैं।

सत्ता पक्ष भाजपा से टकराना इतना आसान बात नहीं है जितना सरल कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता समझ रहे हैं विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष से टकराने के लिए कांग्रेस को पसीना आ जाएगा इसमें कोई दोहराए नहीं है इस बात की चचाएं भी आम जनता के लोग करते देखे जा रहे हैं। अब यह तो कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता ही जाने की वह किस प्रकार से रायसेन जिले की सभी विधानसभा सीटों पर कौन उम्मीदवार उतारते हैं और वह कहां तक सफलता हासिल कर पाएंगे यह कहना अभी जल्दबाजी होगा क्योंकि अभी तो पार्टी प्रत्याशी तय नहीं हुए हैं अभी तो किस क्षेत्र से कौन को लड़ाया जाए इस चक्कर में ही पार्टी हाई कमान के बड़े नेता अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

# एनएसएस की छात्राओं ने जेल में बंदियों एवं प्रहरी को बांधी राखी, बंदियों से अच्छा इंसान बनने लिया वचन

**समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 30 अगस्त )शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक छात्राओं ने उपजेल बैहर में जाकर बंदियों को रक्षासूत्र बांधा। इस संबंध में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नवजीत सिंह परिहार ने बताया कि गत वषार्नुसार इस वर्ष भी बैहर जेल अधीक्षक संजू कुमार नायक एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के प्राचार्य आलोक कुमार चौरे से प्राप्त अनुमति पश्चात शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर की एनएसएस की छात्राएं पूजन थाली, नारियल मिठाई और राखी के साथ



उपजेल बैहर पहुँचकर जेल की औपचारिकता के उपरांत बंदियों एवं जेल प्रहरियों को रक्षासूत्र बांधा, इस अवसर पर नगर परिषद बैहर के उपाध्यक्ष सुनील धारवे, लक्ष्य हरित बैहर के विजय सिंह कटियार, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र नागेश्वर, जिला ताइक्वांडो संघ से करीना तेकाम, अक्षय एवं छात्रा वैष्णवी अर्मो, मोनिका तेकाम, रोशनी खान, वंदना लाखा, वंदना मागरे, रवीना परते, आरती मेरावी, सीमा यादव, योगिता सैयाम आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

रायसेन, 29 अगस्त 2023 प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जो आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, अतिक्रमण तथा विद्युत समस्या से संबंधित थे। जनसुनवाई में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिले में अब तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रायसेन, 29 अगस्त 2023 जिले में 01 जून 2023 से 29 अगस्त 2023 तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 475.2 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 29 अगस्त 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 629.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 954.6, बेगमगंज में 942.6, सिलवानी में 736, गौहरगंज में 587.3, बरेली में 1165, उदयपुरा में 1089.5, बाड़ी में 748, सुल्तानपुर में 685.4 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1028.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 29 अगस्त 2023 को प्रातः 08 बजे तक 0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

# जनसुनवाई में सरपंच सचिव द्वारा की गयी भ्रष्टाचार की शिकायतो का लगा अम्बार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 30 अगस्त )ग्रामपंचायत में हो रही भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर ग्रामीणों द्वारा मोर्चा खोला दिया गया हैं जो ग्रामीणों के जागरूकता का सबूत हैं,लगभग हर जनसुनवाई में ग्रामीण सरपंच सचिव की शिकायत लेकर पहुंच रहें हैं जिसका हल प्रशासन को ईमानदारी से करने की जरुरत हैं ।कुछ दिन पहले बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्रामपंचायत बहेराभाटा के सरपंच सचिव के काले कारनामो को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत किया था जिसको कई दिनों तक टाला जा रहा था लेकिन जब उक्त शिकायत का प्रकाशन समाज जागरण समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया तो जाँच के नाम पर लीपा पोती होनी लगी,ऐसी ही शिकायत को लेकर लाँजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दिघोरी के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंच कर सरपंच सचिव के द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार की जाँच का निवेदन किया हैं ।लांजी तहसील के ग्राम दिघोरी का महेश धारणे शिकायत लेकर आया था कि ग्राम पंचायत दिघोरी के सरपंच एवं सचिव सुरेन्द्र दमाहे द्वारा पंचायत के कार्यो में भारी गड़बड़ी की जा रही है। सचिव द्वारा आवास योजना के हितग्राहियों से राशि वसूली गई है और फजीर्वाड़ा कर अपने परिजनों के खाते में राशि जमा करा दी गई है। अतः इसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।



## सरपंच सचिव की शिकायत लेकर पहुंचे उपसरपंच एवं पंच

जनसुनवाई में लांजी तहसील के ग्राम पंचायत कुम्हारीकला के उप सरपंच एवं पंच शिकायत लेकर आये थे कि वर्ष 2016-17 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच शीला पन्द्रे, तत्कालीन सचिव एवं वर्तमान सचिव द्वारा इस कार्य में भारी अनियमितता कर भवन को आधा अधुरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण यह भवन जर्जर होकर गिरने की कगार पर है। इसी प्रकार कुम्हारीकला में एक सभा मंच के लिये 01 लाख 27 हजार रुपये तथा दूसरे सभा मंच के लिये 01 लाख 19 हजार रुपये स्वीकृत किये गये थे लेकिन दूसरे सभा मंच पर निर्माण नही कर तत्कालीन सरपंच एवं सचिव द्वारा राशि का आहरण कर लिया गया है। अतः इसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाये।

खैरलांजी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नवेगांव-03 के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि उनकी पंचायत के सचिव वासुदेव वाटकर द्वारा पंचायत के कार्यो में अनियमितता बरती जा रही है और हितग्राहियों से काम के बदले अनुचित राशि की मांग की जाती है। सचिव की कार्यप्रणाली से ग्रामीणजन परेशान है। अतः सचिव का स्थानांतरण अन्य ग्राम पंचायत में किया जाये।

लांजी तहसील के ग्राम नेवरवाही की सुखवती कावरे शिकायत लेकर आयी थी कि उसके पति की मृत्यु हो जाने के बाद उसे संबल योजना में 02 लाख रुपये की राशि मिली थी और यह उसके खाते में जमा हुई थी। लेकिन ग्राम पंचायत के सचिव सुनील मानापुरे द्वारा उसे धोखा देकर उसके खाते से 50 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई है और उसे मात्र 05 हजार रुपये की राशि दी है। अतः सचिव के विरूद्ध कार्यवाही कर उसकी राशि वापस दिलाई जाये। परसवाड़ा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लिंगा के ग्रामीण अपनी पंचायत के सरपंच कपूरचंद वरकड़े की शिकायत लेकर आये थे कि सरपंच द्वारा पंचायत के कार्यो में भारी अनिममितता की जा रही है और सार्वजनिक सम्पत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। अतः सरपंच के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

प्रचार नही तो व्यापार नही–
विज्ञापन के लिए संपर्क करे,
vatankiawaz@gmail.com

# क्या महिला डांसरों को बैन करने से मिटेगी समाज से अश्लीलता ? या बदलना होगा नजरिया !

उत्तराखंड का पारंपरिक लोकनृत्य है छोलिया जो विशेषकर कुमाऊं के शादी-ब्याहों और विशेष आयोजनों में देखने को मिलता है. जिसकी पहचान आज विदेशों तक है. छोलिया डांसरों का एक ग्रुप होता है जिसमें सभी समूह में डांस करते हैं. उनके साथ पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाने वालों की टीम भी होती है. छोलिया डांस में डांसरों के ग्रुप में महिला एक डांसर भी होती है. जिसे यहां की स्थानीय भाषा मे हुड़कयानी बोला जाता है. जो इस छोलिया डांस में विशेष आकर्षण का केंद्र होता है.

अक्सर देखा जाता है कि शादी समारोह में महिला का किरदार निभा रहे कलाकार के साथ बदसलूकी भी की जाती है. जिससे समाज में एक गलत संदेश भी जाता है. जिसे देखते हुए अब पिथौरागढ़ के छोलिया दलों ने महिला किरदार के डांस पर अब बैन लगा दिया है. अब विशेष आयोजनों में बिना महिला डांसर के ही छोलिया की टोली दिखेगी. महिला किरदार के साथ होते दुर्व्यवहार और इससे समाज में अश्लीलता फैलने के संबंध में जिले भर के 46 छोलिया ग्रुप के मुखियाओं की बैठक हुई. जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया है.हालांकि इस फैसले से हुड़कयानी की आवाज बंद हो जाएगी, उनके रोजी रोटी पर संकट आएगा लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या अभद्रता या अश्लीलता समाज से खत्म हो पाएगा ?

**अभद्रता के कारण लिया गया फैसला**

पिथौरागढ़ छोलिया दलों के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए कहा कि अब शादी-बारातों में हुड़कयानी नजर नहीं आएगी क्योंकि उनके साथ शराब पीकर लोग अभद्रता कर देते हैं. जिससे समाज में गलत संदेश जाता है. वहीं जनमंच सोर के संस्थापक भगवान रावत ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि छोलिया डांस कुमाऊं की संस्कृति की एक विशेष पहचान है. जिसे पूरी पवित्रता के साथ दशार्ना चाहिए. समय के साथ संस्कृति में हो रहे बदलाव में सही गलत की पहचान करके उनमें सुधार करने की जरूरत की बात भी उन्होंने कही है.

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार पटना तथा जिला प्रशासन किशनगंज के संयुक्त तत्वावधान में जिला शतरंज संघ के सहयोग से 29 अगस्त मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंडोर स्टेडियम, डुमरिया में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अपने जिले के कुल 4 दर्जन से अधिक पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस संबंध में वरीय उप समाहर्त्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा श्री रंजीत कुमार ने जानकारी दी कि चरम बुद्धिमतापूर्ण इस अंतर्राष्ट्रीय इंडोर खेल में भाग लेने पहुंचे खिलाड़ियों को कुल 4 विभागों में विभाजित कर इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाया गया। इसके अंडर-7, 11 ,15 एवं गर्ल्स ओपन विभाग में क्रमशः हार्दिक प्रकाश, सुरोनोय दास, मोहम्मद अमानुल्लाह एवं दिया दत्ता ने बाजी मारी। वहीं श्रीजोय पाल, हिमांश जैन ,आयुष कुमार एवं ज्योति कुमारी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि सार्थक आनंद, ग्रंथ जैन, प्रतीक कुमार एवं धान्वी कर्मकार को तीसरे स्थानों पर संतोष करना पड़ा।विजेता खिलाड़ियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया तथा जिला शतरंज संघ द्वारा सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किया गया।मौके पर इस आयोजन के



लिए जिला शतरंज संघ के साथ सभी प्रतिभागियों के खेल कार्यालय द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

मौके पर संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता, वरीय संयुक्त सचिव-सह- कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ,उपाध्यक्ष बासुकीनाथ गुप्ता, संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार ,निरोज खान, रोहन कुमार, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय के मनीष कुमार, उपस्थित बच्चों के अभिभावकगण एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन सितंबर के दूसरे सप्ताह में, 5 सितंबर तक आवेदन करने की तिथि

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज में जिला-स्तरीय युवा उत्सव, 2023-24 का आयोजन सितंबर के दूसरे सप्ताह में किया जाना है,तिथि की घोषणा अगले सप्ताह हो सकती है। यह कार्यक्रम एमजीएम ऑडिटोरियम में कराया जा सकता है।

जिलाधिकारी,किशनगंज श्रीकांत शास्त्री के निदेश पर युवा उत्सव की तैयारी की जा रही है। 5 सितंबर तक विभिन्न कला विधाओं में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कला एवम संस्कृति पदाधिकारी, रंजीत कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला-स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन पूरे धूम-धाम से कराया जाएगा। जिला-स्तर पर आयोजित युवा उत्सव से चयनित प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार/दल कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेंगे,जो सारण(छपरा) में सितंबर के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। बता दें कि पूर्व में डीएम के द्वारा बैठक कर जिला शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर परिषद, पीएचईडी, जन संपर्क एवं विधि-व्यवस्था के जिला-स्तरीय पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर जिला युवा उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

**सितंबर के दूसरे सप्ताह में दो दिवसीय आयोजन अंतर्गत प्रदर्श कला और चाक्षुष कला प्रतियोगिता संपन्न होगी। प्रदर्श कला के अन्तर्गत निम्न विधा के युवा (15 से 35 वर्ष तक) भाग ले सकते है:-**

1. समूह गायन- संगत कलाकार सहित दस कलाकार
2. समूह लोक नृत्य- संगत कलाकार सहित कुल बीस कलाकार। नृत्य एवं गायन वाद्य वादन पारंपरिक होंगे।
3. शास्त्रीय नृत्य- (कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम, मणिपुरी, कुचिपुड़ी)- प्रस्तुति एकल होगी। संगत कलाकार सहित अधिकतम पाँच कलाकार हो सकते हैं। इसमें संगत कलाकार 35 वर्ष के ऊपर हो सकते है।
4. शास्त्रीय गायन-एकल प्रस्तुति-संगत कलाकार सहित तीन सदस्य (हिन्दुस्तानी/कर्नाटकी शैली)
5. शास्त्रीय वादन- एकल प्रस्तुति (सितार, गिटार, तबला, बाँसुरी, वीणा, मृदंगम (पखावज नहीं)
6. हारमोनियम वादन (सुगम)- एकल
7. एकांकी नाटक- अधिकतम बारह कलाकार, भाषा हिन्दी
8. वक्तृता (हिन्दी या अंग्रेजी)- एकल

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य विधाओं के युवा कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार का निर्णय है कि जिला स्तर पर एवं राज्य स्तर पर लोक गाथा गायन, लोकगीत, सुगम संगीत, वायलिन वादन, सारंगी वादन, सरोद वादन, शहनाई, पखावज, ध्रुपद-धमाड़ की प्रतियोगिता भी होगी।

**चाक्षुष कला के अन्तर्गत निम्न विधा के युवा (15 से 35 वर्ष तक) भाग ले सकते हैं:-**

1. चित्रकला, मूर्ति कला, हस्तशिल्प, फोटोग्राफी आदि

**प्रदर्श कला के उक्त अतिरिक्त विधाओं और चाक्षुष कला के विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कलाकारों को अन्य कार्यक्रमों के लिए सूचीबद्ध किया जायेगा।**

प्रतिभागियों को पूर्व में आवेदन समर्पित कर निबंधन कराना अनिवार्य होगा। समाहरणालय स्थित जिला सामान्य प्रशाखा में आवेदन जमा किया जा सकता है। सरकारी विद्यालय के प्रतिभागी जिला शिक्षा कार्यालय के माध्यम से भी आवेदन भेजवा सकते है। बिना निबंधन के युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकते है। कलाकार /प्रतिभागियों को वेष-भूषा, परिधान, वाद्ययंत्र, मंच सामग्री और संगत कलाकार की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। आयोजक द्वारा इसकी आपूर्ति नहीं की जायेगी। मंच, ध्वनि और प्रकाश की व्यवस्था अनुरूप प्रदर्शन करना होगा।रिकॉर्डेड गाने की अनुमति नहीं होगी। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभागियों की आधिकाधिक भागीदारी के निमित डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि युवा वर्ग को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु युवा उत्सव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इच्छुक एवं योग्य युवा इसका लाभ उठाएं। जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को इस बारे में विधिवत सूचना उपलब्ध करा रहे हैं। इस संबंध में आवश्यक सूचना जिला सामान्य प्रशाखा (समाहरणालय) से प्राप्त की जा सकती है।

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की गयीं

**राहुल , दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी एवं प्रखण्ड समन्वयकों के साथ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की गयीं है. इस बैठक में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण हेतु शेष बचे 13 ग्राम पंचायतों में भूमि की उपलब्धता एवं विवादित भूमि से संबंधित मामले को 31 अगस्त, 2023 तक समाधान करते हुए निर्माण कार्य शुरू करने हेतु निदेशित किया गया है साथ ही निमार्णाधीन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु सभी प्रखण्डों को आदेश दिया गया है. सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को एल. एस. बी. ए. अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं इससे संबंधित प्रक्रिया को सूक्ष्म स्तर पर निगरानी एवं अनुश्रवण करने हेतु सलाह दी गई. साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के सुचारू संचालन हेतु उपयोगिता शुल्क संग्रहण में तेजी लाने एवं इस हेतु समुदाय में जन-जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया. सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को ग्राम पंचायतों में अवस्थित सभी



विद्यालयों की साफ-सफाई एवं विद्यालयों में स्थित शौचालयों के साफ-सफाई कार्य हेतु स्वच्छता कर्मियों को चिन्हित करते हुए योजनाबद्ध रूप से प्रतिदिन सफाई कार्य सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिया गया. इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त श्री स्पर्श गुप्ता, भा.प्र.से. जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समन्वयक, एल.एस.बी.ए. एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा/ दिव्यांगजन कोषांग, जिला अल्पसंख्यक कल्याण और जिला कल्याण कार्यालय की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रतिनिधि, किशनगंज**

किशनगंज जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा/ दिव्यांगजन कोषांग / जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग / जिला कल्याण कार्यालय की समीक्षात्मक बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गई. जिला कल्याण कार्यालय की समीक्षा में अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं नियम 1995 के अन्तर्गत जिले में कांडो की समीक्षा की गई. जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि इसमें अभी तक जिले में कुल 24 कांड दर्ज हुए 20 कांडों में 27 पीडितो को मुआवजा की राशि दी गई है. शेष 4 कांड में मुआवजा स्वीकृति हो गया है आवंटन के अभाव में मुआवजा लंबित हैं.

ड्ट अनु० जाति +2 आवासीय विद्यालय, मोतिहारा में 400 नामांकन क्षमता के विरुद्ध 395 नामांकित छात्र है. 60 शिक्षक पदासीन हैं. अनु० जाति छात्रावास, तुलसीया दिघलबैंक में 100 शय्या की क्षमता के आलोक में 57 विद्यार्थी नामांकित हैं. संख्या कम होने के संबंध में बताया गया कि



छात्रावास के आसपास में कॉलेज नहीं रहने की वजह से बच्चे नही मिल रहे हैं.

2 डीएम किशनगंज द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा-सह-दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा-सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, सम्बल योजना, बैट्री चालित ट्राईसाईकिल योजना आदि की समीक्षा की गयी. समीक्षा के दौरान सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, किशनगंज को जिला पंचायत राज पदाधिकारी, किशनगंज से समन्वय स्थापित कर उक्त योजनाओं में आवश्यक प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया. साथ ही जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, किशनगंज को बुनियाद केन्द्र, किशनगंज में वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों को निःशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रचार प्रसार कर लाभार्थियों की संख्या में प्रगति लाने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये.

इसी प्रकार जिला अल्पसंख्यक कल्याण की समीक्षा में डीएम ने विभागीय विद्यालय/छात्रावास के संचालन,नवनिर्मित भवन के रखरखाव और संचालित विभागीय योजनाओं के सतत अनुश्रवण हेतु सहायक निदेशक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण को निर्देश दिया गया.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायती राज कार्यालय की समीक्षा बैठक

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज कार्यालय की समीक्षात्मक बैठक उनके कार्यालय वेश्म में आहूत की गई. बैठक में डीएम के द्वारा जिला में पंचायती राज कार्यालय अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई. डीएम के द्वारा जिले में वैसे 37 ग्राम पंचायत जहाँ पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नही हुआ है सम्बन्धित प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को अंचलाधिकारी से समन्वय बनाकर भूमि चिन्हित करने का निदेश दिया गया.



पंचायत एवं प्रखण्ड में पंद्रहवी एवं षष्टम वित्त आयोग के आवंटित अवशेष राशि को जल्द से जल्द खर्च करने हेतु सभी बीपीआरओ को निर्देशित किया गया. सोलर लाइट लगाने हेतु दो कम्पनी इस जिला के लिए नामित हैं ,उसकी प्रगति बहुत ही धीमी है. समीक्षा में इसके कार्यों पर गहरी नाराजगी प्रकट करते हेतु इसे ब्लैकलिस्टेड करने हेतु विभाग को प्रतिवेदित करने के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी मो जफर आलम को निर्देशित किया गया. बैठक में जिला पंचायती राज कार्यालय स्तर पर कार्य,संचिका,पत्रादि की समीक्षा भी हुई.

# बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी: डॉ सिन्हा

**-जिले में नियमित टीकाकरण को गति देने को राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने किया निरीक्षण व की समीक्षा बैठक**

**-टीकाकरण से बच्चों में जानलेवा बीमारियों का खतरा बहुत कम हो जाता है**

**--मिशन इंद्रधनुष की तैयारियों का लिया जायजा**

**-संबंधित कर्मियों को दिया गया है जरूरी प्रशिक्षण**

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण बहुत जरूरी है. यह शरीर में बीमारियों के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता पैदा करता है. साथ ही एंटीबाडी बनाकर शरीर को सुरक्षित रखता है. टीकाकरण से बच्चों में जानलेवा बीमारियों का खतरा बहुत कम हो जाता है. शिशुओं की मौत की एक बड़ी वजह उनका सही तरीके से टीकाकरण नहीं होना है. टीकाकरण संक्रमण के बाद या बीमारी के खिलाफ व्यक्ति की रक्षा करता और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है. शिशुओं को स्तनपान कराने से भी उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली तेज होती है. टीकाकरण से बच्चों को चेचक, हेपेटाइटिस जैसी अन्य बीमारियों से बचाया जा सकता है. इसलिए, टीकाकरण शिशु के लिए बहुत जरूरी है. बच्चों में होने वाली बीमारियों व संक्रमण का असर तेजी से उनके शरीर पर होता और उनके अंगों को प्रभावित करता है. बीसीजी, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, डीटीपी, रोटावायरस वैक्सीन, इन्फ्लूएंजा व न्यूमोनिया के लिए टीकाकरण किये जाते हैं। उक्त बातें राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा ने जिले में दो दिवसीय प्रवास के दौरान कही. विदित हो कि राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण, सघन मिशन इन्द्रधनुष, यूविन एवं मिजल्स उन्मूलन की समीक्षा की गयी. उन्होंने जिले के ठाकुरगंज , कोचाधामन एवं दिघल्बेंक प्रखंडों का दौरा 28 एवं 29 अगस्त को किया है.

**निरीक्षण के दौरान मिशन इंद्रधनुष की तैयारियों का लिया जायजा–**

राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि पांच



साल तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं के शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित अभियान की सफलता को लेकर जिले में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं. निरीक्षण के दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत लाभार्थियों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से जिलेभर में आगामी 11 से 16 सितम्बर तक हो रहे सघन मिशन इन्द्रधनुष की तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही सीएचसी में वैक्सीन की स्टॉक और रखरखाव के बारे में भी जानकारी ली एवं स्वास्थ्य कर्मी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने जिले में नियमित टीकाकरण की रफ्तार को गति देने पर बल दिया. इसके माध्यम से लाभार्थियों को चिह्नित कर टीकाकृत किया जाएगा. इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आशा कार्यकर्ता समेत ऑगनबाड़ी सेविका व अन्य कर्मियों का सहयोग लिया जाएगा. साथ ही वहक्ठ स्त्रस्त्र पर सभी सत्र पर किए जा रहे टीकाकरण को अपलोड किया जाना है जो जिले में किया जाना शुरू हो चुका है.

**संबंधित कर्मियों को दिया गया है जरूरी प्रशिक्षण –**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर संबंधित कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है. अब तक निर्धारित लक्ष्य के आलोक में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आशा फैसिलिटेटर, आंगनबाड़ी सेविका को जरूरी प्रशिक्षण दिया गया है. टीकाकरण से वंचित बच्चे व गर्भवती महिलाओं का सर्वे किया गया है. इसके उपरांत ड्यू ड्यू लिस्ट तैयार कर निर्धारित माइक्रोप्लान के आधार पर वंचितों को टीकाकृत करने की योजना बनाई गयी है. साथ ही संबंधित विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बीएलटीएफ की बैठक सभी प्रखंडों में संपन्न हो चुकी है. अभियान का पहला चक्र आगामी 11 से 16 सितम्बर के बीच संचालित होगा. इसके बाद 09 से 14 अक्टूबर के बीच अभियान का दूसरा चक्र व तीसरा व अंतिम चक्र 27 नवम्बर से 02 दिसंबर के बीच संचालित होने की जानकारी उन्होंने दी.

**कम आच्छादन व दुर्गम इलाकों पर होगा विशेष ध्यान–**

राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता महत्वपूर्ण है. टीकाकरण गर्भवती महिलाएं व दो वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से जरूरी है. अभियान के क्रम में नियमित टीकाकरण मामले में कम आच्छादन वाले क्षेत्र, दुर्गम इलाके व ईट भट्ठा व निर्माण कार्य में संलग्न मजदूर, प्रवासी व खानाबदोश परिवार के बसावट वाले इलाकों में शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी.

# घर घर जाकर छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल करेंगी आशा कार्यकर्ता

**- आशा कार्यकताओं को किया जा रहा है एचबीवाईसी में प्रशिक्षित**

**- जिले के सदर अस्पताल में 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन**

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले के सदर अस्पताल के पीडियाट्रिक्स वार्ड में छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) से संबंधित विषय पर आशा कार्यकताओं को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है. यह प्रशिक्षण जिले के बहादुरगंज प्रखंड के स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत आशा कार्यकताओं को दिया जा रहा है. मंगलवार से शुरू हुए उक्त प्रशिक्षण का शनिवार को समापन होगा. इस दौरान प्रशिक्षण में मौजूद सभी प्रतिभागियों को छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जा रही है. जिसमें गृह भ्रमण के तहत छोटे बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित देखभाल, बच्चों की देखभाल कैसे करनी है, किन-किन बातों का ख्याल रखना, बच्चों के स्वास्थ्य और मजबूत शरीर निर्माण को लेकर माता-पिता को दी जाने वाली आवश्यक जानकारी, आदि दी जा रही है. प्रशिक्षक पूर्णिमा कुमारी, ज्योता साहा एवं नीरज सिंह के द्वारा सभी प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

**- बच्चों के माता-पिता को प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दी जाएगी आवश्यक जानकारी :**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया, छोटे बच्चों की गृह आधारित



देखभाल को बढ़ावा देने के लिए आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी प्रशिक्षणार्थी अपने-अपने पोषक क्षेत्र में घर-घर जाकर छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित देखभाल करेंगी. बच्चों के स्वस्थ और मजबूत शरीर निर्माण के लिए बच्चों के माता-पिता को आवश्यक जानकारियाँ देंगी. इसके दौरान जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराना, छः माह तक सिर्फ स्तनपान कराने, छः माह की उम्र पार करने के बाद दो वर्षों तक स्तनपान के साथ उचित और पर्याप्त ऊपरी आहार देने, नियमित टीकाकरण कराने, साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखने समेत तमाम जानकारियाँ दी जाएंगी.

**- छोटे बच्चों की देखभाल से संबंधित दी जा रही है विस्तृत जानकारी:**

प्रशिक्षक पूर्णिमा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक द्वारा मौजूद सभी प्रतिभागियों को छोटे बच्चों की नियमित तौर पर स्वास्थ्य से सांबांधित देखभाल की विस्तृत जानकारी दी जा रही है. जिसमें बच्चों की देखभाल कैसे करनी है, देखभाल के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना, बच्चों के शारीरिक विकास, कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की पहचान करने आदि समेत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता-पिता को दी जाने वाली आवश्यक और जरूरी सलाह की जानकारी विस्तारपूर्वक दी जा रही है. ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थी अपने कार्य का मुस्तैदी के साथ निर्वहन कर सकें और बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित हो सके.

# नाबालिगा लड़की से दुष्कर्म की घटना से नक्सलबाड़ी में आक्रोश का माहौल।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**


नक्सलबाड़ी : सहेली के घर से लौट रही नाबालिगा लड़की से दुष्कर्म की घटना से नक्सलबाड़ी में आक्रोश का माहौल है। आरोप है कि कल शाम अपनी सहेली के घर से लौटते समय आरोपी ने नाबालिग लड़की को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पीड़िता ने थाने में शिकायत देकर आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। बाद में पीड़िता के स्थानीय निवासियों और आदिवासी समुदाय के सदस्यों ने नक्सलबाड़ी थाने का घेराव किया और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना को लेकर माहौल गरमा गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिला पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,एसडीपीओ सहित वरिष्ठ अधिकारी नक्सलबाड़ी थाने में मौजूद थे। खबर पाकर बीजेपी और सीपीएम नेतृत्व नक्सलबाड़ी थाने पहुंच गया। महकमा परिषद के अध्यक्ष अरुण घोष ने पूरी घटना में आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। आरोपी को आज सिलीगुड़ी महकमा अदालत में भेज दिया गया।



# चलती वाहन की चपेट में आने से एक तेंदुए की मौत।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

फांसीदेवा : चलती वाहन की चपेट में आने से एक तेंदुए की मौत हो गई। घटना फांसीदेवा ब्लॉक के कमला चाबागान के पास नेशनल हाईवे पर हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, चाय बागान के पास नेशनल हाईवे पार करते समय तेंदुआ एक तेज रफ्तार कार के सामने आ गया। वयस्क नर तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि वन विभाग के कर्मचारियों के नहीं मिलने पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताया। बाद में घोषपुकुर चौकी की पुलिस और ट्रैफिक मौके पर पहुंची और तेंदुए का शव बरामद कर घोषपुकुर वन विभाग को सौंप दिया।



# रक्षाबंधन पर भद्रा का छाया को लेकर लोगों के बीच है भम्र

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

रक्षाबंधन को लेकर लोगों के बीच है काफी भ्रम। जानिए कब मनाया जायेगा राखी का पर्व

भाई एवं बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर वह मानने को लेकर लोगों के बीच में भ्रम की स्थिति है। रक्षाबंधन का त्योहार हर साल सावन मास की पूर्णिमा को भद्रा के बाद ही मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार रक्षाबंधन पर्व 30 अगस्त को मनाया जाएगा। हालांकि रक्षाबंधन के दिन इस बात का ख्याल रखना चाहिए की भद्रकाल में राखी नहीं बांधनी चाहिए। दरअसल, भद्रकाल को अशुभ मुहूर्त है। इसलिए लिए शुभ मुहूर्त में ही बहनों को अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधनी चाहिए।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि पूर्णिमा तिथि का आरंभ 30 अगस्त 2023 को प्रातः 10:59 मिनट पर प्रारम्भ हो जायेगी जो कि अगले दिन प्रातः 07:04 तक तक रहेगी। इस दिन भद्रा प्रातः 10:59 से रात्रि 09:02 तक रहेगी। जो पृथ्वी लोक की अशुभ भद्रा होगी। अतः भद्रा को टालकर रात्रि 09:02 के पश्चात मध्यरात्रि 12:28 तक आप राखी बांध सकते है। शास्त्रों में भद्रा काल में श्रावणी पर्व मनाने का निषेध कहा गया है तथा इस दिन भद्रा का काल रात्रि 09:02 तक रहेगा। इस समय के बाद ही राखी बांधना ज्यादा उपयुक्त रहेगा। पूर्णिमा के समय को लेकर पंचांग भेद भी हैं।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि हिंदू पंचांग के मुताबिक रक्षाबंधन सावन महीने की पूर्णिमा का हर साल मनाया जाता है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का यह त्योहार पूरे भारत वर्ष में उत्साह के साथ मनाया जाता है और बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई की लंबी उम्र की कामना करती है, वहीं भाई भी बहन की रक्षा करने का संकल्प लेता है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक भद्रा काल के दौरान राखी बांधना शुभ नहीं होता है। पौराणिक कथा के अनुसार लंकापति रावण को उसकी बहन ने भद्रा काल में राखी बांधी थी और उसी साल प्रभु राम के हाथों रावण का वध हुआ था।

# भारत नेपाल सीमा चौकी में रक्षा पर्व कार्यक्रम का आयोजन

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

मंगलवार को भारत रक्षा पर्व कार्यक्रम दैनिक जागरण सिलीगुड़ी के तत्वाधान में भारत नेपाल सीमा चौकी गौरसिंहबस्ती ( पानीटंकी ) में बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया । जहाँ शारदा विद्या मंदिर नक्सलबाडी लाइम लाइट हाई स्कूल बागडोगरा की छात्रायें अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सिलीगुड़ी मारवाड़ी यूवा मंच सिलीगुड़ी एवं इनर व्हील क्लब सिलीगुड़ी की महिला सदस्यों ने सैनिक भाइयों के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी और उनके सुखद भविष्य की कामना की । जहाँ जवानों ने भी उनकी रक्षा का संकल्प लिया । इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये वही ररइ के पाइप बैंड ने देशभक्ति व सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री एच.आर बारोट उप महानिरीक्षक ( कार्यवाहक



महानिरीक्षक ) सीमान्त मुख्यालय सिलिगुडी ने सर्वप्रथम सभी को रक्षा पर्व की बधाईयां दी और पर्व के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में अनेक पर्व मनाए जाते हैं परंतु रक्षाबंधन ही एक ऐसा त्यौहार है जो पूरे विश्व में व्यापक तथा लोकप्रियता का रूप धारण कर चुका है ।यह पर्व जाति धर्म वर्ण और भाषा की परिधि को तोड़कर आज भी सर्वमान्य और लोकप्रिय है। प्रत्येक मनुष्य के अंदर रक्षा और मयार्दा का बीज शास्वत अवस्था में होता है । उन्होंने कहा कि इस पर्व के पीछे केवल शारीरिक रक्षा का सवाल नहीं है । बल्कि संकल्पों के बंधन का भाव भी समाया होता है । इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी श्री एच .आर बारोट ,उप महानिरीक्षक ( कार्यवाहक महानिरीक्षक ) सीमान्त मुख्यालय सिलिगुडी श्री नवीन कुमार राय, 2क्छ कार्यवाहक कमांडेंट , 41 वीं वाहिनी श्री रवि रंजन ,उप कमांडेंट श्री गौरी शंकर रॉय , उप कमांडेंट सीमान्त मुख्यालय सिलिगुडी दैनिक जागरण सिलीगुड़ी के जनरल मैनेजर श्री शुभाशीष जय हलदर शारदा विद्या मंदिर नक्सलबाडी के प्राचार्य ,अढऋ ठीस्त्रं' के अधिकारी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सिलीगुड़ी मारवाड़ी यूवा मंच सिलीगुड़ी इनर व्हील क्लब सिलीगुड़ी के कार्यकर्ता स्कूली बच्चे मीडिया के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें ।

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमे सीमान्त मुख्यालय सिलीगुड़ी क्षेत्रक मुख्यालय रानीडंगा एवं 41 वीं वाहिनी रानीडंगा के बीच खेला गया जहाँ रोमांचक वॉलीबॉल फाइनल मैच क्षेत्रक मुख्यालय रानीडंगा व 41 वीं वाहिनी के बीच खेला गया जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय रानीडंगा ने 2/1 से जीत दर्ज की वही Tug of War प्रतियोगिता में सीमान्त मुख्यालय सिलीगुड़ी विजेता रहा ।

# हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों को लेकर मचा बवाल

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 29 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के सिरसा में सिख समाज ने सोमवार को गुरुद्वारा दसवीं पातशाही में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी में सरकार की दखलअंदाजी के विरोध में मीटिंग की थी। उसी दौरान वहां हंगामा हो गया। जब आयोजकों ने पंजोखरा साहिब में हुई घटना का जिक्र किया और संत बलजीत सिंह दादूवाल पर आरोप लगाए तो दादूवाल के समर्थकों ने हंगामा कर दिया।

मीटिंग में पहुंचे सिख समाज के नेताओं ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को भंग करने की मांग की। साथ ही कहा कि दिसंबर से पहले चुनाव के जरिए नई हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन किया जाए। हरियाणा के सिखों को यह कमेटी चुनने का अधिकार मिलना चाहिए। इसी बीच जब आयोजकों ने दादूवाल पर सरकार की शह पर काम करने के आरोप लगाए तो उनका एक समर्थक खड़ा हो गया। उसने दादूवाल पर लगाए गए आरोपों से इनकार किया। इसी बात को लेकर आयोजकों और दादूवाल के समर्थक में गहमा गहमी हो गई। मामला बढ़ता देखकर कर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य दादूवाल समर्थक को बाहर ले गए। अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग करने का आरोप

आयोजकों का आरोप है कि बलजीत सिंह दादूवाल ने सरकार की शह पर अपने कुछ गुंडा तत्व पंचायत को प्रभावित करने के लिए भेजे। गुंडातत्वों ने गुरुघर में अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग किया, जिसके कारण सिख संगत में भारी रोष है। हालांकि सिख संगत ने स्थिति को भांपते हुए किसी तरह गुंडातत्वों को गुरुघर से बाहर कर दिया। लखविंदर सिंह औलख का कहना है कि दादूवाल समर्थकों ने मीटिंग में खलल डालने का काम किया।

# कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापित पदों पर सरकार नए नियमों व शर्तें पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को देगी अवसर - मनोहर लाल

चण्डीगढ़, 29 अगस्तः( विनोद कश्यप)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विधानसभा में कहा है कि सरकारी भर्तियों में पहले बहुत लंबा समय लगता था, पदों की संख्या बहुत अधिक होती थी और पदों की श्रेणियाँ भी अधिक बनती थीं। इस लिए उस प्रक्रिया को स्पीड अप करने के लिए सरकार ने ग्रुप 'सी' व ' डी' भर्ती के लिए नई नीति बनाई।

उन्होंने बताया कि नई नीति के तहत ग्रुप डी के पदों का एक कैडर बनाया है और परीक्षा ली जाएगी। यदि उम्मीदवार चयनित होने के कुछ समय बाद अपना विभाग बदलना चाहते हैं तो वो वरिष्ठता के आधार पर बदल सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले ग्रुप सी पदों के लिए हर विभाग के अलग अलग सर्विस रूल थे, जिनकी वजह से ग्रुप सी पदों पर भर्ती के लिए एक परीक्षा लेना संभव नहीं था। नई नीति के तहत सीईटी परीक्षा के लिए ग्रुप सी पदों की लगभग 35 हजार पदों को विज्ञापित किया गया।

राज्य सरकार ने एक सामान्य पात्रता-परीक्षा ली। सामान्य पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 11,22,232 थी। 3 लाख 59 हजार 146 ने सीईटी स्तर-1 पास किया। सभी पदों के लिए एक जैसी शैक्षणिक योग्यता को आधार मानते हुए कैटेगरी बनाई गई हैं और हर ग्रुप की एक अलग परीक्षा होगी।

हरियाणा के विभागों में कहीं पद कम और कहीं ज्यादा हैं, इसलिए पारदर्शी और योग्य उम्मीदवार का चयन करने हेतु सीईटी परीक्षा -1 पास करने वाले उम्मीदवारों में से 4 गुणा उम्मीदवारों को बुलाया गया है।

उन्होंने कहा कि ग्रुप 56- 57 की अभी परीक्षा हुई है। जिसमें प्रश्नों के रिपीट होने का भी एक मामला सामने आया। वर्तमान में मामला न्यायालय में है। इस लिए मामले पर नहीं बोल सकते।

मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि सरकार ने उन उम्मीदवारों को आयु में छूट दी, जिन्होंने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी कुछ विज्ञापनों के लिए आवेदन किया था, जिन्हें बाद में प्रशासनिक कारणों से वापस ले लिया गया था। इसके अलावा जिन्होंने सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों सहित हरियाणा सरकार के किसी भी विभाग, बोर्ड, निगम में व्यावधान को रोकने की अवधि को छोड़कर तदर्थ अनुबंध, कार्य प्रभारित, दैनिक वेतन के आधार पर समकक्ष पद पर काम किया है, उन्हें भी आयु में छूट दी गई। इसके अलावा ऐसे उम्मीदवार जो कुछ विशेष श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति आदि से संबंधित हैं, उन्हें भी छूट दी गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन उम्मीदवारों को सीईटी परीक्षा में आयु सीमा में छूट प्रदान की गई थी, उनके लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 30 अप्रैल, 2023 को निर्णय लिया कि जो उम्मीदवार सीईटी स्तर-1 परीक्षा में पात्र थे, लेकिन अब अधिक उम्र के हो गए हैं, उन्हें स्तर-क्क के लिए अनंतिम रूप से उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

इसके अलावा, यदि पिछली परीक्षाओं के रद्द होने के कारण, कोई उम्मीदवार हरियाणा सरकारी सेवा में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु सीमा 52 पार कर चुका है, तो उसे भी अनंतिम रूप से आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी। यदि वे चयनित हो जाते हैं तो उस संदर्भ में सरकार निर्णय लेगी।

# कोर्ट में महिला जूनियर कोच से यौन शोषण का मामला

**हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह को कोर्ट में पेश होने का आदेश**

चण्डीगढ़, 29 अगस्तः( विनोद कश्यप)। महिला जूनियर कोच से छेड़छाड़ मामले में हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह को एसीजेएम राहुल गर्ग की अदालत ने नोटिस जारी कर 16 सितम्बर को पेश होने के आदेश जारी किए हैं। अब अदालत में छेड़छाड़ मामले में आरोप तय करने को लेकर सुनवाई चलेगी।

एस.आई.टी. ने संदीप सिंह के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस ने करीब 700 पन्नों की चार्जशीट दायर की है. वही केस को साबित करने के लिए कुल 45 गवाह रखे हैं। पीड़ित के साथ मोबाइल पर बातचीत की ट्रांसक्रिप्ट और सीआरपीएफ 164 तहत दर्ज बयानों को प्रमुखता से चार्जशीट में लगाया है। एस.आई.टी. ने पीड़िता और आरोपी संदीप के मोबाइल फोन से प्राप्त डाटा और सोशल मीडिया पर चौट की ट्रांसक्रिप्ट भी चार्जशीट में शामिल की है. करीब 8 महीने की लंबी जांच के बाद चार्जशीट दायर की गई है।

सोमवार को एस.आई.टी. इंचार्ज पलक गोयल, इंस्पैक्टर ऊषा रानी और इंस्पैक्टर रणजीत सिंह ने एसीजेएम राहुल गर्ग की अदालत में पेश होकर औपचारिक रूप से चार्जशीट पेश की गई।

## करारे प्रतियोगिता में बी.के.एम. विश्वास स्कूल ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

( विनोद कश्यप द्वारा) पंचकूला 29 अगस्त। पंचकूला के सेक्टर-9 स्थित बी.के.एम. विश्वास स्कूल में जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के अंतर्गत नगर के कई स्कूलो से आए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। बी.के.एम. विश्वास स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर ऐज-14 ऋषि, अर्पित, किंशुक, अव्या, अंडर ऐज-17 भरत, अंडर ऐज-19 तन्वी और तनीषा को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर बी.के.एम. विश्वास स्कूल की प्रधानाचार्या ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन दिया।

## हरियाणा सरकार ने जींद में पैरामेडिकल महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया - चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री अनिल विज

समाज जागरण

चंडीगढ़, 29 अगस्तः(विनोद कश्यप)। - हरियाणा के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार ने निमार्णाधीन संत शिरोमणि धन्ना भगत जी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय जींद के परिसर में पैरामेडिकल महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया है।

**श्री विज ने यह जानकारी आज यहाँ हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दी।**

उन्होंने कहा कि हालांकि, चिकित्सा महाविद्यालय, जींद के परिसर में भूमि की कमी के कारण एचएसवीपी से भूमि की पहचान करने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि एचएसवीपी ने पैरामेडिकल महाविद्यालय जीन्द के निर्माण के लिए सैक्टर-9, जीन्द में 7.42 एकड़ भूमि की पेशकश की है, जो विभाग के विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि भूमि के चयन उपरांत निर्माण कार्य के लिए कार्यकारी एजेंसी नियुक्त की जाऐगी ।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज खोलने के लिए नई नीति बनाई है जिसके तहत कॉलेज में प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों को कॉलेज के 10 किलोमीटर के दायरे में 100 बिस्तर के एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल में ट्रेनिंग लेनी होगी और इस ट्रेनिंग तथा प्रशिक्षण में बायो मिट्रिक हाजिरी लगाई जायेगी।

## हरियाणा में न्यायधीशों के 772 पदों के लिए मिली स्वीकृति उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने विधानसभा सत्र के दौरान दी जानकारी

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 29 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा में सत्र न्यायालय (हायर ज्यूडिशरी) 246 ` तथा निचली अदालतों में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के 526 पद स्वीकृत हैं। हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक शाखा) 129 अधिकारियों की भर्ती का मामला सर्वोच्च न्यायालय के कारण लंबित है।

यह जानकारी प्रश्नकाल के दौरान विधायक राकेश दौलताबाद के द्वारा सदन के नेता व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री की ओर से उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा सदन में दी गई। उन्होंने सदन को इस बात की जानकारी दी कि हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक शाखा) 129 अधिकारियों की भर्ती का मामला मलिक मजहर सुलतान बनाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग व अन्य दायर याचिका के कारण सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में हायर ज्यूडिशरी 68 अधिकारियों की आवश्यकता है जिसमें से 39 पद पदोन्नति द्वारा भरे जा रहे हैं। पदोन्नति से भर्ती पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की कमेटी की सिफारिश पर की जाएगी।

## दक्षिणी हरियाणा के किसानों को मिलेगा बिजली कनैक्शन, बशर्ते सोलर पॉवर में उनके ट्यूबवेल कनेक्शन की गहराई हो 100 फुट - दुष्यन्त चौटाला

चण्डीगढ़, 29 अगस्त :( विनोद कश्यप )। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विधानसभा सत्र के दौरान बताया कि दक्षिणी हरियाणा में जिन किसानों के ट्यूबवेल की गहराई 100 फुट से ज्यादा है और उनका कनेक्शन सोलर पावर का है तो उनके लिए राज्य सरकार ने बिजली का कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।यह जानकारी डिप्टी सीएम ने आज विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त 2023 को बाढ़डा विधानसभा की विधायक श्रीमती नैना चौटाला ने अपने विधानसभा क्षेत्र की मांग उठाते हुए कहा था दक्षिणी हरियाणा में ट्यूबवेलों की गहराई 100 फुट से भी ज्यादा हो गई है जिसके कारण सोलर पावर की मोटर जमीन से पानी की निकासी करने असमर्थ हैं। किसानों की इसी समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि दक्षिणी हरियाणा के 100 फुट से ज्यादा गहराई वाले सोलर ट्यूबवेलों को बिजली का कनेक्शन दिया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि जरूरत पड़ने पर उतरी हरियाणा में भी यह स्कीम लागू कर दी जाएगी।

## हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र का तीसरा और अंतिम दिवस


# विपक्षी विधायक किरण चौधरी और शकुन्तला खटक ने भाजपा- जेजे पी गढबंधन सरकार को कर्मचारी चयन आयोग मामले में सरकार से किए तीखे सवाल

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 29 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के मानसून सत्र का मंगलवार को तीसरा और आखिरी दिन सदन में सत्ता सत्ताधारी भाजपा- जेजेपी सरकार और विपक्ष में कई मुद्दों पर तीखी नोकझोक का रहा है। विपक्षी पार्टियों के विधायकों ने विभिन्न मुद्दों पर मनोहर सरकार के साथ जोरदार बहस करके सदन का माहौल गर्म कर दिया। सत्र की कार्यवाही निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुबह 11:00 शुरू हो गई थी।

ज्ञातव्य है कि सोमवार को सत्र के दूसरे दिन पक्ष और विपक्ष के बीच एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश होती रही। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के विधायकों ने जूनियर महिला कोच के साथ पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह से यौन उत्पीड़न के कारण इस्तीफा और बर्खास्तगी की माँग की जैसे मामलों ने जन्म लिया। लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विपक्ष को कोई तवज्जो नहीं दी। ऐसे ही नूंह व गुरुग्राम में हिंसक वारदातों पर विवाद के अलावा सदन की कार्यवाही का 2 बार स्थगन के बाद वॉकआउट भी हुआ। गृह मंत्री और हुड्डा के बीच शहरी आवास प्राधिकरण मुद्दे पर बहस जैसी घटनाओं के बावजूद हुआबड़ी और छोटी घटनाओं पर बहस में मनोहर सरकार से त्यागपत्र तक की माँग को लेकर गीता भुक्कल व शकुन्तला खटक ने अध्यक्ष की वेल्स तक पहुँचकर रोष प्रकट किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के बीच बहस के बावजूद चार विधेयक प्रस्तुत किये गये जिनमें हरियाणा माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023, हरियाणा वाद्य (शोर-नियंत्रण) निरसन विधेयक, 2023, हरियाणा किशोर धूम्रपान निरसन विधेयक, 2023 शामिल तथा सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 शामिल हैं। सदन में आज इन विधेयकों पर विस्तार से चर्चा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने सदन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुभकामनाएँ दीं।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेसी विधायक किरण चौधरी ने सीईटी का मामला उठाते हुए कई ऐसे सवाल दागे । जिनका जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बाध्य होना पड़ा। प्रश्नकाल में विधायक किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा- जे जे पी सरकार ने सीईटी में अभ्यर्थियों को आयु में छूट देने का वायदा किया था।लेकिन इसकी सूचना तक जारी नहीं की गई। जिन अभ्यर्थियों ने सीईटी पास कर लिया है उनके के भविष्य को क्यों बर्बाद किया जा रहा है।इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश के



उन युवाओं में रोष है जिन्होंने यह परीक्षा पास की।परन्तु उन्हें सरकार की ओर से किसी भी बात का संकेत नहीं दिया गया। इस पर जन हितैषी का ढिंढोरा पीटने वाली मनोहर सरकार से जवाब चाहिए कि उनको कब नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

इस दौरान विपक्ष की ओर से 'शेम- शेम ' और सरकार के विरोध में नारेबाजी और हंगामा खड़ा हो गया। अध्यक्ष के बीच बचाव पर माहौल में बदलाव देखने को मिला। किरण चौधरी की तरह कांग्रेसी विधायक शकुन्तला खटक ने भी अनेक मुद्दों पर सरकार की भर्त्सना की।

किरण चौधरी ने कहा कि क्वेश्चन पेपर सेट कराने वाले भाजपा के वो लोग हैं जिन्हें गुण्डागर्दी करने और लोगों से लूट खसोट के सिवाय किसी बात का ज्ञान नहीं है। कर्मचारी आयोग ने जिस एजेंसी से प्रश्न पत्र तैयार कराया वो इस सरकार के ईशारे पर ही हुआ है। प्रश्न पत्र तैयार करने वाले को पहले ही कह दिया गया होगा कि अगले दिन के प्रश्न पत्र में अधिकतर वही सवाल पूछे जाने हैं जो पहले दिन के पेपर में पूछे गए। इससे साफ झलकता है कि यह सब सत्ताधारी पार्टी का पहले से रचा गया खेल है। विपक्षी दल ने सरकार के विरोध में नारे लगाने शुरू किए और इसी बीच किरण चौधरी ने कहा भाजपा वाले अपने लोगों को पास करने और सरकारी सेवा में लाने के लिए सरकार ने घिनौना काम करने पर उतारू हैं। प्रश्नपत्र में सवालों का दोहराव क्या सोचकर और किस भावना को लेकर किया गया। प्रश्न पत्र तैयार करने वाले को क्या इतनी समझ नहीं कि अगले दिन के लिए अधिक्तर वो ही सवाल रिपीट करना बेमानी है। सरकार अब तक चुप क्यों है, क्यों अब तक ऐसी ऐजेंसी या एजेंट पर कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे प्रश्न पत्र तैयार करने वाले पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए, पर हेराफेरी और धोखाधड़ी करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अब तक इस खेल को रचने वाले पर सरकार क्यों चुप बैठी है।क्यों कोई कार्यवाही नहीं की गईं । क्यों क्वेश्चन अगले दिन की परीक्षा में भी रिपीट हुए हैं।

किरण चौधरी ने कहा पूरी रात अभ्यर्थी पेपर का इंतजार करते रहे की पेपर होगा भी या नहीं। उन्होंने इस बात पर सरकार से स्थिति का स्पष्टीकरण माँगते हुए कहा कि सरकार ने एच. एस. एस. सी. के अध्यक्ष और सदस्यों के पदों पर ऐसे लोग बिठाये हैं, जिन्हें शिक्षित बच्चों के भविष्य को उजाड़ने के सिवा कोई ज्ञान नहीं। ऐसे व्यक्ति को प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी क्यों दी गई जिसे यह तक ज्ञात नहीं कि अगले दिन परीक्षा में बैठने वाले बच्चों के भविष्य पर तलवार लटक जाएगी।

किरण चौधरी ने कहा कि सरकार को तुरंत इस एच. एस. एस. सी. को बर्खास्त कर देना चाहिए। किरण चौधरी के सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी नौकरियों में सिलेक्शन का बहुत लम्बा प्रोसेस होता है। ग्रुप डी की अलग अलग पोस्टों का अलग कैडर बनाया गया है। एक समय के बाद यदि सिलेक्टेड कैंडिडेट विभाग बदलना चाहे उसके लिए भी प्रावधान किया जा रहा हैं। ग्रुप सी में भी यह प्रावधान लागू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अकेले ग्रुप सी की पोस्टों में 11 लाख 22 हजार लोगों ने अप्लाई किया था, जिनमें से 3 लाख 59 हजार ने सी ईटी परीक्षा को क्वालीफाई किया है। इसके बाद अलग अलग ग्रुप भी बनाये गए 64 ग्रुप बनाये गए हैं। जिनमे संख्या ज्यादा थी उनकी परीक्षा पहले ली गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा में जो क्वेश्चन रिपीट हुए उसके बारे में मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा क्योंकि यह मामला अब उच्च न्यायालय के पास में है।उन्होंने कहा जहाँ तक 4 गुणा पॉलिसी के विरोध की बात है ,सरकार द्वारा उस मामले पर विचार किया जा रहा है। मैडम के सवाल पर सदन क्लीयर किया जाता है कि जब भी कोई अभ्यार्थी सीईटी के पेपर के लिए अप्लाई करेगा तो उसकी आयु वही मानी जाएगी जिस समय उसने इस परीक्षा के लिए नामांकन कराया होगा।

### सरकार ने सीईटी में छूट का वादा नहीं किया पूरा

**परीक्षा में प्रश्नों के अगले दिन दोहराव से अभ्यर्थियों के साथ किया गया धोखा और पेपर तैयार करने वाले को दी मुक्ति - किरण चौधरी**

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सदन में विपक्ष द्वारा उठाए सवालों पर प्रकट की वस्तुस्थिति**

प्रश्नकाल के दौरान गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह की हिंसा के मामले में वहाँ के कांग्रेसी विधायक मामन खान को इस 30 तारीख को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि हिंसा फैलाने वाले पकड़ में आए लोगों से पूछताछ में ऐसा संकेत मिला है कि नूंह में हुई हिंसा के लिए कांग्रेस पार्टी के लोग जिम्मेदार हैं। वहाँ जगह- जगह जो तोड़फोड़ की गई वो कांग्रेस के कर्मियों ने ही की। जहाँ - जहाँ मामन खान गए वहाँ-वहाँ हिंसा हुई है। उन्होंने कहा- " मामन खान तब लोगों के कांटेक्ट में रहा। वैसे हम उस वीडियो की भी जांच कर रहे हैं जो पाकिस्तान से शेयर किया गया था।

बीजेपी विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि रेवाड़ी क्षेत्र के लोगों द्वारा रेवाड़ी या आसपास ट्रामा सेण्टर की बहुत जरूरत की मांग की जा रही है।क्या रेवाड़ी के गाँव गुरावड़ा के सी एच सी में ट्रॉमा सेंटर खोलने का कोई प्रावधान किया जा रहा है। क्योंकि बहुत सख्त जरूरत है ट्रॉमा सेंटर की।

इस बात पर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा की एक ट्रॉमा सेंटर से दूसरे ट्रॉमा सेंटर की दूरी 50 किलोमीटर होनी चाहिए और गुरावडा इसी दायरे में आता है, इसलिए नीति के अनुसार वहाँ ट्रॉमा सेंटर नहीं खोला जा सकता। आपने क्षेत्र के लोगों की मांग उठाई है, निश्चिंत हो जाईये सीएचसी को ही अपग्रेड करवा दूंगा, लेकिन वह ट्रॉमा सेंटर नही होगा। क्योंकि उसके लिए अलग से बजट की जरूरत होती है।

# हरियाणा सरकार राज्य की प्रगति के लिए सड़क और रेल मार्ग क सुदृढ़ करने पर है तुली हुई- दुष्यंत चौटाला

## *हरियाणा को नैशनल कैपिटल रीजन प्लांनिग बोर्ड ने दिया 461 करोड़ - दुष्यंत चौटाला*

चण्डीगढ़, 29 अगस्त । हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति का रास्ता सड़क मार्ग और रेल मार्ग से होकर गुजरता है और प्रदेश सरकार इन दोनों ही मार्गों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्प है।



हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति का रास्ता सड़क मार्ग और रेल मार्ग से होकर गुजरता है और प्रदेश सरकार इन दोनों ही मार्गों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्प है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने "नेशनल कैपिटल रीजन प्लानिंग बोर्ड" (एनसीआरपीबी ) की नई दिल्ली में हुई बैठक में हरियाणा को करीब 461 करोड़ रुपए के 8 नए प्रोजेक्ट्स का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स से प्रदेश में विकास का पहिया और तेज गति से घूमेगा।

दुष्यंत चौटाला ने बताया कि कल दिल्ली में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के "प्रोजेक्ट सेंक्शनिंग एंड मॉनिटिरंग ग्रुप -1" की 63वीं बैठक हुई है जिसमे हरियाणा के लिए 8 नए प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति दी गई है , इन पर कुल 461.116 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जिनके पास पीडब्ल्यूडी विभाग का प्रभार भी है , ने नए प्रोजेक्ट्स की जानकारी देते हुए बताया कि इन 8 प्रोजेक्ट्स में 4 बड़े राजमार्गों का मजबूतीकरण, 2 नए फ्लाईओवर तथा 2 नए रेलवे ओवर ब्रिज शामिल हैं।

## जिरकपुर में पंजाब पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक हुआ काबू बदमाश ने हरियाणा में 3 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 29 अगस्त :( विनोद कश्यप )। पंजाब के जिरकपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश को काबू किया गया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए मोहाली के डीएसपी गुरशर सिंह संधू और इंस्पेक्टर शिव कुमार की तरफ से ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पिछले हफ्ते मोहाली जिले के घादुआ में घर में घुसकर फायरिंग करने मामले में आरोपियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस आरोपी बदमाश को अस्पताल में लेकर पहुंची है। पुलिस ने बताया कि एयरपोर्ट रोड पर मोहाली पुलिस की सीआईए ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को दबोचा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जग्गू भगवानपुरिया का मैन शूटर अनिल बिश्नोई डबवाली सिरसा का रहने वाला है, उसे पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि जैसे ही पुलिस इसको पकड़ने गई इसने पुलिस पर फायरिंग की जवाबी फायरिंग में पुलिस ने इसके पेर में गोली मारी है। वहीं आरोपी मोहाली में एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की दोबारा से फिराक में था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने हरियाणा में तीन वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है वहीं कई अन्य वारदातों में भी आरोपी अनिल बिश्नोई शामिल रहा है। पंजाब में भी आरोपी ने वारदातें की है।

# अभय सिंह चौटाला ने मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर कृषि मंत्री से पूछे सवाल

## सरकार की बेकायदगियों के कारण किसानों को एक साल तक इन मुसीबतों को झेलना पड़ा हैः अभय सिंह चौटाला

भाजपा गठबंधन सरकार ने किसानों की आज यह हालत कर रखी है कि किसानों को हर चीज के लिए मजबूर होकर रास्ते रोकने पड़ रहे कृषि मंत्री ने सदन में झूठ बोला कि किसानों ने धरना खत्म कर दिया है, किसान अभी भी धरने पर बैठे हैं और तब तक धरने पर बैठे रहेंगे जब तक सभी किसानों के खाते में मुआवजे के पूरे पैसे नहीं आ जाते

कृषि मंत्री से पूछे प्रश्न - 2022 की खरीफ की फसल की बीमा राशि की अदायगी में देरी होने का क्या कारण था?, क्या सरकार 623 करोड़ रूपए जो बीमा क्लेम के हैं वो किसानों को ब्याज समेत देगी?, दस दौरान किसानों ने कर्ज उठाकर अगली फसल की बुआई की थी क्या सरकार उस कर्ज पर दिए गए ब्याज की अदायगी भी करेगी?, अब तक कितना पैसा, कितने किसानों के खाते में जमा कराया गया है? और बाकी बची राशि कब तक जमा कराएंगे? और क्या वो पैसा ब्याज समेत देंगे या नहीं देंगे?

(विनोद कश्यप) चंडीगढ़, 29 अगस्त। विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे और आखिरी दिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने बीमा कलेम के लिए चौपटा तहसील में धरने पर बैठे किसानों के बारे में कृषि मंत्री पर सदन में झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री का कहना कि किसानों ने धरना खत्म कर दिया है, यह सरासर झूठ है और किसान अभी भी धरने पर बैठे हैं और तब तक धरने पर बैठे रहेंगे जब तक सभी किसानों के खाते में मुआवजे के पूरे पैसे नहीं आ जाते। उन्होंने कहा कि सरकार की बेकायदगियों के कारण किसानों को एक साल तक इन मुसीबतों को झेलना पड़ा है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि किसानों को एक साल तक



बीमा क्लेम न मिलने के कारण धरना, प्रदर्शन करना पड़ा जो 90 दिनों तक चला लेकिन न तो डीसी, न ही कोई कृषि अधिकारी और न ही बीमा कंपनी के किसी अधिकारी ने वहां जाकर किसानों की बात सुनीं। उसके बाद 4 किसानों ने नरयाणखेड़ा गांव की टंकी पर चढ़ कर धरना दिया और हजारों किसानों ने टोल को बंद किया तब जाकर डीसी ने उनके साथ बातचीत शुरू की। अभी तक भी किसानों को सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है कि उन्हें पूरा पैसा दे दिया जाएगा। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार ने किसानों की आज यह हालत कर रखी है कि किसानों को हर चीज के लिए मजबूर होकर रास्ते रोकने पड़ते हैं, धरने, प्रदर्शन और आंदोलन करने पड़ते हैं। चाहे सूरजमुखी की खरीद की बात हो, चाहे सरसों की खरीद की बात हो, चाहे बाजरे के नुकसान के लिए मुआवजे की बात हो हर चीज में सरकार किसानों को प्रताड़ित करने के सिवाय कुछ नहीं कर रही।

अभय सिंह चौटाला ने कृषि मंत्री से प्रश्न पूछा कि यह बताएं कि 2022 की खरीफ की फसल की बीमा राशि की अदायगी में देरी होने का क्या कारण था?, क्या सरकार 623 करोड़ रूपए जो बीमा क्लेम के हैं वो किसानों को ब्याज समेत देगी?, दस दौरान किसानों ने कर्ज उठाकर अगली फसल की बुआई की थी क्या सरकार उस कर्ज पर दिए गए ब्याज की अदायगी भी करेगी?, अब तक कितना पैसा, कितने किसानों के खाते में जमा कराया गया है? और बाकी बची राशि कब तक जमा कराएंगे? और क्या वो पैसा ब्याज समेत देंगे या नहीं देंगे?

# मोटर दुर्घटना संषोधित नियमावली, 2022 तथा पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवादाता /धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश**

इसके प्रावधानों को जानना आवश्यक-सचिव।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 9322/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित न्यायालय निर्णय के आलोक में मोटर दुर्घटना के अध्याय- ग्यारह और बारह के प्रावधानों के सम्बन्ध में संवेदनशील बनाने हेतु और मोटर दुर्घटना संषोधन नियमावली, 2022 में शासनादेश सुनिश्चित करने हेतु सभी स्टेकहोल्डर को जागरूक करने के उद्देश्य से योजना भवन, औरंगाबाद में एक कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस जागरूकता सह कार्यशाला कार्यक्रम में जिले के सभी थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बिभाग से जुडे अन्य लोग उपस्थित रहें।

इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सम्बोनिधत करते हुए कहा कि चूंकि मोटर दुर्घटना वाद में सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर को मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, 2022 के नये प्रावधानों से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक किया जाना आवष्यक है, जिससे कि कोई भी दुर्घटना के बाद उनके दावे को लेकर किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो तथा आम जनमानस उक्त अधिनियम से सम्बन्धित तथ्यों से अवगत हो इसी उद्देश्य से आज का कार्यशाला किया गया।

इसके पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में इस विषय को लेकर कई चरणों में पूर्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें पैनल अधिवक्ता, बीमा कम्पनी तथा पुलिस पदाधिकारी द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाया गया है। सचिव द्वारा बताया गया कि आज का कार्यशाला द्वितीय चरण का हिस्सा है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने इस



कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बताया कि मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, 2022 के कई प्रावधान से आम जन मानस अवगत नहीं है तथा उन्हें इसकी अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है और इस जागरूकता सह कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यही है कि सम्बन्धित पदाधिकारी इस संशोधित नियमावली से अवगत होंगे तो इसका सीधा लाभ पक्षकारो को प्राप्त होगा। अभी लोगो में यह भ्रम की स्थिति है कि मोटर दुर्घटना सम्बन्धित वाद न्यायालय में नहीं दाखिल की जा सकती है परन्तु संदीप राज बनाम बिहार सरकार के मामले में माननीय पटना उच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दिया है कि उक्त वाद न्यायालय में दाखिल किये जायेंगें। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि पहले मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित वाद दाखिल करने हेतु समय सीमा निर्धारित नहीं थी परन्तु अब परिस्थिति बदल गयी है अब समय सीमा का निर्धारण कर दिया गया हैं। मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित वाद लाने हेतु समय सीमा घटना तिथि से छः माह है तथा उनके द्वारा यह बताया गया कि वाद को 12 महीने के अन्दर निष्पादित कर देना है साथ ही सचिव ने यह भी बताया कि नियमावली में कई प्रारूप दिये गये हैं जो अनुसंधानकर्ता, पीड़ित, चालक, वाहन मालिक, इन्शु-रेंन्स कम्पनी को निर्धारित समयानुसार प्रारूप में दिये गये सूचनाओं के प्रपत्र को भरना है। इसके साथ-साथ उनके द्वारा कई अन्य विन्दुओं और मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, के कानूनी पहलुओं पर जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिसका लाभ निश्चित रूप से पीड़ित को प्राप्त होगी।

आज के कार्यशाला का उद्देश्य मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, 2022 के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम से अवगत कराना था जिसमें पॉक्सो न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक श्री शिवलाल मेहता द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को पॉक्सो अधिनियम से सम्बन्धित कई कानूनी पहलुओं से अवगत कराया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर द्वारा इस कार्यशाला में बताया गया कि पॉक्सों अधिनियम बच्चों के विरूद्ध हो रहे किसी भी प्रकार के यौन अपराध पर लागू होता है जो 18 वर्ष से कम आयु के बालक या बालिका है। पॉक्सों अधिनियम बच्चों के विरूद्ध हो रहे निम्नलिखित मामलों में लागू होता है जिसमें लैगिंक हमला, बच्चों का अश्लील चित्रण करना, बच्चों से सम्बन्धित अश्लील साहित्य या अश्लील चलचित्र को रखना।

सचिव द्वारा बताया गया कि किसी भी बच्चें का जिसके विरूद्ध पॉक्सो का अपराध कारित हुआ है उसके नाम को या उसकी पहचान को मीडिया में किसी भी रूप में उजागर नहीं करना है तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज षिकायत पर कार्रवाई नहीं करना भी एक अपराध की श्रेणी में आता है । पॉक्सों अधिनियम के पीड़ित का बयान पीड़ित, पीड़िता के आवास अथवा पीड़ित, पीड़िता के द्वारा बताये गये स्थान पर यथासंभव किसी भी महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा ही लिया जायेगा। जिसमें पीड़ित, पीड़िता का बयान लेते समय पुलिस अपनी वर्दी में नहीं होगी तथा अन्वेषण के दौरान किसी भी प्रकार से पीड़ित, पीड़िता और अपराधी को आमने-सामने नहीं लाया जायेगा तथा पीड़ित, पीड़िता को थाने में रात्रि में किसी भी हालत में नहीं रखा जायेगा तथा पीड़ित, पीड़िता का ब्यान लेते समय पीड़ित, पीड़िता के अभिभावक अथवा कोई अन्य व्यक्ति जिसमें पीड़ित, पीड़िता अपना विश्वास करतें है के समक्ष ही लिया जायेगा। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि अगर पी-ड़ित, पीड़िता मानसिक या शारीरिक रूप से अक्षम है तो स्पेशल एडुकेटर की मदद ली जायेगी तथा पीड़ित, पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण वाद की जानकारी मिलने के फौरन बाद कराया जायेगा, चाहे उस समय प्राथमिकी दर्ज हुई हो अथवा नहीं हुई हो। पीड़ित, पीड़िता के जॉच कराते समय उनके अभिभावक अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति जिसमें वह विश्वास जाहिर करतें है उसकी मौजूदगी आवश्यक है। पॉक्सों अधिनियम न केवल घटना कारित होने के पश्चात बल्कि घटना कारित होने की संभावना वाले परिस्थिति में भी पॉक्सों अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उपयोग किया जा सकता है।

# सड़क दुर्घटना वाद के पीड़िता को मिला 08.5 लाख का मुआवजा।

**दैनिक समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण ,सहायक विधि संवाददाता / धनंजय कुमार ,विधि संवाददाता, बिहार - झारखंड प्रदेश।**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर के द्वारा औरंगाबाद मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या 54 /2018 के मृतक प्रमोद राम के पत्नी रूबी देवी निवासी बदरपुर थाना-कुटुंबा, औरंगाबाद को 08.5 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा बताया गया कि दिनांक 13.05.2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या क्रमशः 42/2018 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था।

उक्त घटना के सम्बन्ध में जानकारी मिली कि औरंगाबाद मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या 54/2018 में दिनांक 25-04-2018 को मृतक प्रमोद राम जो नाऊर और चंद्र गढ़ में रोजगार सेवक थे अपने कार्य क्षेत्र में



जाने क्रम में भुटकुर ग्राम के पास राष्ट्रीय राज मार्ग 119 पर एक हा-इवा जिसका निबंधन संख्या सी जी 22 ए सी 4353 ने उनकी मोटरसा-इकिल निबंधन संख्या बी आर 26 सी 1952 को टक्कर मार दिया था। जिससे प्रमोद राम की मृत्यु हो गयी थी।

चेक प्रदान करते हुए सचिव द्वारा पी-ड़िता को बताया गया कि चेक से सम्बन्धित राशि को परिवार के कल्याण में लगाये और इसका ज्यादा से ज्यादा सद्पयोग करें, जिससे कि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है और बीमा कम्पनी या पक्षकार से समझौते के उपरान्त प्राप्त चेक को पीड़ित को तत्काल प्रदान किया जाता है।

सचिव ने बताया कि आगामी 09-09-2023 को पुनः राष्ट्रिय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है अपने वादों को निस्तारण करवाने हेतु किसी भी कार्य दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं

# महान स्वतंत्रता सेनानी चंपारण आंदोलन के प्रणेता ब्रह्म भट्ट शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ला की मनाई गई जयंती समारोह- भाजपा नेत्री श्रीमती अर्चना राय भट्ट

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल .**

पटना (बिहार )- महान स्वतंत्रता सेनानी चंपारण आंदोलन के प्रणेता ब्रह्मभट्ट शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ला की जयंती समारोह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आयोजित किया गया. उक्त जानकारी भाजपा संयोजक सह राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कार्य समिति सदस्य झारखंड प्रभारी व निवेदक अखिल भारतीय ब्रह्म भट्ट विकास मंच के श्रीमती अर्चना राय भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने किया, वही मुख्य अतिथि के रूप में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय , विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार




सिन्हा , बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रदेश महामंत्री ललन मंडल , प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण, कार्यक्रम सह संयोजक प्रीतेश रंजन सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य झारखंड प्रभारी श्रीमती अर्चना राय भट्ट के नेतृत्व में ब्रह्मभट्ट समाज के सैंकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया. कार्यक्रम में ब्रह्मभट्ट समाज के पूर्व आ-ईएएस सतीश शर्मा , एल पी राय , पूर्व वैज्ञानिक रामचंद्र , शिवानी भट्ट ( गायिका ) , डी के पाल , ललन शर्मा आनंद राज, डॉक्टर विमल कुमार राय ( चिकित्सक ) , दीपक कुमार आदि सैंकड़ों की संख्या में मौजूद थे.

# 09 सितम्बर को आयोजित होगें राष्ट्रीय लोक अदालत।

**सुलहनीय वादों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराये, न्यायालय द्वारा अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा- जिला जज।**

**जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक।**

**दैनिक समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण, सहायक विधि संवाददाता / धनंजय कुमार, विधि संवाददाता बिहार-झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार) 29 अगस्त 2023 :- जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी द्वारा व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। इस बैठक में आगामी 09 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर समीक्षा किया गया।

बैठक मेंअपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री पंकज मिश्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , द्वितीय, श्री धनन्जय कुमार मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय श्री ब्रजेश कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , सप्तम-श्री सुनील कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , दशम श्री रत्नेश्वर कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, तृतीय श्री सुकुल राम अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्री सौरभ सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, चतुर्थ श्री राजेश सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, षष्टम श्री



मनीष कुमार पाण्डेय, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री योगेश कुमार मिश्रा, न्यायकर्ता मिस शोभा, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी श्रीमती नेहा दयाल, निधि जायसवाल, शोभित सौरभ, श्री ओम प्रकाश नारायण सिंह, श्री शाद रज्जाक सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर उपस्थित रहे।

समीक्षा के क्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय द्वारा अबतक किये गये तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया गया। जिला जज ने समीक्षा के दौरान अबतक विभिन्न न्यायालयों के द्वारा निर्गत नोटिस और उससे सम्बन्धित तामिला की जानकारी प्राप्त की एवं पक्षकारो के साथ आयोजित होने वाले प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया के सम्बन्ध में अबतक किये गये कार्यो की समीक्षा किया। जिला जज ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा झनिर्देश दिया। उनके द्वारा कहा गया कि अबतक जितने भी चिन्हित वाद न्यायालय में किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है उसकी तामिला की अवस्था की जानकारी यथाषीघ्र प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-कॉन्सेलिंग की प्रक्रिया सम्बन्धित न्यायालयो के साथ सामान्जस स्थापित करते हुए करें। जिला जज द्वारा सभी न्यायालय को प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया को और तेज करने के लिए प्रेरित किया तथा न्यायालय में लम्बित सभी तरह के सुलहनीय मामलो में पक्षकारो को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद को निस्तारित करने के लिए लगातार प्रेरित करते रहने के लिए निदेशित किया।

जिला जज द्वारा समीक्षा के दौरान खासकर न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में लम्बित मामलों पर विषेश ध्यान केन्द्रित करते हुए पक्षकारो के बीच सौहाद्रपूर्ण वातावरण रखने के लिए प्रेरित किया ताकि उन्हें अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन कराने में खुशी का भाव उत्पन्न हो और उनके माध्यम से आम जनमानस भी अपने-अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रेरित हो सके। जिला जज द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अबतक किये गये कार्यो को सराहा गया तथा कहा कि यह निरंतरता राष्ट्रीय लोक अदालत तक सभी को बनाये रखने की आवशकता है जिससे कि इसका प्रतिफल अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के मार्ग प्रशस्त करें और जिले का मान बढ़े।

इस समीक्षा बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में करने के लिए सोसल मिडिया, प्रेस, तथा पारा विधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से किया जा रहा है और इसके लिए मीडिया का सहयोग लिया जा रहा है और इसमें सभी का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है।

जिला जज द्वारा आम जनों से भी अपील किया है कि वे ज्यादा-से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करायें अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न होती हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करें।

# महान स्वतंत्रता सेनानी व कुशल संगठनकर्ता थे, निष्काम कर्म योगी डॉ० हार्डिकर - डॉ० संजय

## *पुण्यतिथि पर सेवा दल संस्थापक को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा /वरीय संवाददाता विश्वनाथ आनंद मगध प्रमंडल.**

पटना (बिहार )- कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक निष्काम कर्म योगी स्व० डॉ० नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 48वीं पुण्यतिथि सदाकत आश्रम पटना में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सभा मे उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकताओं सहित सभी कांग्रेस जनों ने स्व० सेवा दल संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने कहा कि सेवा दल के संस्थापक डॉ० हार्डिकर महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ निष्काम कर्म योगी थे. एक कुशल और दूरदर्शी संगठन कर्ता के रूप में



पूरे देश मे सेवा दल का संगठन का विस्तार किया था. डॉ यादव ने आगे कहा कि डॉ हार्डिकर का जन्म 7 मई 1889 को धारवाड़ (कर्नाटक प्रदेश) में हुआ था. सन 1923 में उन्होंने सेवादल की स्थापना की थी.आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. वे 1952 से 1962 तक राज्यसभा के सदस्य भी रहे थे.1960 में उन्हें 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया गया था. उनके आदर्शों और विचारों पर चलते हुये सभी को कांग्रेस सेवा दल का गाँव- गाँव तक विस्तार करना है. यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. इस अवसर पर श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालों में बिपिन झा, आशुतोष प्रसाद, राजकुमार, रूमा सिंह, अशोक कुमार, उमेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में सेवा दल पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कांग्रेस जन शामिल थे.

# उपहारा थाना में नये थानाध्यक्ष ने किया योगदान

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के उपहारा थाना में थानाध्यक्ष के पद पर एस आई किरण कुमारी ने मंगलवार की दोपहर थानाध्यक्ष के पद पर योगदान दिया है। थानाध्यक्ष ने कहीं कि थाना क्षेत्र में अमन-चैन एवं शांति की पहली प्राथमिकता होगी।सभी ग्रामीणों को मान सम्मान



के साथ उनकी समस्याओं को सुनी जाएगी। तथा प्राथमिकता के आधार पर ही समस्या का हल किया जाएगा।इस मौके पर उपस्थित उपहारा पंचायत के मुखिया चंद्र भूषण कुमार उर्फ गुड्डू ने अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया है। तो वहीं क्षेत्र के समाजसेवी विनय कुमार सिंह तथा बलौर गांव निवासी सोशल वर्कर चंदशेखर वर्मा ने नये थानाध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करने का कार्य किया है। इस मौके पर मौजूद एस आई महेंद्र तिवारी,ए एस आई उदय कुमार सिंह,एएस आई अजय कुमार, प्रभु शंकर सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# प्रगतिशील विश्वकर्मा विकास मंच ने किया शोक सभा का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के घेजना गांव में आधी रात को बेखौफ अपराधियों ने एक वृद्ध किसान रामचंद्र मिस्त्री को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या से मर्माहत विश्वकर्मा विकास मंच के सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व अवध सिंह स्मृति भवन में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील विश्वकर्मा विकास मंच के जिला संयोजक विनदेश्वरी शर्मा ने किया।जिला संयोजक शर्मा ने कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले बेखौफ अपराधियों को बेलगाम घुमने पर रोक लगाई जाए तथा हत्यारों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। अगर पुलिस हत्यारों को जल्द गिरफ्तार नहीं करती है। तो विश्वकर्मा विकास मंच के बैनर तले



हत्यारों को गिरफ्तारी के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक धरना प्रदर्शन की जाएगी। वहीं विश्वकर्मा विकास मंच के सदस्यों ने स्व मिस्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर नमन किया ।इस मौके पर संजय शर्मा, लालू मिस्त्री, विक्की कुमार, सिकन्दर कुमार,राम ईश्वर मिस्त्री, राजेश शर्मा, रोहित कुमार, अनिल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, संतोष शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बिहार सरकार से मांग! राज्य सरकार के द्वारा नवगठित प्रखंड एवं अंचल समन्वय समिति का अध्यक्ष प्रखंड प्रमुख को बनाया जाय- धर्मेन्द्र ।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार- झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार) प्रखंड प्रमुख कुटुम्बा धर्मेंद्र कुमार ने प्रेस नोट जारी कर.समाचार पत्र के माध्यम से बिहार सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हूए कहा है कि बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के पत्रांक संख्या- 228 दिनांक - 25/08/2023 के द्वारा प्रखंड समन्वय और अंचल समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमे प्रखंड समन्वय समिति का सदस्य सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी को जबकि अंचल समन्वय समिति का सदस्य सचिव अंचल अधिकारी को बनाया गया है। समिति का काम महीने मे कम से कम दो बार बैठक कर सभी विभाग की समीक्षा किया जाना हैं। पर इस समिति मे जनता के एक भी प्रतिनिधि को जगह नहीं दिया गया हैं जिससे गठित समिति के बैठक का कोई औचित्य ही नही रह जाता हैं। एक तरफ इस देश मे लोकतंत्र के मजबूती की बात की जाती हैं वही दूसरे तरफ लगातार जन प्रतिनिधियों का अधिकार मे कटौती किया जा रहा है जो की लोकतंत्र के भविष्य के लिए सही नहीं है। मैं बिहार सरकार से मांग करता हूँ की प्रखंड और अंचल समन्वय समिति मे जनता के प्रतिनिधि प्रखंड प्रमुख को अध्यक्ष बनाया जाय। ताकि विभागीय समीक्षा मे पारदर्शिता हो सके और बैठक के मूल उदेश्य को पूरा किया जा सके।

# मोटर दुर्घटना संषोधित नियमावली, 2022 तथा पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन।

**इसके प्रावधानों को जानना आवश्यक-सचिव।**

**दैनिक समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवादाता /धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार) माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 9322/2022 में 15.12.2022 को पारित न्यायालय निर्णय के आलोक में मोटर दुर्घटना के अध्याय- ग्यारह और बारह के प्रावधानों के सम्बन्ध में संवेदनशील बनाने हेतु और मोटर दुर्घटना संषोधन नियमावली, 2022 में शासनादेश सुनिश्चित करने हेतु सभी स्टेकहोल्डर को जागरूक करने के उद्देश्य से योजना भवन, औरंगाबाद में एक कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जागरूकता सह कार्यशाला कार्यक्रम में जिले के सभी थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बिभाग से जुडे अन्य लोग उपस्थित रहें।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सम्बोनिधत करते हुए कहा कि चूंकि मोटर दुर्घटना वाद में सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर को मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, 2022 के नये प्रावधानों से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक किया जाना आवष्यक है, जिससे कि कोई भी दुर्घटना के बाद उनके दावे को लेकर किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो तथा आम जनमानस उक्त अधिनियम से सम्बन्धित तथ्यों से अवगत हो इसी उद्देश्य से आज का कार्यशाला किया गया।

इसके पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में इस विषय को लेकर कई चरणों में पूर्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें पैनल अधिवक्ता, बीमा कम्पनी तथा पुलिस पदाधिकारी द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाया गया है। सचिव द्वारा बताया गया कि आज का कार्यशाला द्वितीय चरण का हिस्सा है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने इस कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बताया कि मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, 2022 के कई प्रावधान से आम जन मानस अवगत नहीं है तथा उन्हें इसकी अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है और इस जागरूकता सह कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यही है कि सम्बन्धित पदाधिकारी इस संशोधित नियमावली से अवगत होंगे तो इसका



सीधा लाभ पक्षकारो को प्राप्त होगा। अभी लोगो में यह भ्रम की स्थिति है कि मोटर दुर्घटना सम्बन्धित वाद न्यायालय में नहीं दाखिल की जा सकती है परन्तु संदीप राज बनाम बिहार सरकार के मामले में माननीय पटना उच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दिया है कि उक्त वाद न्यायालय में दाखिल किये जायेंगें।सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि पहले मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित वाद दाखिल करने हेतु समय सीमा निर्धारित नहीं थी परन्तु अब परिस्थिति बदल गयी है अब समय सीमा का निर्धारण कर दिया गया हैं। मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित वाद लाने हेतु समय सीमा घटना तिथि से छः माह है तथा उनके द्वारा यह बताया गया कि वाद को 12 महीने के अन्दर निष्पादित कर देना है साथ ही सचिव ने यह भी बताया कि नियमावली में कई प्रारूप दिये गये हैं जो अनुसंधानकर्ता, पी-ड़ित, चालक, वाहन मालिक, इन्शुरेंन्स कम्पनी को निर्धारित समयानुसार प्रारूप में दिये गये सूचनाओं के प्रपत्र को भरना है। इसके साथ-साथ उनके द्वारा कई अन्य विन्दुओं और मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, के कानूनी पहलुओं पर जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिसका लाभ निश्चित रूप से पीड़ित को प्राप्त होगी।

आज के कार्यशाला का उद्देश्य मोटर दुर्घटना संशोधित नियमावली, 2022 के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम से अवगत कराना था जिसमें पॉक्सो न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक श्री शिवलाल मेहता द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को पॉक्सो अधिनियम से सम्बन्धित कई कानूनी पहलुओं से अवगत कराया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर द्वारा इस कार्यशाला में बताया गया कि पॉक्सों अधिनियम बच्चों के विरूद्ध हो रहे किसी भी प्रकार के यौन अपराध पर लागू होता है जो 18 वर्ष से कम आयु के बालक या बालिका है। पॉक्सों अधिनियम बच्चों के विरूद्ध हो रहे निम्नलिखित मामलों में लागू होता है जिसमें लैगिंक हमला, बच्चों का अश्लील चित्रण करना, बच्चों से सम्बन्धित अश्लील साहित्य या अश्लील चलचित्र को रखना।

सचिव द्वारा बताया गया कि किसी भी बच्चें का जिसके विरूद्ध पॉक्सो का अपराध कारित हुआ है उसके नाम को या उसकी पहचान को मीडिया में किसी भी रूप में उजागर नहीं करना है तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज षिकायत पर का-र्रवाई नहीं करना भी एक अपराध की श्रेणी में आता है ।पॉक्सों अधिनियम के पीड़ित का बयान पीड़ित, पीड़िता के आवास अथवा पीड़ित, पीड़िता के द्वारा बताये गये स्थान पर यथासंभव किसी भी महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा ही लिया जायेगा। जिसमें पीड़ित, पीड़िता का बयान लेते समय पुलिस अपनी वर्दी में नहीं होगी तथा अन्वेषण के दौरान किसी भी प्रकार से पीड़ित, पीड़िता और अपराधी को आमने-सामने नहीं लाया जायेगा तथा पीड़ित, पीड़िता को थाने में रात्रि में किसी भी हालत में नहीं रखा जायेगा तथा पीड़ित, पीड़िता का ब्यान लेते समय पीड़ित, पीड़िता के अभिभावक अथवा कोई अन्य व्यक्ति जिसमें पीड़ित, पीड़िता अपना विश्वास करतें है के समक्ष ही लिया जायेगा। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि अगर पीड़ित, पीड़िता मानसिक या शारीरिक रूप से अक्षम है तो स्पेशल एडुकेटर की मदद ली जायेगी तथा पीड़ित, पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण वाद की जानकारी मिलने के फौरन बाद कराया जायेगा, चाहे उस समय प्राथमिकी दर्ज हुई हो अथवा नहीं हुई हो। पीड़ित, पीड़िता के जॉच कराते समय उनके अभिभावक अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति जिसमें वह विश्वास जाहिर करतें है उसकी मौजूदगी आवश्यक है। पॉक्सों अधिनियम न केवल घटना कारित होने के पश्चात बल्कि घटना कारित होने की संभावना वाले परिस्थिति में भी पॉक्सों अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उपयोग किया जा सकता है।

## कोहिनुर स्टील में जे बी के एस एस के नेतृत्व में त्रिपक्षीय वार्ता सफल, कामगारों में खुशी का लहर

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड) 29 अगस्त 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल प्रखंड के खुचींडीह में स्थित कोहिनुर स्टील कंपनी के कामगार अपने छह सूत्री मांगों के समर्थन में दो दिन तक 27 व 28 अगस्त को कंपनी परिसर के समक्ष झारखंडी भाषा खतियानी समिति चांडिल अनुमंडल इकाई के सक्रिय सदस्य तरुण महतो के नेतृत्व में धरना दिया। सोमवार देर शाम कंपनी प्रबंधन, कामगार एवं झारखंडी भाषा खतियानी समिति चांडिल अनुमंडल इकाई के सक्रिय सदस्य तरुण महतो आदि के उपस्थिति में त्रिपक्षीय वार्ता सफल रहा। कंपनी प्रबंधन ने लिखित दिया कि सभी को सूचित करता है की सरकार द्वारा दिए गए 01 अप्रैल 2023 अमेडमेंट के अनुसार सभी कंपनी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा रहा है। अकुशल - 8996.34, अर्धकुशल झ 9424:86, कुशल झ 12423.87 व अतिकुशल 14351.39 रूपए पिछला बकाया अगले 6माह के भीतर जमा किया जायेगा। सभी कर्मचारियों को साप्ताहिक छुट्टी दी जाती है एवं छुट्टी का पैसा उन्हें दी



मासिक वेतन दिया जायेगा। अन्तर राशि का भुगतान 1 अप्रैल 23 से एरियर के रूप में भुगतान अगले भुगतान में किया जायेगा। वर्तमान मासिक का पी एफ व ई एस आई का राशि की भुगतान नियमित रूप से प्रतिमाह किया जा रहा है एवं जाती हैं। सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण यथा शीघ्र उपलब्ध करा दिया जायेगा। सभी उपकरणों का समय-समय पर समुचित मेंटन किया जाता है, कमी को यथाशीघ्र पूरा किया जायेगा।मासिक वेतन का भुगतान 2 माह में किया जायेगा।

## राशन डीलर व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विधायक ने किया बैठक

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़- सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड सभागार में मंगलवार को विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में राशन डीलरों, पदाधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों का संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने डीलरों को राशन समय पर उपलब्ध कराने, लाभूकों को समय पर और सही माप के साथ उपलब्ध कराने, दिसम्बर माह का राशन उपलब्ध कराने, राशन में डीलरों को कटौती करने का मामला छाया रहा। अधिकांश राशन डीलरों का अगस्त का अनाज नील कर दिया गया है, जिससे डीलर राशन वितरण करने में सक्षम नहीं है। प्रति महिना राशन में कटौती करने से डीलरों का दर्द साफ झलक रहा था। डीलरों को कोरोना काल का भी कमीशन नहीं मिलने का मामला उठाया गया। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने समय पर राशन उपलब्ध कराने, राशन कार्ड से नाम हटाने व जोड़ने को सुगम बनाने का मांग किया।



पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाते हुए मांग उठाया कि जिस लड़की का सादी अन्य जगहों पर हो गया है, वैसे नामों को हटाने के लिए लोगों को आपूर्ति कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है । वहीं डीलरों ने समय पर अनाज आपूर्ती करने , दिसम्बर 2022 का अनाज आपूर्ति करने , कोरोना काल का कमीशन देने का मांग किया है। बैठक का संचालन बीडीओ किकु महतो ने किया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि आज बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों व डीलरों का समस्याओं को सुना गया एवं दोनों पक्षों का समस्याओं को लेकर उच्च पदाधिकारी से बात कर इसे दुर करने का पहल किया जाएगा । उन्होंने कहा कि समय पर अनाज आपूर्ती करने को एमओ को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि लाभूकों को हर हाल में बीना कटौती किए समय पर अनाज आपूर्ती करने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर सीओ भोलाशंकर महतो, एमओ राजकुमार रजक, एजीएम किरिटी भूषण गोप, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, किसुन किस्कू, बिपीन सिंह मुण्डा, निताई उरांव आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री पहुँचे बोडाम के अंधारझोर गांव शिल्पकारों का बढ़ाया उत्साह, बोले- हुनर को मिलेगी पहचान, शहर में दिलायेंगे उत्पादों के लिए स्थान

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : जिले के स्थानीय शिल्पकारों के उत्पाद को सही मार्केट तथा उनके उत्पाद को उचित मूल्य मिले इस दिशा में जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रयत्नशील हैं। इसी क्रम में आज बोड़ाम प्रखंड के सुदूर अंधारझोर गांव में शिल्पकारों से मुलाकात करने पहुंचे । मौके पर उन्होने शिल्पकारों से तबला, मांदर, ढोल, मृदंग आदि को बनाने में लगने वाला समय, लागत, निर्माण सामग्री, मार्केट तथा उनके उत्पाद को मिलने वाले मूल्य की जानकारी ली । 70 परिवारों का गांव अधारझोर के ग्रामीणों ने बताया कि कई पीढ़ियों से उनका गांव शिल्पकला को संरक्षित रखने का कार्य कर रहा है लेकिन लागत के अनुपात में मूल्य नहीं मिलने तथा बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग इससे विमुख भी होने लगे हैं। गांव के बुजुर्ग तो यदा कदा यह कार्य कर भी रहे हैं लेकिन युवा इसमें कम आमदनी को देखते हुए दूसरे पेशा को अपनाने लगे हैं।

अंधारझोर के शिल्पकारों ने उपायुक्त को बताया कि साक्ची संजय मार्केट के पास बने बजरंगबली मंदिर के सामने खाली स्थान में 40-50 वर्षों से दुकान लगाते आ रहे थे जहां से विस्थापित कर दिया गया । प्रमाण स्वरूप उन्होने 1985 का टिस्को बाजार टोल, जमशेदपुर की पर्ची भी दिखाया । वहीं अब बाजार नहीं मिलने से अपने उत्पाद को नहीं बेच पाने एवं इससे उत्पन्न आर्थिक



कठिनाईयों से भी अवगत कराया। उन्होने उपायुक्त से जगह उपलब्ध कराने का निवेदन भी किया ।

**जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने बढ़ाया हौसला, कहा- बाजार और योजना का लाभ दोनों मिलेगा**

अंधारझोर से लौटने के पश्चात जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त सीधे साक्ची पहुंचे जहां उन्होने संजय मार्केट के पास खाली स्थान में विश्वकर्मा प्वाइंट बनाने की संभावनाओं को देखा । इस प्वाइंट पर शिल्पकारों के लिए मार्केट विकसित करने पर विचार किया गया । वहीं शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 15 हजार रू का टूलकीट उपलब्ध कराने का निर्देश मौके पर मौजूद जिला उद्यमी समन्वयक को दिया । उस गांव की महिलाओं को भी जेएसएलपीएस एवं आरसेटी प्रशिक्षण अंतर्गत मशरूम, अगरबत्ती निर्माण आदि का प्रशिक्षण देते हुए स्वरोजगार से जोड़ने का निदेश दिया गया ।

**अंधारझोर में 30 अगस्त को लगेगा कैम्प**

अंधारझोर में कुछ ग्रामीणों ने पीएम आवास स्वीकृत नहीं होने की बात बताई, उपायुक्त द्वारा अबुआ आवास योजना से आच्छादित किए जाने को लेकर आश्वस्त किया गया । साथ ही बीडीओ बोड़ाम को 30 अगस्त को कैम्प लगाकर आवास नहीं मिलने वाले लाभुकों की सूची बनाने, दिव्यांग, विधवा को पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिए । ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी निर्माण के लिए भूमि दान करने की बात कही।

इस दौरान शिल्पकार मेघनाथ रूहिदास, गोपाल रूहिदास सहित अन्य ने भावुक होकर उपायुक्त के गांव आगमन पर खुशी जाहिर किया । गनाधर रूहिदास ने उपायुक्त का फोटो उपहार स्वरूप भेंट किया ।

## डिग्री कॉलेज उद्घाटन के लिए रणनीति के तहत बैठक किया गया।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा (झारखंड)**

29 अगस्त मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड कार्यालय मे पार्टी की ओर से एक बैठक किया गया। जिससे डिग्री कॉलेज फतेहपुर का विधिवत उद्घाटन 6 सितम्बर किया जाना है।पार्टी के निर्देश के आलोक मे 10 बजे मुर्गाबनी से बाईक रैली करते फतेहपुर बाजार तक आना है फिर डिग्री कॉलेज मे उद्घाटन समारोह मे भाग लेंगे। प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक महतो ने यह भी बताया कि अनुशासित रूप से रैली को करना है जिसमे पार्टी के सभी कार्यकर्त्ता अपना अपना उपस्थिती दर्ज करना है। पंचायत अध्यक्ष हिदायत मिया ,सयीम अंसारी,अशोक



सिंह, शिवाधन ,सुखेन मंडल जिला सचिव परेश यादव प्रखण्ड सचिव वकील सोरेन प्रखण्ड उपाध्यक्ष गौतम महतो ,सुकुमार बाउरी ,विस सूत्री सदस्य असीम मंडल,कामेश मंडल, राजेश मंडल, अनन्त यादव आदि

## देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज का विरोध: प्रखंड कार्यालय मे धरना प्रदर्शन।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)29अगस्त 2023:-जिले के हंटरगंज प्रखंड मे मंगलवार को देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध मे सैकड़ो की तादाद मे आम जनता द्वारा प्रखंड कार्यालय हंटरगंज मे धरना प्रदर्शन किया गया। जनसमूह दंतार मे एकत्र हो कर सीधे हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंची जहा लोगो ने जम कर देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के खिलाफ नारेबाजी की । जिसमे पंचायत संघर्ष समिति दंतार के सदस्यो द्वारा भाग लिया गया। लोगो के द्वारा लगातार सरकार के विरोध मे नारे लगाए जा रहे थे उनका कहना था की देवरी डुमरी फायरिंग रेंज के लिए सालो से बसे जमीन से हम लोग नही हटेंगे ।और जल जंगल जमीन हमारा है के नारे लगातार लगाए जा रहे थे ।

## कांग्रेसियों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 अगस्त 2023 :झजिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के लोकप्रिय अध्यक्ष राजेश ठाकुर का जन्मदिन स्वर्णरेखा गेस्ट हाउस आदित्यपुर में उपस्थित कांग्रेसी जनों के बीच केक काटकर मनाया गया। **सभी ने राजेश ठाकुर के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की।**

इस मौके पर अंबुज कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राजेश ठाकुर का 2 वर्ष का कार्यकाल बहुत ही प्रभाव कारी एवं सांगठनिक दृष्टिकोण से उद्देश्य पूर्ण रहा है। आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में आदरणीय राजेश ठाकुर के



नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी झारखंड में शानदार प्रदर्शन करेगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सुरेश धारी ,नगर अध्यक्ष राहुल यादव, दल के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मुन्ना वरिष्ठ नेता समरेंद्र नाथ तिवारी जिला उपाध्यक्ष जमाल अशरफ बबन जिला महासचिव खिरोद सरदार कोषाध्यक्ष सिद्धेश्वर उपाध्याय पूर्व नगर अध्यक्ष अवधेश सिंह रमाशंकर पांडे महासचिव कुणाल राय ,संदीप गोप ,अरुण पांडे ,रमेश ठाकुर ,दीपक यादव, रमेश महतो ,राकेश ठाकुर ,नितेश सिंह, गणेश सरदार ,अभिषेक पांडे, दिलीप महतो, राहुल प्रमाणिक ,दीपक झा आदि उपस्थित रहे.

## अनियंत्रित ट्रक घर व बिजली पीलर को तोड़कर खाइ में घुसा

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर झाड़ुआ गांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर व एक बिजली खंभे को मारकर खाइ में जा घुसी। बिजली खंभा टुट गया और घर का एक दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रहा कि बिजली आपूर्ति उस समय बंद था, जिससे ट्रक में आग लगने से बच गया। मिली जानकारी के अनुसार अनियंत्रित ट्रक रामगढ़ से जमशेदपुर कि ओर जा रहा था, कि अचानक अनियंत्रित होकर बिजली खंभा को तोड़ते हुए एक घर का दीवार से टकराते हुए खाइ में घुस गया।



बिजली खंभा टुट जाने से गांव में बिजली आपूर्ति अनिश्चित काल के लिए बाधित हो गई। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं आवस्यक कारवाई में जुट गई। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी भी घटना स्थल पर पहुंचे व क्षतिग्रस्त बिजली खंभा,तार आदि का जायजा लिया। ग्रामीणों ने खंभा लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने का मांग बिजली कर्मचारियों से किया । फिलहाल ट्रक को खाइ से नहीं उठाया गया है। बताया जा रहा है कि जबतक ट्रक को नहीं हटाया जाएगा तब तक बिजली खंभा लगाने एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य भी बाधित रहेगा ।

## गम्हरिया: बीते रविवार को आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सातबोहनी जमालपुर के जुलुमटांड़ में हेमचंद्र महतो के अवैध कब्जा

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )29 अगस्त 2023**

अनाबाद बिहार सरकार की जमीन पर बबलू यादव द्वारा कराए जा रहे बोरिंग का पास के ही दूसरे बस्ती धिराजगंज के युवक रात के करीब डेढ़ बजे यह कहते हुए आ धामके कि वन विभाग की जमीन पर किसके इजाजत से बोरिंग करवाया जा रहा है` युवकों में प्रसनजीत घोष, मंगल सोरेन, सोरूप सोरेन, कार्तिक सरदार एवं बबलू सरदार शामिल थे` जिसका बबलू यादव ने यह कहते हुए विरोध किया कि दूसरे बस्ती का होकर हमारी बस्ती में रात के वक्त क्यों आए हो` जिस पर दोनों ओर से तू- तू- मैं- मैं के बाद हाथापाई की नौबत आ गई` बता दे कि रविवार की रात को ही मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोरिंग गाड़ी को जप्त कर लिया और अपने साथ थाना ले गए` इधर सोमवार को प्रसनजीत घोष एवं अन्य युवक जिसमें स्वरूप सोरेन, मंगल सोरेन, बबलू सरदार सहित अन्य दो युवकों



ने खुद को जिम्मेदार नागरिक बताते हुए वन भूमि की जमीन पर बोरिंग का विरोध करने पहुंचने पर असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है` इधर मंगलवार को बबलू यादव ने आदित्यपुर थाने में उक्त युवकों पर बोरिंग के एवज में मुर्गा-दारू पार्टी के लिए दस हजार रुपए रंगदारी की मांग करने के विरोध में मारपीट की बात कहते हुए शिकायत दर्ज कराया है` दर्ज शिकायत में बबलू यादव ने बताया कि जिस जमीन को वनभूमि बताकर आधी रात को दूसरे बस्ती से असामाजिक तत्व खुद को जिम्मेदार नागरिक बताकर विरोध करने पहुंचे थे उन्हें यह जानना जरुरी था कि वह जमीन किसकी है` उन्होंने जमीन से जुड़े दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे हैं ` फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के शिकायत के आधार पर जांच में जुट गई है`

## पतंजलि युवा भारत का राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एकदिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत पोखोरिया गांव में पतंजलि युवा भारत का एक दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हुआ प्रतियोगिता का उद्घाटन भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट्स के वरीय प्रबंधक राजीव कुमार, समाजसेविका कुमकुम सिंह, शिखा शर्मा और पतंजलि जिला युवा प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया। एक दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में पोखरिया गांव और आसपास के लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें सूर्य नमस्कार, यौगिक जॉगिंग, योगासन, फुटबॉल और दौड़ प्रतियोगिता प्रमुख है। फुटबॉल प्रतियोगिता में "देशभक्ति" टीम ने "युवा शक्ति" टीम पर 2- 0 से जीत हासिल की। योगासन प्रतियोगिता में जयंती महतो को प्रथम, सुमित महतो को द्वितीय तथा बुधराम महतो को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में बुद्धोधन महतो को प्रथम, रिंकी महतो को द्वितीय तथा जयंती महतो को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। यौगिक जॉगिंग प्रतियोगिता में सुमित महतो को प्रथम, सुसेन महतो को द्वितीय तथा सोना मुनि नाग को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केवल लड़कियों के लिए 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सरस्वती महतो को प्रथम, शर्मिला महतो को द्वितीय तथा लक्ष्मी महतो को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम को सफल



बनाने में पतंजलि कार्यालय प्रभारी वंशीधर प्रमाणिक प्रखंड युवा प्रभारी गौतम महतो, पोखोरिया गांव स्थित पतंजलि बाल संस्कार शाला के शिक्षक फाल्गुनी महतो, पतंजलि प्रखंड भारत स्वाभिमान प्रभारी सुशांत कुमार बनर्जी, प्रखंड पतंजलि योग समिति प्रभारी रामकृष्ण महतो, किशोर महतो, हरिश्चंद्र महतो, मृत्युंजय महतो एवं दीपक महतो की सराहनीय भूमिका रही।

## पाण्डेयपुरा : अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)29अगस्त 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे सोमवार की रात अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी संजय यादव पिता कृष्णा यादव जो गेंजना नावाडीह के निवासी है जो अभी कुछ ही समय पहले पाण्डेयपुरा मे जमीन लेकर नया मकान बनाया था और उसमे रह रहे थे अभी कुछ समय से ये और इनका परिवार अपने पैतृक गाव नावाडीह मे रह रहा था जिसका फायदा उठा कर उक्त घटना को अंजाम दिया गया।पीड़ित संजय यादव ने बताया की चोरो ने बगल के छत से कूद कर घर मे दाखिल हुए और घर मे रखे जरूरत के सामान दो बैटरी ,गैस की



टंकी वायरिंग के सामान जैसे तार बल्ब उनके और उनके परिवार के नये पुराने कपड़े जैसे जरूरी सामान चोर ले के चम्पत हो गये। बताते चले की चोरी की घटना को लेकर आये दिन पाण्डेयपुरा सुर्खियों मे रहा है और अगर देखा जाये तो घटनास्थल से पाण्डेयपुरा पिकेट की दूरी महज आधा किलोमीटर जो कही ना कही पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर सवालिया निशान उठा रहा है। लोगो का कहना है की लगातार हो रहे अपराध को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सक्रिय हो कर गस्ती करने की जरूरत है।

## कोयला लदा ट्रक में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचा चालक

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल:चौका-कांड्रा सड़क पर चौका थाना क्षेत्र के पालगम मोड़ के पास कोयला लदे ट्रक में अचानक आग लग गई. आग लगने के बाद कोयला भी जलने लगा. इसके कारण कुछ ही मिनटों में पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा. आग की लपटें और काला धुआं दूर तक दिखाई देने लगा. सड़क पर चलने वालों के बीच अफरा-तफरी मच गई. सड़क किनारे ट्रक के धू-धू कर जलने के कारण कुछ ही देर में वाहनों का आवागमन बंद हो गया. बताया जा रहा है कि ट्रक चौका की ओर से कांड्रा की ओर जा रहा था. सड़क पर ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही चौका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने आग पर काबू पाने के लिए तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी. सूचना मिलने के बाद एक दमकल घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाने में लग गया. मौके पर पहुंचे चौका थाना प्रभारी



अभिषेक प्रताप ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है. घटना के बाद ट्रक का चालक सुरक्षित है. सूत्रों के अनुसार ट्रक पर लगभग 22 टन कोयला लेकर वह मध्यप्रदेश के सिंगरौली से सरायकेला जा रहा था. इस दौरान ट्रक में आग लग गई. पता लगाया जा रहा है कि ट्रक में आग कैसे लगी. उन्होंने आशंका जताई कि हो सकता है कि शॉट सर्किट से ट्रक में आग लगी हो. हालांकि जांच के बाद इसका खुलासा हो पाएगा. इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

## पंचायत समिति सदस्य ने किया पुत्री के जन्मदिन पर पौधारोपण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 अगस्त 2023:झ छोटा गम्हरिया के पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह एवं वर्तमान पंचायत समिति सदस्य श्रीमती पूजा सिंह की सुपुत्री अपूर्वी के प्रथम जन्मदिन के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छोटा गम्हरिया पंचायत श्री परशुराम वाटिका में दर्जनों फलदार एवं छायादार पौधारोपण किया गया कसाथ ही यह भी संदेश दिया गया कि इस सृष्टि के लिए बेटी और पेड़- पौधे दोनों ही महत्वपूर्ण है क जन्मदिन के मौके पर हम बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं इसके साथ ही उनके स्वस्थ भविष्य के लिए भी हमें प्रतिबद्ध होना होगा इस मौके पर उपस्थित



सभी लोगों ने अपने जीवन में होने वाले सभी शुभ कार्यों पर एक-एक वृक्ष पर्यावरण को उपहार देने का संकल्प भी लिया

इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती पूजा सिंह, पंचायत समिति सदस्य श्री विकास कुमार शर्मा, भाजपा की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू, प्रखंड अध्यक्ष श्री अमित सिंह देव, जलेश्वर सिंह,दलबीर सिंह, सत्यनारायण मिश्रा, सपन महतो, अमरजीत सिंह, सीमनतन महतो, राजन शाह, अंकित कुमार, अर्पित सिंह, संतोष माझी, अजय माझी, पूजा कुमारी, अक्षिता सिंह सम्मिलित हुए '

## चलाया गया एंट्री क्राइम चेकिंग

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर टीकर में मंगलवार को थाना प्रभारी गौरव मिश्रा के नेतृत्व में एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में हेलमेट, लाइसेंस आदि कागजातों का जांच किया गया। वहीं डिक्की,बैग आदि का तलाशी लिया गया। दो पहिया व चार पहिया वाहनों को रोक रोक कर जांच किया



गया। लोगो को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल के लिए लगातार एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## कांग्रेसी नेता अजय साहू ने प्रदेश अध्यक्ष से मिला, संगठन पर किया चर्चा

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ के युवा कांग्रेस नेता अजय कुमार साहू ने मंगलवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को सरायकेला-खरसावां जिले की वर्तमान हालात से अवगत कराया साथ ही जिले में संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने भी संगठन की मजबूती को लेकर कुछ अहम दिशानिर्देश दिए। श्री साहू ने कहा कि जिले में



पार्टी को बुलंदी पर पहुंचाने के लिए वे समर्पित ढंग से कार्य कर रहे हैं। वहीं श्री साहू ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर क्षेत्र में संगठन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए, पार्टी को ओर मजबूत बनाने की दिशा में कार्य योजना तैयार कर बुथ स्तर तक कार्यकर्ता सम्मेलन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सिद्धांतों को घर घर पहुंचाने की जरूरत है।

## सरायकेला : सरायकेला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता मे जिला स्तरीय अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न हुई.

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )29 अगस्त 2023 बैठक मे कुल 12 मामले पर बिंदुवार चर्चा की गई. जिसमें सर्व सहमति से 11 मामले पर नियुक्ति के लिए स्वस्कृति प्रदान की गई. उपायुक्त नें कहा की वैसे मामले जिन्हे स्वकृति के लिए अनुसंसित किया गया है उनके सम्बन्धित विभाग को सूचित करे तथा आवेदन मे संलग्न सभी दस्तावेजो का वेरिफिकेशन बेहतर ढंग से कराने का दिशा निर्देश दिया गया. बैठक मे उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त श्री प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी, स्थापना उप समहर्ता एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें.